जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, शुक्रवार, 07 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 49 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रु.



कैटरीना कैफ ने किया 'ससुराल गेंदा फूल' गाने पर डांस...
पेज-09

## न्यूज़ ब्रीफ

### झारखंड विस. में बाबूलाल मरांडी नेता प्रतिपक्ष

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बीजेपी ने बाबूलाल मरांडी को विधायक दल के नेता की जिम्मेदारी दी है। गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में उनको विधायक दल का नेता चुना गया। इस तरह मरांडी झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे। बाबूलाल मरांडी वरिष्ठ नेता हैं।

### हार्वर्ड कैनेडी स्कूल से राघव चड्ढा को आमंत्रण

**नई दिल्ली।** आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को अमेरिका के प्रतिष्ठित हार्वर्ड कैनेडी स्कूल ने अपने ग्लोबल लीडरशिप प्रोग्राम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह सम्मान राघव चड्ढा के राजनीति, नवाचार और समाज सेवा को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाता है। राघव चड्ढा ने कहा कि निमंत्रण पाकर मैं बेहद सम्मानित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं।

### गुरुग्राम में विदेशी महिला ने की आत्महत्या

**नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर के गुरुग्राम में एक 34 वर्षीय विदेशी महिला ने दोपहर 12 बजे डीएलएफ फेज-5 के पार्क प्लेस की 14वीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या की। मृतका की पहचान मडोका के तौर पर आमने आई है, जो की जापान की रहने वाली थी। मृतका 24 सितंबर को अपने बच्चों के साथ भारत आई थी और डीएलएफ फेज-5 के पार्क प्लेस सोसाइटी में रह रही थी।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कल

# 'लखपति दीदी' कार्यक्रम में शामिल होंगे पीएम

### गुजरात के वानसी-बोरसी में होगा कार्यक्रम
### 1.1 लाख से अधिक महिलाएं लेंगी हिस्सा
### महिला पुलिस संभालेंगी कानून-व्यवस्था





लखपति दीदी (फाइल फोटो)

**अहमदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च)के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के नवसारी जिले के वानसी-बोरसी में 'लखपति दीदी' कार्यक्रम में शामिल होंगे। 'लखपति दीदी' कार्यक्रम में 1.1 लाख से अधिक महिलाओं के शामिल होने की आशा है।

'लखपति दीदी' योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद करके उन्हें सशक्त बनाना है, जिसका लक्ष्य देश भर में कम से कम दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना है। यह कार्यक्रम पुलिसिंग के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर स्थापित करेगा, क्योंकि कानून और व्यवस्था के सभी पहलुओं के साथ-साथ कार्यक्रम की व्यवस्था भी महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा प्रबंधित की जाएगी। इस कार्यक्रम में कुल 2,165 महिला कांस्टेबल, 187 महिला पीआई, 61 महिला पीएसआई, 19 महिला डीवाईएसपी, 5 महिला डीएसपी, 1 महिला आईजीपी और 1 महिला एडीजीपी पूरे कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगी और इसके सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेंगी। इस कार्यक्रम का प्रबंधन महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा।

## फोरलेन पर गुरुवार तड़के बड़ा हादसा

# ट्रोलर-कार की टक्कर से छह लोगों की मौत, एक घायल

### अहमदाबाद से जालोर जा रहे थे कार में सवार लोग





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** फोरलेन पर गुरुवार तड़के विनायक पेट्रोल पंप के पास कार ट्रोलर से टकरा गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार एक महिला व दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार अहमदाबाद से जालोर जा रही कार तड़के करीब साढ़े तीन बजे ट्रोलर से टकरा गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी की कार के पर परखच्चे उड़ गए। तेज धमाके के साथ हुई दुर्घटना के चलते आसपास के रहवासी मौके पर पहुंचे। लोगों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन, सफल नहीं हुए।

सदर पुलिस व 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। जिस पर 108 एंबुलेंस पायलट राजेश कुमार व सदर पुलिस मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद लोगों के सहयोग से कार में फंसे मृतकों के के शव को बाहर निकाल गया। मृतकों के शव को मोर्चरी में रखवाया गया। वहीं घायल महिला दरियादेवी पत्नी पुखराज प्रजापत को गंभीरवस्था में आकराभट्टा स्थित उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। लेकिन, उसकी हालत चिंताजनक होने पर उसे उपचार के लिए सिरोही रेफर कर दिया गया। सिरोही पीएमओ डा वीरेंद्र महात्मा के अनुसार दरियादेवी की स्थिति गंभीर होने पर उसे सिरोही से भी उदयपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरु कर दी।

### दुर्घटना में इनकी हुई मौत

हादसे में जालोर के कुम्हारों का वास निवासी नारायणलाल पुत्र नरसाराम प्रजापत, पोशीदेवी पत्नी नारायण प्रजापत, दुष्यंत पुत्र नारायण प्रजापत, कार चालक कालूराम पुत्र प्रकाशकुमार, यश पुत्र कालूराम, जयदीप पुत्र पुखराज प्रजापत की मौत हो गई।

### कलक्टर एसपी पहुंचे मोर्चरी

हादसे की सूचना पर जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, एसपी अनिलकुमार मोर्चरी पहुंचे। हताहतों के परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं आबूरोड उपखंड अधिकारी शंकरलाल मीणा, देलदर तहसीलदार डूंगर पुरोहित, सदर थाने के उप निरीक्षक गोकुलराम भी मोर्चरी पहुंचे। डॉ.भरत बामनिया व डॉ. रौनक माथुर ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई को अंजाम दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किए गए।

# निर्धारित हो हज यात्रा का हवाई किराया: सुप्रीम कोर्ट

### याचिकाकर्ता किराए की जानकारी सरकार को दें



**नई दिल्ली।** हज यात्रा के लिए हवाई किराया तय किए जाने को लेकर सवाल उठाने वाली याचिका में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता सरकार के समक्ष रिप्रेजेंटेशन दे। एक हफ्ते के भीतर सक्षम प्राधिकार उस पर फैसला लेकर इसकी जानकारी सार्वजनिक करें। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि शिकायत में यह बताया गया है कि जहां हवाई किराया 86,000-85,000 रुपए लिया जाता है, वहीं कालीकट से जेद्दा तक यात्रा करने वालों से एक लाख रुपए लिया जाता है। जो कि बिल्कुल ही मनमाने तौर पर लिया जा रहा है।

यह अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की ओर से तय किया गया है। इस अदालत के लिए किसी नीतिगत निर्णय पर कोई राय व्यक्त करना विवेकपूर्ण नहीं है। लेकिन, इसे अस्वीकार कर दिया गया तो इस अदालत का कोई भी दृष्टिकोण हज यात्रा के लिए प्रतिकूल होगा और इससे उन्हें कठिनाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एएसजी नटराज का कहना है कि दिए गए रिप्रेजेंटेशन की जांच की जाएगी

## हरियाणा में परिवार का फर्जीवाड़ा

# तलाकशुदा बताकर लीं सरकारी सुविधाएं

### छह हजार जोड़ों ने लगाएं फर्जी कागजात

### तीन आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा में फर्जीवाड़े का एक नया मामला सामने आया है। यह फर्जीवाड़ा गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं को लेने के लिए किया जा रहा है।

राज्य सरकार की ओर से लागू परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में छेड़छाड़ कर बीपीएल श्रेणी के लिए तय सालाना आय 1.80 लाख रुपए से कम दिखाई जा रही है।

इस फर्जीवाड़े का खुलासा पिछले साल नवंबर में हुआ था। झज्जर पुलिस ने 30 नवंबर 2024 के इस मामले में फर्जीवाड़े को अंजाम देने वालों के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की कोर्ट में चालान पेश किया है।

### शिकायतकर्ता ने ही किया फर्जीवाड़ा

पुलिस के अनुसार, छह हजार जोड़ों ने तलाक के फर्जी कागजात लगाकर परिवार पहचान पत्र में परिवार विभाजित करा लिया। मामले की जांच की गई तो इसमें पता चला कि शिकायतकर्ता योगेश ने ही अपने दोस्तों विकास और अमित के साथ मिलकर पीपीपी में बदलाव किए थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में दो अन्य आरोपियों गीता और सिकंदर के नाम सामने आने पर उन्हें भी गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी फिलहाल जेल में हैं।

### 12 हजार परिवार पत्रों में बदलाव

जांच में पता चला कि हरियाणा के करीब 12 हजार परिवार पत्रों में बदलाव किए गए हैं। मामले सामने आने के बाद जांच तेज हो गई है। अब पीपीपी छेड़छाड़ केस में कई अन्य लोग भी रडार पर हैं। इनमें एसएससी संचालक के अलावा क्रीड पंचायत लेवल ऑपरेटर, लोकल कमेटी लेवल ऑपरेटर भी शामिल हैं।

# देहरादून में 11 मदरसे सील

### धामी सरकार का फैसला

**देहरादून।** देहरादून प्रशासन ने 28 फरवरी को जिले में 11 मदरसों को सील कर दिया। यह कार्रवाई इन मदरसों के राज्य मदरसा बोर्ड और शिक्षा विभाग में पंजीकरण न होने के कारण की गई। प्रशासन के इस कदम का मुस्लिम संगठनों ने विरोध किया और इसे अवैध बताया। राज्य सरकार ने जनवरी में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले एक सत्यापन अभियान चलाया था। इसके तहत मदरसों की जांच की गई और रिपोर्ट सार्वजनिक की गई। देहरादून के जिलाधिकारी सोनिया बंसल ने बताया था कि सदर देहरादून क्षेत्र में 16 अवैध और 8 पंजीकृत मदरसे थे। विकासनगर क्षेत्र में 34 मदरसे बिना पंजीकरण के चल रहे थे, जबकि 27 मदरसे पंजीकृत थे। डोईवाला में एक भी मदरसा पंजीकृत नहीं था, लेकिन 6 अवैध मदरसे वहां चल रहे थे। कालसी में भी एक बिना पंजीकरण का मदरसा पाया गया था। विकासनगर के उप-जिलाधिकारी विनोद कुमार के अनुसार, इलाके में तीन मदरसों को 3 मार्च से सील कर दिया गया है, जबकि डोईवाला और सदर क्षेत्र के अन्य मदरसों को भी बंद किया गया है। जांच में सामने आया कि विकासनगर में 20 मदरसे बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे थे। देहरादून जिले में कुल 57 मदरसे बिना पंजीकरण के चल रहे थे।

# अमेरिका में वीजा होल्डर भारतीयों पर मंडराया खतरा

### खत्म हो जाएगा यूएस में रहने का अधिकार



अवैध प्रवासियों के खिलाफ अमेरिका का अभियान

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने इस साल अवैध प्रवासियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर उन्हें डिपोर्ट कर दिया। इसमें भारतीय भी शामिल हैं। लेकिन अब अमेरिका में लीगल तरीके से रह रहे हजारों उन भारतीयों पर भी खतरा मंडरा रहा है, जो ॥-4 वीजा धारक हैं।

दरअसल अमेरिका में रहने वाले ॥1-B वीजा धारकों के 21 साल से कम उम्र के बच्चों को ॥-4 वीजा दिया जाता है।

लेकिन यूएस के नए इमीग्रेशन नियमों के मुताबिक, ॥-4 वीजा धारक 21 साल की उम्र पूरी करने के बाद ॥1-B वीजा धारकों के डिपेंडेंट के तौर पर मान्य नहीं होंगे।

मार्च 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में करीब 1.34 लाख भारतीय बच्चे ऐसे हैं, जिनकी उम्र सीमा पूरी होने वाली है और उनके परिवार को ग्रीन कार्ड नहीं मिला है। अमेरिकी इमीग्रेशन सिस्टम में परमानेंट रेजीडेंसी पाने की प्रक्रिया काफी लंबी है और इसमें 12 से 100 साल तक लग जाते हैं।

अब तक इन बच्चों को दूसरा वीजा स्टेटस पाने के लिए दो साल का समय मिलता था, लेकिन अमेरिका के नए इमीग्रेशन नियमों के कारण ऐसे लाखों बच्चों के भविष्य पर संकट पैदा हो गया है। ऐसे लोग अब कनाडा और यूके जैसे देशों पर विचार कर रहे हैं, जहां पॉलिसी काफी लचीली हैं।

### ॥1-बी वीजा का प्रोसेस शुरू

यूएस सिटिजनशिप एंड इमीग्रेशन सर्विस ने वित्त वर्ष 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रोसेस सात मार्च से 24 मार्च तक चलेगा। ॥1-बी नॉन इमीग्रेंट वीजा है, जिसका इस्तेमाल अमेरिकी कंपनियों में विदेशी नागरिकों को हायर करने के लिए किया जाता है। ॥1-बी -
-वीजा का कैप अब भी 65 हजार प्रति वर्ष पर तय किया गया है। हालांकि नई रजिस्ट्रेशन फीस 215 डॉलर है। अमेरिकी सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने इस साल की शुरुआत में ॥1-बी वीजा पर सवाल उठाए थे।



## तेजस्वी के खिलाफ लड़ेंगे पीके

**पटना।** जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर (पीके) ने तेजस्वी यादव के चुनाव क्षेत्र राघोपुर से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। पीके ने कहा है कि अभी तय नहीं है लेकिन मेरे नाम से किसी ने राघोपुर से आवेदन दिया है। अगर पार्टी तय करेगी तो जरूर लड़ेंगे। तेजस्वी यादव राघोपुर से वर्तमान विधायक हैं और राघोपुर लालू परिवार का गढ़ माना जाता है।



# यूपी एसटीएफ का दस दिन बाद खुलासा

### कुंभ में होने वाला था आतंकी हमला
### आतंकी लजर मसीह गिरफ्तार
### लगातार आईएसआई के संपर्क में था आरोपी

**लखनऊ।** प्रयागराज में 45 दिन चले महाकुंभ के समापन के 10 दिन बाद यूपी पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो महाकुंभ के दौरान किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था। पुलिस के पास इसका इनपुट भी था। उसी वक्त यूपी एटीएस ने मामले की जांच शुरू कर दी, जिससे उन्हें पंजाब तक ले गई। पंजाब और यूपी पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में बब्बर खालसा और आईएसआई के आतंकी लजर मसीह को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने जिस आतंकी को पकड़ा है, उसको लेकर इनपुट था कि वह कुंभ में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की प्लानिंग कर रहा है। कौशांबी से ज्वाइंट ऑपरेशन में आतंकी को गिरफ्तार किया गया है।

### पुर्तगाल भागने का था प्लान

हिरासत में लिया गया आरोपी पहले से ही हिस्ट्रीशीटर है, जो कई बार हथियार और हिरोइन तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने कुछ साथियों के नाम भी बताए हैं। जो पहले पुलिस हिरासत से फरार हो गया था, उस दौरान उसे पकड़ने की पूरी कोशिश की गई, लेकिन ये हर बार चकमा देने में कामयाब रहा। आरोपी का प्लान महाकुंभ में घटना को अंजाम देने के बाद पुर्तगाल जाने का था।

### पाक से हथियार मंगाता था आरोपी

पुलिस टीम ने बताया कि पाकिस्तान से आरोपी ड्रोन के जरिए हथियार और मादक पादार्थ मंगाता था। इसके अलावा विदेशी हथियार भी मंगाता था। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी का तीन आईएआई एजेंटो के साथ संपर्क था। जिनसे ये लगातार बातचीत किया करता था।

# ग्रामस्तर पर पहुंच रहा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : सांसद चौधरी

## उन्नत राजस्थान उन्नत जालोर... मेगा प्रदर्शनी का शुभारंभ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** सांसद लुम्बाराम चौधरी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन व स्वयंसेवी संस्था 'प्रयास' के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को गिटाला रिसॉर्ट में प्रदर्शनी का भव्य शुभारम्भ हुआ। प्रदर्शनी शनिवार तक चलेगी। इस दौरान सांसद के साथ जिला प्रमुख राजेश राणा, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, भूपेन्द्र देवासी, जसराज राजपुरोहित, एयरपोर्ट ऑथेरिटी ऑफ इंडिया कमेटी सदस्य रविन्द्रसिंह बालावत भी मौजूद थे। सांसद चौधरी ने तीन दिवसीय प्रदर्शनी में जिले के आम नागरिकों विशेषतः स्कूली छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि आज केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का ग्राम स्तर तक लाभ आमजन को प्राप्त हो रहा हैं तथा देश व प्रदेश विकास की राह पर अग्रसर है। राजपुरोहित ने केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए उन्नत राजस्थान उन्नत जालोर प्रदर्शनी में अधिक से अधिक सहभागिता निभाने की बात कही। बालावत ने कहा कि भारत मेक इन इंडिया कार्य म की बदौलत प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना है। आज घरेलू आवश्यकताओं से लेकर रक्षा क्षेत्र में भारत अग्रणी राष्ट्र के रूप में उभरा है।

### प्रदर्शनी में लगाई 65 स्टॉल

प्रदर्शनी में कृषि, रक्षा, शिक्षा क्षेत्र की नवीनतम तकनीकी योजनाओं, व्यवसाय, कौशल, औद्योगिक, प्रदर्शनी के 65 स्टॉल लगाए गए। जिनमें आइसीएमएआर, जल शक्ति मंत्रालय, डीआरडीओ, केन्द्रीय शुष्क वन अनुसंधार केन्द्र (काजरी), खादी बोर्ड, नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन, केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, एसबीआइ, जियोलॉजिकल सर्वे ऑर्फ इंडिया, अतुल्य भारत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल्स लगाई गई है। इस प्रदर्शनी को प्रयास एग्जिबिशन एजेंसी के निदेशक विनीश गुप्ता के दिशा-निर्देशन में लगाया गया है। 8 मार्च तक जारी प्रदर्शनी का दोपहर 1 से सायं 5 बजे तक अवलोकन किया जा सकेगा।

### यह भी रहे मौजूद

इस दौरान डॉ. मंजू मेघवाल, मंजू सोलंकी, हरीश राणावत, रवि सोलंकी, महेन्द्र मुणोत, प्रकाश छाजेड़, डिम्पल सिंह, मुकेश राजपुरोहित, दिनेश महावर, दिनेश बारोट, सुरेश सोलंकी भी मौजूद थे।

# प्रधानाचार्य का मूल स्थान पर पदस्थापन करवाने की मांग



**जसवंतपुरा के प्रधानाचार्य को एपीओ करने का मामला**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** जसवंतपुरा के प्रधानाचार्य विक्रमसिंह चारण को एपीओ करने के विरोध में गुरूवार को शिक्षकों एवं विभागीय कर्मचारियों ने शिक्षामंत्री के नाम उपखंड अधिकारी सूरजभान विश्नोई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जसवंतपुरा के पीएमश्री विद्यालय के प्रधानाचार्य चारण को राजकार्य में बाधा का आरोप लगाकर बिना उनका पक्ष सुने निदेशालय में एपीओ किया गया है। जिसको लेकर क्षेत्र के शिक्षकों एवं विभागीय कर्मचारियों में आक्रोश है। ज्ञापन में छात्र एवं विद्यालय हित को देखते हुए तुरंत एपीओ आदेश को निरस्त कर प्रधानाचार्य चारण का मूल स्थान पर पदस्थापन करने की मांग की गई। किशोरसिंह राजपुरोहित, विक्रमसिंह राजपुरोहित, शैलेंद्रसिंह, दीपसिंह, दशरथसिंह, छैलसिंह, दशरथसिंह, सुरेश मेघवाल, ओमप्रकाश चौधरी, विक्रमसिंह, आवडसिंह, महेंद्रसिंह, मेघसिंह दहिया, महेशकुमार, भंवरसिंह, वि' मसिंह, रघुवीरसिंह, रमेशसिंह, जयदीपसिंह देवड़ा, अशोक लोहार, मांगीलाल माली, सुरेंद्रसिंह आदि मौजूद रहे।

# बैठक में की कार्यों की समीक्षा, दिए दिशा निर्देश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 15वें वित्त आयोग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग की बैठक सम्पन्न हुई। जिला कलक्टर ने 15वें वित्त आयोग व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आावश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, पुलिस उप अधीक्षक गौतम जैन, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजीवकुमार सुथार, किशोर गृह की अधीक्षक मौरकंवर आदि उपस्थित रहे।

# खाद्यान्न वितरण की अवधि 31 मार्च तक बढ़ाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत जिले में फरवरी माह में खाद्यान्न वितरण की अवधि को 10 मार्च से बढ़ाकर 31 मार्च तक किया गया है।जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि फरवरी माह में आवंटित खाद्यान्न तकनीकी समस्याओं के कारण पूर्ण रूप से वितरण नहीं हो पाया था।

# दुष्कर्म व वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** पुलिस ने दुष्कर्म और पीड़िता का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी दीपसिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को लेकर टीम का गठन कर आरोपी बड़गांव निवासी पारससिंह को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में कांस्टेबल रामनिवास और सुरेशकुमार का सहयोग रहा।



# बकाया पदोन्नति की मांग, सौंपा ज्ञापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** उप प्राचार्य संघर्ष समिति ब्लॉक रानीवाड़ा के संयोजक केसाराम गोदारा के नेतृत्व माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के निदेशक को ज्ञापन देकर उप प्राचार्य के 2 वर्ष की बकाया पदोन्नति की मांग की गई। ज्ञापन में उप्राचार्य के पद को यथावत रखने एवं शत प्रतिशत पदोन्नति द्वारा भरे जाने की मांग की गई। संघर्ष समिति के सह संयोजक मुकेश कुमार पुरोहित ने बताया कि उप्राचार्य पद नवीन शिक्षा सेवा नियम के तहत अति आवश्यक है एवं पीइओ के कार्यभार में सहयोग प्रदान करता है। इस पद से व्याख्याता के प्रशासनिक अनुभव में वृद्धि होगी। जिससे पीइओ का कार्य सरलता से कर पाएंगे। प्रदेश संघर्ष समिति के मंत्री चेतन जांगू, प्रह्लाद जाखड़िया, ओतमकुमार, अशोककुमार जाट, लीलाराम, भूरसिंह मीना, मनोहरलाल सोनगरा, भानुप्रसाद राणा एवं कृष्णकुमार बाघेला आदि मौजूद थे।

# बालिकाओं को आत्मरक्षा की दी जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** नेहरू कॉलोनी स्थित निजी विद्यालय में गरिमा अभियान के तहत आत्मरक्षा संबंधी सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। राजस्थान पुलिस की महिला अधिकारियों विमला विश्नोई व जमुना चौधरी ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के साथ आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। सरकार द्वारा चलाए जा रहे गरिमा अभियान से परिचित करवाया। उन्होंने कहा कि यह अभियान बालिकाओं के मान सम्मान व गरिमा को बढ़ाने के साथ प्रत्येक महिला को स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानाध्यापिका आशिमा परिवार ने बताया कि महिला सुरक्षा वर्तमान की परम आवश्यकता है और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

# बावरला बने मेघवाल समाज विकास समिति के अध्यक्ष



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** मेघवाल समाज विकास समिति सांचौर-चितलवाना की बैठक जवाराराम मेघवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में सर्वसम्मति से छगनलाल बावरला को अध्यक्ष चुना गया। इसी तरह से सचिव नरपतसिंह केरिया, कोषाध्यक्ष वरधाराम गोयल, उपाध्यक्ष छगनाराम धरणावास, भारमलाराम उकल, धर्माराम कांटोल चुने गए। कार्यकारिणी की बैठक आगामी रविवार को रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में घमंडारीम, भाणाराम कारोला, खुमाराम पलादर, अजाराम, प्रभुराम जाखल, पहाड़ाराम कारोला, प्रतापाराम लुणियासर, विरमाराम हाड़ेतर, बिजलाराम, परखराम बड़सम, वरधाराम केरिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

# आवासीय विद्यालय की भूमि को यथावत रखने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** उपखंड मुख्यालय पर प्रस्तावित एकलव्य आवासीय विद्यालय की भूमि को यथावत रखने की मांग को लेकर गुरुवार को भील समाज के लोगों ने उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा को मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों व आयोग के नाम पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि विद्यालय की आवंटित भूमि में किसी भी प्रकार का बदलाव न किया जाए।

### स्थानीय नेताओं पर साधा निशाना

ज्ञापन सौंपने से पहले कलापुरा रोड स्थित बाबा रामदेव मंदिर में एक सामाजिक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समुदाय के नेताओं ने इस मुद्दे पर जागरूकता फैलाने और संगठित होकर अपनी मांग को मजबूत करने का आह्वान किया। जिला प्रमुख राजेश राणा ने कहा कि वर्तमान रानीवाड़ा विधायक इस मामले में राजनीति कर रहे है और मुद्दे को अनावश्यक रूप से उलझा रहे हैं। पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल ने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। लेकिन स्थानीय नेताओं की राजनीतिक मंशा के कारण इस मामले को अनावश्यक रूप से तूल दिया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विद्यालय निर्माण के लिए आवंटित भूमि को यथावत रखा जाए, ताकि क्षेत्र के आदिवासी और जरूरतमंद विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इस प्रदर्शन में भील समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखी। ज्ञापन देने के बाद प्रशासन ने मामले की संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### कोर्ट स्टे के कारण रुका निर्माण

गौरतलब है कि इस भूमि को एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए आवंटित किया गया था। लेकिन, पीएम स्कूल एसएमसी सदस्यों द्वारा इस पर आपत्ति जताते हुए न्यायालय से स्टे ऑर्डर ले लिया गया था। जिससे विद्यालय निर्माण कार्य रुक गया। इस स्थिति को लेकर भील समाज में नाराजगी व्याप्त है।

### यह भी रहे मौजूद

भाजपा जिला उपाध्यक्ष भैरूदान चारण, भाजपा मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष दौलतसिंह, समाजसेवी मोडाराम प्रजापत, वि' मसिंह, भगवानसिंह, जितेन्द्र अग्रवाल, महेन्द्रसिंह राव, हरीश अग्रवाल, समुंदरसिंह, रामसिंह धूरपड़ा, गजेन्द्रसिंह, अनोपसिंह, यासीन मोहम्मद, हजारीमल मेघवाल, देवाराम प्रजापत, पीराराम भील, भीखाराम, कालाराम, उकाराम, जोयताराम, वेलाराम, वचनाराम, भूताराम एवं जुजाराम आदि मौजूद थे।



# सफाई नहीं होने से सड़क पर फैल रहा नालियों का गंदा पानी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** शहर के नेहरू कॉलोनी में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। शिकायत नगर परिषद को करने के बावजूद भी कोई समाधान नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त है। सफाई के अभाव में नालियों का गंदा पानी मुख्य सड़क पर फैला रहता है। जिससे पैदल चलना भी संभव नहीं हा रहा है। मौहल्लेवासियों ने बताया कि गंदा पानी फैला होने से घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। विद्यालय जाने वाले बच्चे भी अक्सर गंदे पानी से होकर गुजरते है। जिससे उनके जूते व कपड़े गंदे हो जाते है। कभी-कभार तो बच्चे फिसल तक जाते है। किंतु कोई समाधान नहीं हो रहा है। नालियों की सफाई नहीं होने से पूरे दिन क्षेत्र में बदबू का आलम बना रहता है। मच्छरों का प्रकोप भी बढ गया है। पूरी कॉलोनी आवासीय होने से लोगों का जीना भी दुभर हो गया है। लोगों ने बताया कि समस्या के समाधान को लेकर कोई भी अधिकारी न तो गंभीरता बरता रहा है और ना ही लोगों की समस्याओं को सुना जा रहा है। लोगों ने उक्त समस्या के शीघ्र समाधान करवाने की मांग की है।

# पंचांगकर्ताओं की बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** महागुजरात पंचांग विद्वद परिषद व गायत्री प्रत्यक्ष पंचांग के तत्वावधान में गुरुवार को पंचांग कर्ताओं की बैठक आयोजित गई। जिसमे बड़ी संख्या में पंचांग कर्ताओं ने भाग लिया। श्री दर्शन पंचांग कर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि संवत् 2083 अर्थात् 2025-26 के व्रत त्यौहार निर्णय को लेकर विश्वजीत भाई रावल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे वर्ष के व्रत त्योहार पर चर्चा कर उनको निश्चित किया गया। इसमें गायत्री प्रत्यक्ष पंचांग अहमदाबाद के संपादक बालकृष्ण शास्त्री, राजूभाई शास्त्री, जन्मभूमि पंचांग मुंबई की कुज्योतिबेन भट्ट, आदित्य प्रत्यक्ष पंचांग अहमदाबाद के दीपेन्द्रभाई मेहता, जोशीजी का पंचांग जोधपुर के अभिषेक जोशी, श्री दर्शन पंचांग भीनमाल के शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, संदेश पंचांग अहमदाबाद के कनुभाई, पुरोहित व्यास पंचांग जूनागढ़ के अजय व्यास, शीतल बेन, वराहमिहिर पंचांग हैदराबाद के वेंकटेश्वर शैषाचलन, वीवीयश, बुट्टे पंचांग हैदराबाद के वी वीर भद्रया, लाटकर पंचांग कोल्हापुर के मेघश्याम लाटकर, रूईकर पंचांग करार सतारा के गुरुजी रूईकर, चामुंडा पंचांग पालनपुर से शास्त्री मधुसूदन जोशी, ज्योतिर्विद शंकरसिंह पुरोहित व राजेन्द्र शास्त्री ने भाग लिया। कार्य म का शुभारंभ रणछोड़ वल्लभ, वल्लभाचार्य संप्रदाय, चैतन्य शम्भू महाराज, रामकिशोर त्रिपाठी व भागवत ऋषि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर वेद मंत्रों से किया गया।

# गिव-अप अभियान वसूली के लिए अब तक 105 लोगों को नोटिस जारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** रसद विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में 'गिव-अप अभियान' के तहत योजना का लाभ स्वेच्छा से नहीं छोड़ने वाले 20 अपात्र परिवारों को 6 मार्च को वसूली नोटिस जारी किए गए हैं। जिले में अब तक वसूली के लिए 105 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र लाभार्थियों को स्वैच्छिक रूप से लाभ त्याग करने को लेकर सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए 'गिव-अप अभियान' के तहत जिले में अब तक 4070 परिवारों के कुल 14718 सदस्यों ने जिला रसद कार्यालय में आवेदन किया है एवं अब तक जिले में 834 उपभोक्ता स्वेच्छा से गिव अभियान में विभाग की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर अपनी पात्रता छोड़ चुके हैं। यह योजना 31 मार्च 2025 तक प्रभावी है। 31 मार्च तक त्याग नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकरदाता हो, जिसका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्धसरकारी/स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारी-अधिकारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारित आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रैक्टर आदि जीवकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में आते है।

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** वार्ड 29 के वाशिंदों ने सीएम के नाम एसडीएम व नगर पालिका इओ को ज्ञापन सौंपकर सरकारी भूमि पर करवाया जा रहा कार्य रूकवाकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि वार्ड 29 में बाला हनुमानजी का मंदिर आया हुआ है। मंदिर से लगती सरकारी भूमि खाली पड़ी है, जहां श्रदालुओं द्वारा भजन कीर्तन व प्रसादी का आयोजन किया जाता है। उक्त भूमि पर एक सरकारी शिक्षक व उसकी पत्नी द्वारा जबरन पक्का निर्माण कर अति' मण किया जा रहा है। मोहल्लेवासियों द्वारा विरोध करने पर उनके विरुद्ध झूठा मामला दर्ज करवाकर फंसाने की धमकी दी जा रही है। जिसको लेकर मोहल्ले में तनाव की स्थिति बनी हुई है। ज्ञापन में तत्काल अति' मण हटाने की मांग की गई है।

# जिला बहाली को लेकर धरना 68वें दिन जारी

## गुड़ाहेमा के ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर एडीएम को सौंपा ज्ञापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** सांचौर में जिला बहाली को लेकर संघर्ष समिति का धरना 68वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान गुड़ाहेमा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन कर सीएम के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए बताया गया कि सरकार अब सांचौर के किसानों व आमजन की भावनाओं के आधार पर सांचौर जिला पुनः बाहल करें ताकि क्षेत्र के लोगों को इसका फायदा मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि जालोर मुख्यालय जो कि नेहड़ के अंतिम गांव से ढाई सौ किलोमीटर दूर है। ऐसे में गरीब व्यक्ति बजट के अभाव में न्याय के लिए जा भी नहीं सकता। जब सांचौर जिला अस्त्वि में था तब हर वर्ग को अच्छा फायदा मिल रहा था। सरकार की योजनाओं का भी लाभ मिल रहा था। फसल बीमा के अटके भुगतान भी आसानी से निस्तारित हो रहे थे। किन्तु अब किसानों की समस्या को कोई सुनने वाला नहीं है। किसान समस्याओं को लेकर कहां जाएं। जालोर आना-जाना बहुत महंगा पड़ता है। परिवहन के साधनों की भी पर्याप्त सुविधा नहीं है। अपराह्न चार बजे के बाद जालोर से सांचौर आने के लिए कोई बस सुविधा तक नहीं है। ऐसें में आवश्क कार्य के लिए गया व्यक्ति बीच रास्ते में ही अटक जाता है। वहीं आकोड़िया, खासरवी, वेड़िया के लोगों को तो जिला मुख्यालय पर जाने के लिए दो से तीन दिन खराब करने पड़ते है। ऐसे में अगर अधिकारी छुट्टी पर होता है तो उनका वहां जाना भी बेकार हो जाता है। ऐसे में जालोर मुख्यालय तो सांचौर क्षेत्र के लोगों के लिए किसी सजा से कम नहीं है। पिछली सरकार द्वारा सांचौर को जिला बनाकर सही कार्य किया गया। किन्तु वर्तमान सरकार ने बिना सोचे समझे जिले का दर्जा खत्म कर दिया, जिसका बुरा प्रभाव जरूरतमंद लोगों पर पड़ा है। ग्रामीणों ने सरकार से किसी भी परिस्थिति में सांचौर जिले को बाहल करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि आर्थिक स्थिति से सक्षम व्यक्ति तो कितनी दूरी पर जाकर अपना कार्य करवा सकता है किंतु गरीब व्यक्ति इतना दूर जाने में सक्षम नहीं है। ऐसे में सांचौर के हित में जिला बहाल करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। सरकार के निर्णय के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। इस दौरान पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, लादूसिंह किलवा, रामावतार विश्नोई, भीमाराम चौधरी, सदराम विश्नोई, केसाराम मेहरा सहित कई लोग मौजूद रहे ।

### ज्ञापन में यह भी किया उल्लेख

ज्ञापन में बताया गया कि सांचौर व जालोर के बीच दूरी 145 किलोमीटर होने के साथ आखिरी गांव आकोड़िया रणखार की दूरी 250 किलोमीटर है। ऐसे में सरकार ने बिना कोई स्पष्ट कारण बताए सांचौर जिले को निरस्त कर दिया है, जो सांचौजर की जनता के साथ अन्याय है। पूर्व सरकार ने सही मापदंडों के आधार पर जिले बनाए थे। मौजूदा सरकार ने सांचौर का जिले का दर्जा निरस्त कर अन्याय किया है। ज्ञापन में चेतावनी दी कि सांचौर जिले को जब तक बाहल नहीं किया जाएगा, तब तक धरना जारी रहेगा।


प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना
भारत सरकार
प्रधानमंत्री जन-औषधि केन्द्र से
सस्ती दवाई, अच्छी दवाई
तब
₹5000.00
अब
जन औषधि केन्द्र
PAID
₹1000.00
6 साल में गरीबों और जरुरतमंदों के
30 हजार करोड़ रुपये बचे
देश में 15,000+ जन-औषधि केंद्र
50%-90% तक सस्ती दवाएं
2000 से ज्यादा जेनरिक दवाएं
कैंसर की सस्ती दवाएं
₹1 में सैनेटरी पैड
उच्च गुणवत्ता की WHO और NABL सर्टिफाइड दवाएं
2027 तक देश में 25 हजार जन-औषधि केंद्र
7वें जन-औषधि दिवस
की शुभकामनाएं
नजदीकी जन-औषधि स्टोर लोकेट करने के लिए
QR कोड स्कैन करें
cbc 02107/13/0006/2425

महाराष्ट्र-बेल्जियम सरकार में समझौता

# 12 समझौते ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

- विविध क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को सहमत
- प्रिंसेस एस्ट्रिड और देवेंद्र फडणवीस उपस्थित
- बेल्जियम प्रतिनिधिमंडल का भारत दौरा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा अनुसंधान, प्रौद्योगिकी, अक्षय ऊर्जा और नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए बेल्जियम के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता ताज होटल में बेल्जियम की प्रिंसेस एस्ट्रिड की अध्यक्षता और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रमुख उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर प्रिंसेस एस्ट्रिड के नेतृत्व में बेल्जियम का आर्थिक प्रतिनिधिमंडल, भारत में बेल्जियम



के राजदूत, अपर मुख्य सचिव और मुख्य राजशिष्टाचार अधिकारी मनीषा म्हैसकर, उद्योग विभाग के सचिव डॉ. पी. अन्बलगन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अश्विनी भिडे और विशेष कार्य अधिकारी कौस्तुभ धवसे उपस्थित थे। देश की प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) के प्रतिनिधियों ने भी समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। बेल्जियम का आर्थिक प्रतिनिधिमंडल भारत के दौरे पर है और इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा अनुसंधान, प्रौद्योगिकी, अक्षय ऊर्जा और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए 12 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

## राज्य में इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाए जाएंगे : सीएम

महाराष्ट्र में प्रीपेड मीटर पर लगेगा प्रतिबंध



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्यभर में उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड बिजली मीटर पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। इसके बजाय, अब इलेक्ट्रॉनिक मीटर प्रणाली स्थापित की जाएगी, इसकी जानकारी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में दी। मुख्यमंत्री फडणवीस सदस्य विक्रम काले द्वारा राज्य के बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर से संबंधित प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाने का कार्य पहले से ही शुरू हो चुका है। इलेक्ट्रॉनिक मीटर का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को बिजली उपयोग पर 10% की छूट दी जाएगी।

## संगमेश्वर में बनेगा छ. संभाजी महाराज का स्मारक



**मुंबई।** छत्रपति संभाजी महाराज का एक भव्य स्मारक संगमेश्वर में सरदेसाई वाडा के पास बनाया जाएगा, जहां उन्हें पकड़ा गया था, यह घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में की। सदस्य निरंजन डावखरे द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि यदि सरदेसाई वाडा की भूमि अपर्याप्त होती है, तो पास की अतिरिक्त जमीन अधिग्रहित की जाएगी। उन्होंने कहा, छत्रपति संभाजी महाराज स्वराज्य के रक्षक, वीर योद्धा और शौर्य के प्रतीक थे। उनके शौर्य के अनुरूप यह स्मारक बनाया जाएगा।

# म्हाडा कोंकण मंडल में भूखंड बिक्री के लिए उपलब्ध

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▶▶ शिरढोण और खोणी में स्कूल-हॉस्पिटल खोलने की योजना

▶▶ इच्छुक संस्थाएं को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने का आमंत्रण

**मुंबई।** म्हाडा के कोंकण गृहनिर्माण और क्षेत्र विकास मंडल द्वारा मौजे शिरढोण और मौजे खोणी (ता. कल्याण, जि. ठाणे) में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत विकसित किए जा रहे गृहनिर्माण प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्कूल और मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल के लिए आरक्षित भूखंडों की बिक्री हेतु निविदा प्रक्रिया शुरू की गई है। इस प्रक्रिया में इच्छुक व्यक्ति, संस्था (कंपनी), सार्वजनिक धर्मादाय ट्रस्ट, पंजीकृत सोसायटी, शिक्षण संस्थाएं, स्वास्थ्य संस्थाएं, भागीदारी फर्म, ट्रस्ट, संयुक्त उपक्रम, इच्छुक संस्थाएं, विकासकर्ता आदि भाग ले सकते हैं। भूखंड खरीदने के इच्छुक प्रतिभागियों को 18 मार्च तक https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर जाकर निविदा प्रक्रिया में अपना पंजीकरण कराना होगा। यह जानकारी कोंकण मंडल की मुख्य अधिकारी रेवती गायकर ने दी।



मंडल द्वारा सर्वे क्र. 86, 95 मौजे शिरढोण (ता. कल्याण, जि. ठाणे) में विकसित किए जा रहे गृहनिर्माण प्रोजेक्ट को आधुनिक रूप से नियोजित किया गया है। मंडल का उद्देश्य आदर्श गृहनिर्माण कॉलोनी बनाना है, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अत्यल्प आय वर्ग के लिए 7141 और म्हाडा योजना के तहत अल्प आय वर्ग के लिए 528 फ्लैट्स का निर्माण किया गया है। इनमें से 1905 फ्लैट्स को ऑक्युपेंसी (भोगवटा) प्रमाणपत्र मिल चुका है, जबकि बाकी के लिए प्रक्रिया जारी है।

### मौजे खोणी में स्कूल के लिए भूखंड

सर्वे क्र. 162, मौजे खोणी (ता. कल्याण, जि. ठाणे) में म्हाडा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत अत्यल्प आय वर्ग के लिए 5060 फ्लैट्स का निर्माण पूरा किया गया है, जिनमें से 4048 फ्लैट्स को ऑक्युपेंसी (भोगवटा) प्रमाणपत्र मिल चुका है। वर्तमान में फ्लैट्स के कब्जे देने की प्रक्रिया जारी है, साथ ही अल्प आय वर्ग योजना के 2114 फ्लैट्स का निर्माण प्रगति पर है। यह प्रोजेक्ट कटई-बदलापुर पाइपलाइन के पास स्थित है, जहां पानी और बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

# विधायक आवताडे सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**मुंबई।** मंगलवेढा-मुंबई मित्रमंडल की ओर से पंढरपुर-मंगलवेढा विधानसभा क्षेत्र के विधायक समाधानदादा आवताडे का नागरिक सत्कार और पारिवारिक स्नेहमिलन समारोह नवी मुंबई के वाशी स्थित आर्य समाज सभागृह में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरावती पदवीधर मतदारसंघ के विधायक धीरज लिंगाडे ने की।

इस अवसर पर मंच पर मंगलवेढा-मुंबई मित्रमंडल के संस्थापक अध्यक्ष डा. सर्जेराव सावंत, दत्ता घाडगे, आनंद पाटील, डा. शिवाजीराव पवार, संजय पवार और आझाद पटेल उपस्थित थे। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों और सम्माननीय व्यक्तियों का सत्कार विधायक समाधानदादा आवताडे के हाथों किया गया। विधायक धीरज लिंगाडे ने मंगलवेढा और वहां की संस्कृति से जुड़ी यादों को साझा करते हुए मित्रमंडल के प्रयासों की सराहना की। अपने उद्बोधन में विधायक समाधानदादा आवताडे ने निर्वाचनक्षेत्र के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही, उन्होंने मंगलवेढा-मुंबई मित्रमंडल से भविष्य में भी सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया। इस दौरान उन्होंने "मंगलवेढा फेस्टिवल" आयोजित करने का सुझाव भी दिया। कार्यक्रम की प्रस्तावना डॉ. सर्जेराव सावंत ने रखी। इस अवसर पर दत्ता घाडगे और आनंद पाटील ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार मंदार जोशी ने विधायक समाधानदादा आवताडे का रोचक और सहज माहौल में संवाद लिया। इस दौरान महिलाओं के लिए हल्दी-कुंकू कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस पारिवारिक स्नेहमिलन को सफल बनाने में मंगलवेढा-मुंबई मित्रमंडल के अध्यक्ष दत्ता घाडगे, कार्याध्यक्ष आनंद पाटील, उपाध्यक्ष लक्ष्मण खरात और सचिव महादेव बनसोडे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन चंद्रकांत गुंजेगावकर ने किया।

## बिश्नोई प्रीमियर लीग मुंबई 2025 का शुभारंभ आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** बिश्नोई प्रीमियर लीग मुंबई 2025 का शुभारंभ बेलापुर स्तिथ राजीव गांधी स्टेडियम में सात मार्च को सुबह आठ बजे होने जा रहा है। लीग में कुल 12 टीमें भाग ले रही है। बिश्नोई समाज के प्रबुद्ध जन दीप प्रज्वलित कर तीन दिवसीय लीग का शुभारंभ करेंगे। नौ मार्च को फाइनल मैच की समाप्ति के उपरांत दोपहर चार बजे समापन समारोह का आयोजन होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुखराम बिश्नोई, पूर्व राजमंत्री, राजस्थान सरकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहारीलाल बिश्नोई पूर्व विधायक नोखा, अति विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक माननीय श्रीमती मंदा विजय मात्रे एवं विशेष अतिथि के रूप में भाजपा के बाड़मेर ज़िलाध्यक्ष अनंत कुमार, एडीएम ओमप्रकाश, डीआरआई सत्यनारायण, अभिनेता संजय इराम शिरकत करेंगे। विश्नोई समाज मुंबई के अध्यक्ष जालाराम बिश्नोई समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे।



महाराष्ट्र में असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा योजना

## सरकार का दृष्टिकोण सकारात्मक

▶▶ कैबिनेट के समक्ष पेश किया जाएगा प्रस्ताव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में असंगठित कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए जल्द ही कैबिनेट के समक्ष एक प्रस्ताव पेश किया जाएगा। श्रम राज्य मंत्री एड. आशीष जयस्वाल ने विधान परिषद में एक ध्यानाकर्षण प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस संदर्भ में मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर सरकार सकारात्मक रुख अपनाएगी। राज्य में 2023 में असंगठित कामगारों के लिए एक मंडल स्थापित किया गया, जिसमें 39 उद्योग व्यवसाय क्षेत्रों की पहचान की गई और 340 प्रकार के कार्यों को शामिल किया गया। केंद्रीय सरकार के सोशल सिक्योरिटी अधिनियम को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र में भी एक व्यापक सुरक्षा कानून बनाने की दिशा में सरकार सकारात्मक है। सरकार ने पहले ही भवन निर्माण कामगार मंडल की स्थापना की है और इसी तर्ज पर असंगठित कामगारों के लिए भी एक स्थायी और आत्मनिर्भर निगम बनाने पर विचार किया जा रहा है। असंगठित कामगारों के लिए अन्य राज्यों में लागू योजनाओं का अध्ययन कर महाराष्ट्र में भी इन्हें लागू करने के लिए सरकार सकारात्मक है। साथ ही, कोरोना महामारी के दौरान ई-श्रम पोर्टल पर महाराष्ट्र के कई कामगारों का पंजीकरण किया गया था। जो असंगठित कामगार वर्तमान योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं, उनके लिए एकीकृत पंजीकरण प्रणाली बनाई जाएगी। असंगठित क्षेत्र के कामगार राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इसलिए, उनके लिए प्रभावी योजनाएं लाना समय की आवश्यकता है। विधान परिषद सदस्य सत्यजीत तांबे ने ऑनलाइन ऐप के माध्यम से वस्तुओं की डिलीवरी करने वाले गिग कामगारों से संबंधित प्रश्न उठाया था। सदस्य निरंजन डावखरे और भाई जगताप ने इस मुद्दे पर उपप्रश्न पूछे।

## अंतिम रिपोर्ट के बाद दोषियों पर कार्रवाई : पंकज भोयर

**मुंबई।** परभणी में हुई घटना में गिरफ्तार किए गए आंदोलनकारियों में से सोमनाथ सूर्यवंशी का 15 दिसंबर को न्यायिक हिरासत में निधन हो गया। चिकित्सा दल की अंतिम रिपोर्ट के निष्कर्ष के बाद, इसमें दोषी पाए गए व्यक्तियों पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी, ऐसी जानकारी गृह राज्य मंत्री पंकज भोयर ने विधान परिषद में दी।

उन्होंने यह भी कहा कि सूर्यवंशी के परिवार द्वारा दिए गए निवेदन के अनुसार उनके पुत्र को नौकरी देने के संबंध में जल्द से जल्द निर्णय लिया जाएगा। परभणी की घटना में सोमनाथ सूर्यवंशी की मृत्यु के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने को लेकर सदस्य भाई जगताप ने ध्यानाकर्षण सूचना प्रस्तुत की थी। इस संदर्भ में हुई चर्चा में सदस्य अमोल मिटकरी और डॉ. प्रज्ञा सातव ने भाग लिया। गृह राज्य मंत्री डॉ. भोयर ने कहा कि परभणी में पुलिस को उग्र भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। इस घटना में कुल 11 मामले दर्ज किए गए और 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन्हीं में से गिरफ्तार आंदोलनकारी सोमनाथ सूर्यवंशी का 15 दिसंबर को न्यायिक हिरासत में निधन हो गया। उनके शव का 16 दिसंबर को पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है कि हिस्टोपैथोलॉजी परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का अंतिम कारण निर्धारित कर अंतिम रिपोर्ट दी जाएगी। इस रिपोर्ट के आने के बाद दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ऐसा वक्तव्य डॉ. भोयर ने दिया।

## मीरा भायंदर मनपा आयुक्त बनें राधाबिनोद शर्मा

**भायंदर।** मीरा भायंदर महानगरपालिका के आयुक्त संजय काटकर का तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह 2012 आईएएस बैच के अधिकारी राधाबिनोद शर्मा को मीरा भायंदर मनपा आयुक्त की कमान सौंपी गई है। संजय काटकर की कार्यशैली को लेकर स्थानीय नेताओं में नाराजगी के सुर सुनाई दे रहे थे। राधाबिनोद शर्मा को 2023 में एमएमआरडीए सह आयुक्त की कमान सौंपी गई थी। राधाबिनोद शर्मा महाराष्ट्र बीड के जिलाधिकारी रह चुके है। एमएमआरडीए के सह आयुक्त राधाबिनोद शर्मा को मनपा की कमान दिए जाने के बाद स्थानीय नेताओं ने सरकार के इन निर्णय का स्वागत किया है।



# कोपरखैरणे और घणसोली में अवैध निर्माण पर कार्रवाई

▶▶ चार मार्च को जारी की गई थी नोटिस

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग द्वारा नोटिस देने के बावजूद संबंधित व्यक्तियों द्वारा नोटिस का संज्ञान न लेने के कारण, अनधिकृत निर्माण के खिलाफ नवी मुंबई मनपा विभाग की ओर से आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे एवं उप आयुक्त (अतिक्रमण) भागवत डोईफोडे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग द्वारा कोपरखैरणे और घणसोली विभाग में निष्कासन की कार्रवाई की गई। नवी मुंबई मनपा के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत कोपरखैरणे विभाग में (1) मारुति डी. कोरगांवकर, एस. एस. टाइप, रूम नंबर 200, सेक्टर 17, कोपरखैरणे, नवी मुंबई द्वारा किए गए निर्माण पर महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन एवं नगररचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत चार मार्च को नोटिस जारी की गई थी। उक्त निर्माण पर निष्कासन की कार्रवाई की गई और रु.10,000/- का दंड वसूला गया। (2) बीरामबोले राजाराम विठोबा, एस. एस. टाइप, रूम नंबर 201, सेक्टर 17, कोपरखैरणे, नवी मुंबई द्वारा किए गए निर्माण पर भी महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन एवं नगररचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत 04 मार्च को नोटिस जारी की गई थी। उक्त निर्माण पर निष्कासन की कार्रवाई की गई और रु.10,000/- का दंड वसूला गया। (3) जयवंत पी. बांदल, एस. एस. टाइप, रूम नंबर 202, सेक्टर 17, कोपरखैरणे, नवी मुंबई द्वारा किए गए निर्माण पर महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन एवं नगररचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत 04 मार्च को नोटिस जारी की गई थी। निष्कासन की कार्रवाई की गई और रु.10,000/- का दंड वसूला गया।



## जल संसाधन मंत्री ने की जल वितरण और विकास कार्यों की समीक्षा

**मुंबई।** उजनी परियोजना नहर सलाहकार समिति की बैठक मंत्रालय में जल संसाधन मंत्री (गोदावरी और कृष्णा घाटी विकास महामंडल) राधाकृष्ण विखे पाटिल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उजनी परियोजना की नहरों के जल वितरण प्रबंधन और विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उजनी परियोजना में जल भंडारण, 2024-25 के ग्रीष्मकालीन जल योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री एवं सोलापुर जिले के पालकमंत्री जयकुमार गोरे, खेल एवं अल्पसंख्यक मंत्री दत्तात्रय भरणे, विधायक सचिन कल्याणशेट्टी, सुभाष देशमुख, राजू खरे, नारायण पाटिल, अभिजीत पाटिल, उत्तमराव जानकर, समाधान आवताडे, दिलीप सोपल और कृष्णा घाटी विकास महामंडल के कार्यकारी निदेशक अतुल कपोले उपस्थित थे।

# साइबर अपराधों को रोकने को महत्वाकांक्षी परियोजना : योगेश कदम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

- परियोजना के लिए 850 करोड़ का बजट आवंटित
- राज्य के 50 साइबर पुलिस थानें इस प्रणाली से जुड़ेंगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में साइबर अपराधों में भारी वृद्धि हुई है, और इसे नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार ने एक महत्वाकांक्षी साइबर सुरक्षा परियोजना शुरू की है। इस परियोजना के लिए 850 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके साइबर अपराधों को वास्तविक समय में रोकने का प्रयास किया जाएगा, यह जानकारी गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने विधान परिषद में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के उत्तर में दी। साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, नवी मुंबई के महापे में एक अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा केंद्र स्थापित किया जा रहा है।

यह केंद्र कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और क्लाउड-आधारित प्रणाली का उपयोग करेगा, जिससे राज्य भर के 50 साइबर पुलिस थानों को इस प्रणाली से जोड़ा जाएगा। इससे ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में तुरंत कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, एक विशेष रियल-टाइम ट्रैकिंग सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जो संदिग्ध बैंकिंग लेन-देन की निगरानी करेगा। यदि धोखाधड़ी पहले 2-3 घंटे के भीतर रिपोर्ट की जाती है, तो संबंधित धनराशि को तत्काल फ्रीज किया जा सकता है, जिससे आगे की वित्तीय हानि रोकी जा सकेगी, मंत्री ने बताया। यह साइबर सुरक्षा परियोजना अप्रैल 2025 में लागू की जाएगी, और सरकार का लक्ष्य इस अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से साइबर अपराधों को काफी हद तक कम करना है। मंत्री कदम ने यह भी कहा कि यह पहल अन्य राज्यों और यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के लिए भी एक मॉडल बनेगी। ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए, विधान परिषद सदस्य सुनील शिंदे ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया। चर्चा में सतेज उर्फ बंटी पाटिल, सचिन अहीर और निरंजन डावखरे ने भी भाग लिया और अतिरिक्त प्रश्न उठाए।

## संबंधितों के खिलाफ होगी कार्रवाई : उदय सामंत

**मुंबई।** कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के शास्त्रीनगर अस्पताल में प्रसव के लिए एक 26 वर्षीय महिला को 11 फरवरी को भर्ती किया गया था। प्रसव के बाद आंतरिक रक्तस्राव होने के कारण महिला पर शस्त्रक्रिया की गई। शस्त्रक्रिया के बाद महिला की मृत्यु हो गई। इस मामले में ठाणे जिला शल्य चिकित्सक की अध्यक्षता में एक समिति स्थापित की गई है। इस समिति की रिपोर्ट आने के बाद संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, यह जानकरी राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने विधान सभा में आज ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के उत्तर में दी। मोहन मते ने इस बाबत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश किया था।

# महिला दिवस पर रोहिणी लोकरें देंगी 'आर्ट ऑफ लिविंग' पर मार्गदर्शन

- केडीएमसी "ऊर्जा-उत्सव उन्नति का" थीम पर करेगा आयोजन
- महिलाओं के लिए नेल आर्ट और मेहंदी के स्टॉल निःशुल्क उपलब्ध



**कल्याण।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आठ मार्च को महिला दिवस के उपलक्ष्य में मनपा नाट्यगृह में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लेकिन इस वर्ष, मनपा आयुक्त डा. इंदु राणी जाखड़ की अवधारणा के अनुसार, पारंपरिक पद्धति से अलग हटकर "ऊर्जा-उत्सव उन्नति का" इस टैगलाइन के अंतर्गत कल्याण-डोंबिवली मनपा और सिटी पार्क मैनेजमेंट के संयुक्त सहयोग से आठ मार्च को एक अनोखे और अभिनव तरीके से महिला दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कल्याण के गौरीपाड़ा स्थित सिटी पार्क के प्राकृतिक वातावरण में शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित किया गया है। महिला दिवस के अवसर पर शाम 5 बजे सिटी पार्क में आने वाली महिलाओं और आगंतुकों का स्वागत गुलाब के फूल देकर किया जाएगा। महिलाओं के लिए नेल आर्ट और मेहंदी के स्टॉल निःशुल्क उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा, महिलाओं के लिए हीमोग्लोबिन, बोन डेंसिटी और रैंडम शुगर जैसी स्वास्थ्य जांच विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निशुल्क की जाएगी और हीमोग्लोबिन की कमी के लिए आवश्यक दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए जुम्बा डांस, योग और नृत्य प्रस्तुतियां भी होंगी। साथ ही, "माँ और बेटी" की जोड़ी के लिए एक विशेष रैंप वॉक का आयोजन किया गया है। इतना ही नहीं, महिला दिवस की रंगत बढ़ाने के लिए लाइव म्यूजिक का भी विशेष आयोजन किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित विशेषज्ञ डॉक्टरों से महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर खुली चर्चा होगी। इसके अलावा, कुछ चुनिंदा महिलाओं को डॉक्टरों से सीधे सवाल पूछने का अवसर भी मिलेगा। इस कार्यक्रम में मनपा की कार्यकारी अभियंता रोहिणी लोकरें "आर्ट ऑफ लिविंग" पर मार्गदर्शन देंगी। साथ ही, कल्याण-डोंबिवली की उन महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए आकर्षक सेल्फी पॉइंट बनाए जाएंगे और स्वादिष्ट व्यंजनों के कई स्टॉल लगाए जाएंगे। पै फ्रेंड्स वाचनालय द्वारा महिलाओं से जुड़े विषयों पर आधारित पुस्तक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर मनपा आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ स्वयं उपस्थित रहकर महिलाओं को संबोधित करेंगी।

# वसई पश्चिम में सफाई कर्मचारी सम्मान समारोह



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वसई।** वसई पश्चिम स्थित पारनाका (भास्कर आली) में पांच मार्च को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत श्रमदान मुहिम और सफाई कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वसई विरार शहर महानगरपालिका के घनकचरा प्रबंधन विभाग और सहयोगी संस्था अलाइट सोल्यूशन सर्विसेस द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के तहत स्वच्छ महाराष्ट्र अभियान और स्वच्छ वसई विरार अभियान को सफलतापूर्वक लागू करने के उद्देश्य से यह श्रमदान मुहिम,



▶▶ वसई विरार शहर महानगरपालिका का स्वच्छ सर्वेक्षण

सफाई कर्मचारी सम्मान समारोह और स्वच्छ मार्च रैली आयोजित की गई। प्रभाग समिति (आई) में आयोजित इस श्रमदान मुहिम में स्कूल, महाविद्यालयों के शिक्षक-विद्यार्थी, समाजसेवक, जनप्रतिनिधि, पर्यावरण प्रेमी, सोसायटी के नागरिक, महिला बचतगट की महिलाएं, आशा वर्कर, एएनएम कर्मचारी आदि उपस्थित थे। सभी ने वसई पश्चिम के पारनाका रोड से भास्कर आली उद्यान तक सफाई अभियान में श्रमदान किया। इस मुहिम में 150 से 200 विद्यार्थी और नागरिकों ने भाग लिया। प्रभाग समिति (आई) के अंतर्गत 350 सफाई कर्मचारियों में से 10 सर्वश्रेष्ठ सफाई कर्मचारियों का चयन किया गया, जिन्हें उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। वसई विरार मनपा स्वच्छ भारत अभियान के तहत लगातार विभिन्न उपक्रम आयोजित कर रही है, जिससे नागरिकों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। इसके साथ ही, शहर के प्रमुख स्थलों पर स्वच्छता संदेशों के प्रचार-प्रसार के लिए सौंदर्यीकरण किया गया है, जिससे मनपा के प्रयासों की सराहना हो रही है। इस अभियान को वसई-विरार मनपा और सहयोगी संस्थाओं के प्रयासों से अधिक प्रभावी रूप से संपन्न किया गया। नागरिकों की भागीदारी और समर्थन अत्यंत सराहनीय रहा। इस अवसर पर घनकचरा प्रबंधन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण के बिना राष्ट्र को मजबूत नहीं बनाया जा सकता : जैन

**राजसमंद।** देलवाड़ा ब्लॉक के उपली ओड़न गांव में नाबार्ड द्वारा एकजूट महिला एफपीओ और बायफ संस्थान के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीडीएम (जिला विकास प्रबंधक) नाबार्ड आशीष जैन ने महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनने के लिए नाबार्ड से जुड़ने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया। उन्होंने नाबार्ड और सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आशीष जैन ने कहा कि आज के समय में महिलाओं का आत्मनिर्भर बनना जरूरी है। अग्रणी जिला प्रबंधक प्रेम शंकर जीनगर ने बैंकों द्वारा स्वयं सहायता समूह को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। एकजूट महिला एफपीओ से राखी पालीवाल ने एफपीओ और समूह की भूमिका के बारे में जानकारी दी। बायफ संस्थान से देवीलाल जाट ने भी अपने विचार साझा किए। कार्य म में कृषि विभाग के अधिकारियों और सरपंच करोली ने भी भाग लिया।

## वॉलीबाल में इलेक्ट्रोनिक्स ने जीत दर्ज की

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिलानी।** बिरला तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे तकनीकी खेलकूद महोत्सव टेक उत्सव-2025 के दौरान गुरुवार को वॉलीबॉल व क्रिकेट के मैच खेले गए। डिप्लोमा प्राचार्य मनोज कुमार गौड़ ने बताया कि वॉलीबॉल में इलेक्ट्रोनिक्स व कम्प्यूटर साइंस के मध्य हुए मैच में इलेक्ट्रोनिक्स ब्रांच ने 14-07 व 18-05 से जीत दर्ज करते हुए अगले चरण में प्रवेश किया। बैडमिंटन सिंगल में विनीत ने रविंद्र को 10-2 से, अंशु चौधरी ने शुभम को 10-9 से, अजय ने निखिल को 10-0 से, चंदन ने धीरज को 10-7 से, यश ने दीपक को 10-7 से, दुष्यंत ने शशिकांत को 10-9 से हराया तथा गर्ल्स सिंगल में शिवांगी ने सुनिता को 10-3 से हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। आईटीआई प्राचार्य कैप्टन जेपी सिंह ने बताया कि क्रिकेट में मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रीशियन के मध्य खेला गया। जिसमें पहले खेलते हुए मैकेनिकल की टीम ने 45 रन बनाए। जिसके जवाब में इलेक्ट्रीशियन चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर जीत दर्ज की। दूसरा मैच कोपा एवं फीटर के मध्य खेला गया। जिसमें पहले खेलते हुए 99 रन बनाए। जिसके जवाब में फीटर ने तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर सात विकेट से जीत दर्ज की। इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक व इलेक्ट्रीकल के मध्य खेले गए। मैच इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक ने पहले खेलते हुए 52 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए इलेक्ट्रीकल की टीम चार विकेट से जीत हासिल की। सप्ताहभर चलने वाले टेक उत्सव-25 के दौरान बैडमिंटन, शतरंज, कैरेम, एथलेटिक्स, तकनीकी क्विज, तकनीकी सेमीनार सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## विधायक के जन्मदिन पर पहुंचे कार्यकर्ता

**झुंझुनूं।** सिविल लाइन्स से विधायक गोपाल शर्मा के जन्मदिन पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जयपुर पहुंचे। भाजपा नेता महेश बसावतिया के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राजधानी स्थित बाल निवास गार्डन में सिविल लाइंस के विधायक गोपाल शर्मा को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में शर्मा ने कहा शेखावाटी के विकास के लिए कोई कसर छोड़ी नहीं जाएगी। बसावतिया के साथ बूंटीराम जनकल्याण संस्थान के सचिव धीरेंद्र चौधरी, अनंत पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नरेंद्र शर्मा ढाणीवाले, राजेश शर्मा, ओम शर्मा, विनोद शर्मा, चिरंजीलाल आदि उपस्थित थे।

## प्रवासी सोनी ने मुलाकात की सीएम से, आजाद द्वारा लिखी पुस्तक भेंट की

**चिड़ावा।** कस्बे के निवासी तथा दिल्ली प्रवासी लक्ष्मीकांत सोनी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात कर उन्हें झुंझुनूं के प्रमुख सामाजिक चिंतक महेश कुमार शर्मा 'आजाद' की चिड़ावा के प्रमुख दर्शनीय मंदिर तथा राजस्थान के प्रसिद्ध मंदिर नामक पुस्तक भेंट कर उन्हें पुस्तक में वर्णित मंदिरों को समय-समय पर राजस्थान आकर देखने का आग्रह किया। इससे पूर्व चुनाव के दौरान शालीमार बाग में रेखा गुप्ता की एक सभा में भी लक्ष्मीकांत सोनी ने उनका हाथ से बनाकर एक स्केच उन्हें भेंट किया था। विदित है कि लक्ष्मीकांत सोनी सोशल मीडिया पर रील एक्टिविस्ट भाईजी सोनी के नाम से मशहूर हैं।

## मिसाल पेश की

**झुंझुनूं।** बास बुडाना में रोहिताश्व गुर्जर ने अपने लड़के आंनद की शादी श्योनाथपुरा से पूनम पुत्री राजू गुर्जर की पांच मार्च को संपन्न हुई। जिसमें वधु पक्ष की तरफ से कन्यादान के रूप में एक लाख 51 हजार रूपए वर को भेंट किए। दूल्हे आनंद के पिता ने गुर्जर समाज के प्रेरक कर्नल किरोड़ीसिंह बैंसला की दहेज मुक्त गुर्जर समाज का पालन करते हुए कन्यादान के रूप में एक रुपया लेकर बाकी की राशि वधु के परिवार को समाज के लोगों के समक्ष वापिस कर समाज को प्रेरणा दी। जिस पर शादी समारोह में उपस्थित समाज के लोगों ने खुशी जताई तथा प्रेरणा ली।

## फागोत्सव की रहेगी धूम, आज डूंडलोद, कल मुकुंदगढ़ में आयोजन

**मुकुंदगढ़।** फाल्गुन का महीना चल रहा है और होली का त्यौहार आने वाला है। ऐसे में कस्बे सहित पास पड़ौस के इलाकों में फागोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में समीपवर्ती डूंडलोद कस्बे में स्थित शिव वाटिका परिसर में श्याम महोत्सव एवं फाग महोत्सव का आयोजन होगा। शुक्रवार को शाम सात बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। आयोजनकर्ता गिरधारीलाल इंदौरिया ने बताया कि राकेश बावलिया झुंझुनूं और आशीष तुलस्यान कोलकाता के द्वारा अपनी मधुर वाणी से भजनों से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। लक्ष्मणगढ़ की शिव बालाजी ढप मंडली की ओर से फागोत्सव में धमाल, बांसुरी व नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही महाप्रसाद का आयोजन होगा। कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ता तैयारी मे लगे हुए है। इसी तरह, कस्बे के कानोडिया सर्किल के पास आठ मार्च को फागोत्सव मनाया जाएगा। मोहल्ले के लोगों की तरफ से कार्यक्रम होगा। जो आठ मार्च को शाम सात बजे से शुरू होगा। फागोत्सव में शेखावाटी की प्रसिद्ध मंडली के कलाकार चंग पर फाल्गुनी गीत धमाल, बांसुरी व नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे। इसकी तैयारीयां शुरू कर दी गई है।

## खुला-खुला नजर आया झुंझुनूं शहर का गांधी चौक

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं शहर का गांधी चौक अब खुला खुला नजर आ रहा है। सैंकड़ों की गाड़ियों की पार्किंग। जगह-जगह खड़े रेहड़ी ठेले वालों से अटी सड़क को अब अतिक्रमण मुक्त बना दिया गया है। गत दिनों विकसित झुंझुनूं की कल्पना को लेकर गठित झुंझुनूं प्रगति संस्थान के शपथ ग्रहण समारोह में भी यह बात उठी थी। जिसमें पुराने बस स्टैंड पर वाहनों की पार्किंग और रेहड़ी ठेले वालों के लिए चौपाटी विकसित करने का सुझाव दिया था। उसके बाद अब टीआई हरफूल सिंह मीणा ने कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों को पुराने बस स्टैंड पर शिफ्ट करते हुए गांधी चौक को नो व्हीकल पार्किंग जोन घोषित कर दिया। मीणा ने बताया कि उच्चाधिकारियों से भी इस मामले में चर्चा हुई थी। जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है।

# कान्हा पहाड़ी की तलहटी में मिला युवक का शव, तीन दिन से था लापता



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शहर के कान्हा पहाड़ की तलहटी में गुरुवार को एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की पहचान वार्ड नंबर 60 निवासी सिकंदर (38) पुत्र सब्बीर खत्री के रूप में हुई है। मृतक बीते तीन दिनों से लापता था और मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा था। शव से दुर्गंध उठने के कारण स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। झुंझुनूं के कोतवाली थाना प्रभारी नारायण सिंह ने बताया कि गुरुवार शाम पुलिस को टेलीफोन के माध्यम से सूचना मिली कि समस्त तालाब के पास कान्हा पहाड़ की घाटी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की। शव दो तीन दिन पुराना लग रहा है और उससे तेज दुर्गंध आ रही थी। स्थानीय लोग भी घटनास्थल पर एकत्र हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराने की कोशिश की। इस दौरान वार्ड नंबर 60 के कुछ स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव की पहचान सिकंदर के रूप में की। बाद में परिजनों को बुलाया गया, जिन्होंने भी शव की पुष्टि की। मृतक सिकंदर के भाई ने पुलिस को बताया कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ था और अक्सर घर से निकल जाता था। तीन दिन पहले भी वह घर से अचानक गायब हो गया था, लेकिन इस बार वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, मगर उसका कोई पता नहीं चला। सिकंदर चार भाइयों और तीन बहनों में से एक था। सभी भाई-बहनों की शादी हो चुकी थी और वह अविवाहित था। परिवार वालों का कहना है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसके कारण वह कई बार घर छोड़कर चला जाता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की बात कही, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। परिजनों का कहना था कि उन्हें किसी पर कोई संदेह नहीं है और वे शव का अंतिम संस्कार करना चाहते हैं। कोतवाली थाना अधिकारी नारायण सिंह ने बताया कि परिजनों की सहमति के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया है।

## खेत में युवक की बेरहमी से मारपीट

### पीड़ित ने बाड़ी पुलिस थाने में मामला कराया दर्ज

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी थाना इलाके में एक युवक के साथ करीब सात लोगों द्वारा खेत में पटक कर डंडे एवं लात घूंसों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट की घटना 13 फरवरी की बताई जा रही है। घटना के तीन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पीड़ित युवक द्वारा तीन नामजद एवं चार अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित युवक कल्ला पुत्र राजवीर निवासी नगला विधोरा बाबू का पुरा ने बताया कि 13 फरवरी को वह बाड़ी शहर में सैंपऊ रोड़ स्थित पुलिस चौकी गुमट की तरफ आ रहा था। रास्ते में बदमाश बंटू गुर्जर,नीतू गुर्जर एवं योगी मिल गए। तीनों आरोपी कट्टा दिखा कर बाइक पर बिठाकर नजदीकी गांव अतिराज का पूरा ले गए थे। खेत में ले जाकर आरोपियों ने बंधक बना दिया और मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने तीन से चार बदमाशों को और बुला लिया था। सभी बदमाशों ने खेत में पटक कर डंडे एवं लात घूंसों से बेरहमी से मारपीट की और प्राइवेट पार्ट में पेट्रोल डालकर यातनाएं दी। पीड़ित का आरोप है,कि आरोपियों ने 7 हजार रूपये छीन लिए और घटना के संदर्भ में रिपोर्ट दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। मारपीट के बाद आरोपियों ने 10 लाख रुपए रंगदारी की मांग रखी थी। युवक के साथ बेरहमी से मारपीट कर सभी बदमाश फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि बदमाशों के भय की वजह से अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं कराया था। बुधवार को बदमाशों ने फिर से 10 लाख रुपए की डिमांड रखी थी। इसके बाद पीड़ित ने बाड़ी कोतवाली पुलिस थाने में बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि- युवक काफी भयभीत था। पुलिस ने बुलाकर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

युवक कल्ला कुशवाह के साथ की गई मारपीट के तीन अलग-अलग वीडियो सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफार्म पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो के अंतर्गत आरोपियों द्वारा युवक को खेत में पटक कर डंडे एवं लात घूंसों से बेरहमी से मारपीट की जा रही है।

### कौन है बंटू गुर्जर

बंटू गुर्जर अतिराज का पुरा का रहने वाला है और वह कंचनपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ कंचनपुर, बाड़ी और जिले के कई अन्य थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। बंटू गुर्जर हत्या के प्रयास,लूट,रंगदारी,फायरिंग जैसी संगीन वारदातों को अंजाम दे चुका है। बंटू गुर्जर का अपराध से पुराना नाता रहा है। जिले के हार्डकोर अपराधियों में शुमार है।

### डीवाईएफआई ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

# पटवारी भर्ती में पदों में वर्गीकरण को लेकर विरोध



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा जारी पटवारी भर्ती 2025 में पदों के वर्गीकरण को लेकर गुरूवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा ने झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर स्थित कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इसके बाद जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा जारी पटवारी भर्ती 2025 के नोटिफिकेशन में आरक्षण के प्रावधानों के साथ छेड़छाड़ की गई है। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता समय पर न दिए जाने के विरोध किया गया। डीवाईएफआई के जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर ने बताया कि पटवारी भर्ती 2025 में आरक्षण के नियमों का सही से पालन नहीं किया गया है। गैर-अनुसूचित क्षेत्र में कुल 1733 पदों की भर्ती होनी है, लेकिन आरक्षण का सही तरीके से आवंटन नहीं किया गया। एससी वर्ग को 277 पद मिलने चाहिए थे। लेकिन केवल 229 पद दिए गए। एसटी वर्ग को 208 के बजाय 175 पद, ओबीसी को 364 के बजाय 303 पद ही आवंटित किए गए। वहीं, ईडब्लूएस वर्ग को तय 173 की बजाय 405 पद दे दिए गए। जिससे यह साफ होता है कि आरक्षण नीति में गड़बड़ी की गई है। राज्य सरकार द्वारा दिया जाने वाला बेरोजगारी भत्ता अनियमित रूप से मिल रहा है। बेरोजगार युवाओं को कभी चार महीने बाद तो कभी आठ महीने बाद भत्ता मिल रहा है। जिससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। एक ओर सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही, तो दूसरी ओर बेरोजगारी भत्ता भी समय पर नहीं दिया जा रहा। इस मौके पर जिला महासचिव योगेश कटारिया, अनिश धायल, कृष्ण सैनी, अजहरुद्दीन गहलोत, तौफिक खोखर, सिकंदर पहाड़ियान, सोहेल बहलीवान, नवीन डेविल, सीमांत जांगिड़, अंकित सैनी, शुभम सैनी, अंकित कटारिया, नितेश बिंजूसर, मोनू, प्रमोद सैनी, प्रशांत भास्कर, दीपक इत्यादि मौजूद रहे।

### आज देंगे एसडीएम को ज्ञापन

**चिड़ावा।** अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा एसडीएम को शुक्रवार को ज्ञापन दिया जाएगा। किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष बजरंगलाल बराला ने बताया कि जिले में वर्तमान में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित फसल का मुआवजा, 765 केवीए हाई टेंशन बिजली लाइनों से लगने वाले टॉवर व कॉरिडोर तथा पेड़ों, फसल, मकान, ट्यूबवैल का नुकसान का बाजार भाव से चार गुना मुआवजा एक मुश्त किसान के खाते में जमा करके ही काम चालू करने, एमएसपी को कानूनी मान्यता देने, नई राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति बंद करने, बिजली सुधार कानून 2023 को वापस लेने, समर्थन मूल्य पर कृषि जींसों की खरीद तहसील स्तर पर करने, यमुना जल समझौता 1994 लागू करते हुए झुंझुनूं जिले को हिस्सा का पूरा पानी देने, रबि फसल 2022-23 का बकाया मुआवजा देने, बकाया फसल बीमा क्लेम किसान को देने, दूध का समर्थन मूल्य तय करने, गाय का दूध 60 रूपए तथा भैंस का 80 रूपए करने की मांग की जाएगी।



## झुंझुनूं एकेडमी शटलर लोकेश गुर्जर को मिली विक्टर कंपनी से स्पॉन्सरशिप

### बैडमिंटन नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट होने के कारण कंपनी प्रतिवर्ष करती रहेगी स्पॉन्सर

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी हमेशा से ही नवाचारों की कर्मस्थली रही है। शैक्षिक क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान रचने के बाद खेल क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। इसी कड़ी में झुंझुनूं एकेडमी स्कूल के कक्षा पांच के दस वर्षीय छात्र लोकेश गुर्जर ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

नवलगढ़ के मोहनवाड़ी निवासी एवं नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट बैडमिंटन प्लेयर लोकेश गुर्जर पुत्र तेजपाल गुर्जर को खेल उपकरण बनाने वाली ताइवान की प्रसिद्ध विक्टर कंपनी ने खेल जगत की उभरती प्रतिभा के अनुरूप स्पॉन्सर कर बैडमिंटन किट में रैकेट्स, जूत्ते, किट बैग, टी-शर्ट, ट्रैक सूट, गेम शर्ट एवं टॉवल सहित अनेक प्रकार की खेल सामग्री उपलब्ध करवाई है। जानकारी देते हुए बैडमिंटन कोच नितेश कुमार ने बताया कि लोकेश को बैडमिंटन नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट होने के कारण प्रतिवर्ष विक्टर कंपनी स्पॉन्सर करती रहेगी तथा खेल सामग्री उपलब्ध करवाती रहेगी। उन्होंने बताया कि मात्र दस वर्ष की आयु में बैडमिंटन में लोकेश ने नेशनल लेवल पर गोल्ड मैडल जीते हैं। इसी कारण स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा भी लोकेश गुर्जर को सम्मानित किया जा चुका है। जो सम्पूर्ण राजस्थान के इतिहास में बड़ा कीर्तिमान है। लोकेश गुर्जर ने अक्टूबर 2024 अजमेर में आयोजित राजस्थान स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंगल एवं डबल्स दोनों वर्ग में चैंपियनशिप जीतकर गोल्ड मैडल जीता तथा नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए चयनित हुआ।

# मंडावा नगरपालिका के करोड़ों के निकाले टैंडर का मामला सुर्खियों में

### निजी लाभ और बोर्ड को हानि पहुंचाने की चेयरमैन नरेश सोनी, ईओ प्रमोद जांगिड़ व जेईएन महेश महावर की हुई थी शिकायत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडावा।** नगरपालिका मंडावा में गत माह में हुए करोड़ों के टेंडर को लेकर कूटरचित तरीके से निविदा के प्रकाशन करने का मामला सामने आया है। झुंझुनूं लोकसभा से रहे प्रत्याशी शुभकरण चौधरी और भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी की ओर से की गई शिकायत दर्ज कराई गई थी पालिका से संबंधित विभाग स्थानीय निकाय विभाग जयपुर के उपनिदेशक (क्षेत्रीय) विनोद पुरोहित द्वारा शिकायत के बाद मामले में मांगी गई जानकारी में तथ्यात्मक टिप्पणी एवं दस्तावेजों में अनियमितता पाया जाना प्रतीत होने पर जांच हो रही है। शिकायतकर्ताओं ने मंडावा नगर पालिका चेयरमैन नरेश सोनी, ईओ प्रमोद जांगिड़ व जेईएन महेश महावर पर निजी लाभ और बोर्ड को हानि पहुंचाने की शिकायत दर्ज करवाई गई थी। पालिका द्वारा 19 कार्यों की निविदा मामले को लेकर नियम अनुसार कार्य नहीं किया तथा निजी लाभ व संस्था को हानिकारित करने मामले को लेकर कई तरह की अनियमितताएं सामने आने के बाद जांच की जा रही है। इस मामले को लेकर निदेशालय के आदेशों की अवहेलना तथा जानबूझकर कूट रचित तरीके से किसी व्यक्ति विशेष फर्म को लाभ पहुंचाने के लिए किया जाना प्रतीत होना माना है। निविदा पालिका अध्यक्ष व ईओ के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी की गई तथा समान प्रकृति के कार्यों की भी जानबूझकर नियमों की अवहलेना कर एवं अधिकारों का अतिक्रमण करने की नियत से निविदा आमंत्रित की गई। निविदा कार्यों को टुकड़ो में विभाजित कर 25 लाख रुपए की सीमा से नीचे लाकर अध्यक्ष के रूप में अपने प्रदत्त अधिकारों का दुरुपयोग कर अनियमित एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। निविदा में एसपीसी पोर्टल पर प्रकाशन का कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं और समाचार पत्रों में भी निविदा का प्रकाशन नहीं किया गया तथा निविदा को ई- फ्रोक पोर्टल पर नगर पालिका बिसाऊ कार्यालय से डाला गया तथा ई- प्रोक पर निविदा प्रकाशन में डॉक्यूमेंट डाउनलोड/सेल स्टार्ट दिनांक व समय तथा बिड सबमिशन एंड दिनांक व समय जिस प्रकार अंकित किया है। वह किसी भी तरह से मानवीय भूल नहीं दर्शाकर जानबूझकर कूटरचित तरीके से किया जाना प्रमाणित होता है। जिसका मात्र उद्देश्य था कि निविदा का पता फर्म विशेष के अलावा अन्य किसी को नहीं चले। जांच मामले को लेकर पालिका अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी व कनिष्ठ अभियंता तीन मार्च को जयपुर में अपना स्पष्टीकरण भी दर्ज करवा चुके हैं।

## सीकेआरडी मेमोरियल हॉस्पिटल में जांघ की हड्डी की सफल सर्जरी

**झुंझुनूं।** सीकेआरडी मेमोरियल अस्पताल लगातार स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं के लिए अपनी पहचान बनाए जा रहा है। इन्हीं चिकित्सा उपलब्धियों में एक और अध्याय शामिल हुआ। जब 115 साल की महिला जमना देवी की सीकेआरडी मेमोरियल अस्पताल में सफल सर्जरी की गई। दरअसल जमना देवी की जांघ की हड्डी के फेक्चर की सफल सर्जरी की गई। यह प्रक्रिया डॉ. अमित उदयपुरिया द्वारा एनेस्थेटिस्ट डॉ. जेके शर्मा सहित उनकी समर्पित सर्जिकल टीम द्वारा पूरी की गई। जिसमें अनूप कुमार शर्मा और अविनाश के साथ की गई। डॉ. जेके शर्मा एनेस्थेटिस्ट के अनुसार यह एक शानदार सफलता थी और उनकी सामूहिक विशेषज्ञता और सावधानीपूर्वक ध्यान देने के कारण शतायु महिला का शीघ्र स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित हुआ और सर्जरी के कुछ ही दिनों बाद पांच फरवरी को अच्छे स्वास्थ्य में छुट्टी दे दी गई।

## मण्डावर पंचायत के नवाचार हम सब के लिए अनुकरणीय : देववाणी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार योग गुरु बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण की शिष्या साध्वी देववाणी व साध्वी देव गरिमा ने ग्राम पंचायत मण्डावर का प्रवास किया। इनके साथ राजस्थान योग महिला प्रभारी विजय लक्ष्मी शर्मा, महिला महामंत्री तारा चौहान, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रामलाल रेगर, पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी लक्ष्मणसिंह खोखावत, राजसमन्द महिला जिला प्रभारी आशा सोलंकी, तहसील प्रभारी अनुराधा नटराज, योग प्रशिक्षक भपेंद्रसिंह बग्गड़ सहित पतंजलि योगपीठ से जुड़े महानुभावों ने ग्राम पंचायत मण्डावर के द्वारा किये गए नवाचारों, अभियानों, प्रयासों की गैलेरी का अवलोकन किया। सरपंच प्यारी कुमारी चौहान व तहसील प्रभारी अनुराधा नटराज के नेतृत्व में स्वागत अभिनंदन किया गया। विभिन्न नवाचारों अभियानों, नशा मुक्ति के लिए किए गए प्रयासों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। साध्वी देववाणी ने मण्डावर जैसे गांवों को विश्व परिदृश्य पर उभारने पर पतंजलि योग ग्राम निरन्तर प्रयासरत है। योग व आयुर्वेद प्रचलन का दिया मंत्र साध्वी देववाणी ने राउमावि मण्डावर में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ आरोग्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति सचेत रहने के साथ दिनचर्या में सुधार के लिए मंत्र दिए। समय पर सोने और समय पर उठने के बारे में बताया। ऑर्गेनिक कृषि के बारे में बताते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरक का उपयोग नहीं करने, देसी खाद का उपयोग करने के महत्ता बताई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संगीता मीना, व्याख्याता अनिल कुमार, जगदीश चावला, मूली देवी, जसोदा देवी, कृष्णा चौहान, उर्मिला देवी समेत विद्यार्थी व ग्रामीण उपस्थित थे। संचालन पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रामलाल रेगर ने किया। मण्डावर सरपंच प्यारी कुमारी चौहान व प्रधानाचार्य संगीता मीना ने आभार व्यक्त किया।

**नाम परिवर्तन**

मैं खीमाराम खंगाररामजी चौधरी पुत्र श्री खंगाररामजी चौधरी निवासी ढारिया, तहसील रानी जिला पाली (राजस्थान) बयान करता हूं कि मेरा नाम खीमाराम खंगाररामजी चौधरी (KHIMARAM KHANGARRAMJI CHOUDHARY) दर्ज हैं जबकि पूर्व में बने पासपोर्ट में मेरा नाम खीमा राम खंगार राम चौधरी (KHIMA RAM KHANGAR RAM CHOUDHARY) दर्ज है उक्त दोनों नामों का मैं एक ही व्यक्ति हूँ दूसरा अन्य कोई नहीं है। यदि इन नामों को लेकर भविष्य में वाद विवाद होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

## दर्जी समाज की बैठक 9 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** विठ्ठलेश्वर नामदेव दर्जी समाज सेवा संस्थान मातृकुंडिया दर्जी समाज की बैठक रविवार को नवनिर्मित सभा भवन में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी अध्यक्ष इन्द्रमल रुणवाल ने दी।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER P.H.E.D. DISTT. DN. SOUTH BARMER**

Phone No. 02982-220502 E mail : eesouthbmr@gmail.com

No : E.E./PHED/S/2024-25/ Date :

**Notice Inviting Bid (47)**

Bids for Construction and commissioning of hand pump work are invited from interested bidders upto 01:00 PM (time) 10.03.2025 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.

NIB code - PHE2425A4830
UBN no. PHE2425WSOB10475

DIPR/C/2787/2025

Executive Engineer
PHED Distt. Dn. South Barmer

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. SIROHI**

No.E.E/NIB/2024-25/5792-5805 Dated: 28/02/25

**Short Time Notice Inviting Bid No -23/2024-25**

NIB Code: PWD2425A4566

Bids for Mtc. work are invited from interested bidders upto 3.00 P.M. 10.03.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal sppp.raj.nic.in of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 4.16 Lacs.

UBN No.
1. PWD2425WSOB16382

Executive Engineer
PWD Div. Sirohi

**कार्यालय नगर परिषद सिरोही (राजस्थान)**

क्रमांक/नपसि/भू.उ.प./2024-25/1165 दिनांक 06/03/2025

-:: आपत्ति सूचना ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित प्रार्थी द्वारा सिरोही नगरपरिषद क्षेत्र में स्थित अपनी भूमि का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन कराने हेतु आवेदन किया है। अतः इस बाबत् किसी को किसी प्रकार की आपत्ती होतो सूचना के 7 दिन में निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा बाद म्याद नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

| क्र. स. | नाम आवेदक | आवेदित स्थल | क्षेत्रफल | चाहा गया भू उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमति इन्दु देवडा पत्नि श्री धनराज जी देवडा निवासी झालरा रोड सिरोही। | आवेदित स्थल-पेलैस रोड पर राजगुरू द्वारा के पास सिरोही। पट्टा स 60 दिनांक 27.05.1948 | 268.74 वर्गफीट | मिश्रित प्रयोजनार्थ |

आयुक्त, नगर परिषद् सिरोही

आज़ादी का अमृत महोत्सव

E mail:-palikaabu@yahoo.in
फोन न. 02974-235172

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, आबूपर्वत, सिरोही (राज0)**

क्रमांक / न.पा.भूमि / हस्ता0/2025/8335 दिनांक :- 6/3/25

**आपत्ति आमंत्रण-पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न प्रार्थी अपने होटल/भूखण्ड के सम्पति नामान्तरण कराने हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसकी विवरण निम्न प्रकार है :-

| आवेदनकर्ता का नाम | मौजा/स्थान पटटा संख्या/भूखण्ड संख्या विक्रय विलेख दिनांक | चतुर्दशी दिशा | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| श्री हंसराज भालचन्द्र रावल पुत्र श्री भालचन्द्र रावल, कुवारी कन्या रोड, देलवाडा, आबूपर्वत। | (1) तत्कालीन सिरोही स्टेट द्वारा जारी पट्टा सं. 166 दिनांक 23.12.1905 (2) नगरपालिका द्वारा जारी सम्पति हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 2522 दिनांक 02.01.2014 (3) विल दिनांक 04.09.2017 | **उत्तर में** : नाप 15 फुट है व माफिक पट्टा डूगरवाल भला गोदारा वे वरजाबाई का घर है जहां वर्तमान में जैन मंदिर का मकान है। **दक्षिण में**: नाप 15 फुट है व बदाजी का मकान है। **पूर्व में** : नाप 31 फुट है व हिम्मतसिंह का मकान है। **पश्चिम में** : नाप 31 फुट है व रास्ता है। | आवेदित स्थल कुवारी देलवाडा, मौजा कन्या रोड, आबूपर्वत जिसका कुल क्षेत्रफल 240 वर्गफुट है। |

अतः अगर किसी को इस विषय में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय सबूत दस्तावेज के जो इस मामले से संबंधित हो इस सूचना की प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा उक्त अवधि की कार्य समाप्ति के पश्चात् कोई आपति स्वीकार नही होगी। यह सूचना आज दिनांक 06.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई।

आयुक्त, नगरपालिका आबूपर्वत

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, शिवगंज, जिला सिरोही**

क्रमांकः न.पा.शि./भूमि/2024-25/6076 दिनांक : 18.02.2025

**|| आपत्ति विज्ञप्ति पत्र ||**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक द्वारा निम्नानुसार उपविभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जो निम्न प्रकार है।

| क्र. स. | ऑनलाईन आवेदन क्रमांक | आवेदक का नाम व पता | आवेदित स्थल | भूखंड की चतुर्दशी | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | LSG/SDRC/ 2024-25/57163 | श्री श्रवण कुमार पुत्र सागरमलजी, जाति-सुथार, निवासी- मैन बाजार बेडा, तहसील - बाली, जिला-पाली (राज.) | श्रीजी नगर विस्तार पार्ट-3, शिवगंज | उ. : आबादी भूखण्ड संख्या 64, 65 व 66 स्थित है। द. : आबादी भूखण्ड संख्या 72, 73 व 74 स्थित है। पू. : आबादी भूखण्ड संख्या 74 का शेष हिस्सा स्थित है। प. : आम रास्ता 30 फीट चौडा एवं प्लॉटो का निकाल स्थित है। | 562.50 वर्गफीट अर्थात 52.28 वर्गमीटर |

उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति विशेष को भी इस भूमि/भवन के उपविभाजन बाबत् आपति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष 07 दिवस के भीतर-भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ लिखित में आपति प्रस्तुत करे। अन्यथा निर्धारित समयावधि के पश्चात् उपविभाजन की कार्यवाही की जावेगी एवं किसी भी प्रकार की आपति को स्वीकार कर आपति पर विचार नही किया जायेगा। उक्त आपति विज्ञप्ति पत्र आज दिनांक 18.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर से जारी की गई।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, शिवगंज

## सुविचार

सफलता में दोषों को मिटाने की विलक्षण शक्ति है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## फूहड़ता पर लगाम लगाए सरकार

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने बिहार सरकार से फूहड़ भोजपुरी और हिन्दी गानों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। अपनी मांग के पक्ष में उन्होंने कहा कि, फूहड़ भोजपुरी तथा हिन्दी गाने बिहार की स्कूल और कॉलेज जाने वाली लड़कियों और महिलाओं का पीछा छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं और वे नजरें झुकाकर सड़क पर चलने को मजबूर हैं। अपनी मांग के पक्ष में नीतू चंद्रा ने कहा कि भाषा का आड़ लेकर महिलाओं के शरीर पर किसी तरह की कमेंट नहीं होनी चाहिए फिर भोजपुरी भाषा को तो मैं देश-विदेश तक लेकर गई हूं। भोजपुरी भाषा में मैं सम्मान भी लेकर आई हूं ऐसे में भोजपुरी भाषा के आड़ में कोई महिलाओं के लिए गंदे कमेंट्स वाले गाने नहीं बर्दाश्त किए जा सकते हैं। पटना उच्च न्यायालय में एक पीआईएल दाखिल किया गया है जिसकी अगुवाई सीनियर एडवोकेट निवेदिता निर्विकर ने विधिवत शशि प्रिया द्वारा सहायता किया जा रहा है। महिलाओं को कभी किसी को वस्तु समझने की भूल नहीं करनी चाहिए क्योंकि महिला का अपमान सदैव दुखदाई परिणाम का गवाह रहा है। अभिनेत्री की यह मांग पूर्णतया उचित एवं समय की मांग है। इस पर सरकार को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। क्योंकि इन्हीं गानों के चलते महिलाएं घर में टीवी भी देखना पसंद नहीं करती हैं। यह अलग बात है कि ऐसे गाना गाने वाले कई गायक आज प्रसिद्धि हासिल कर चुके हैं, जो समाज और देश के विकास में बाधक बन सकते हैं। जब लड़कियां या महिलाएं, सड़क पर सुरक्षित चल नहीं पायेंगी, तो क्या वे विकास के बारे में खाक सोच पायेंगी। शराबी पतियों से महिलाओं को बचाने के लिए यदि कोई सरकार अपने राज्य में शराबबंदी का कानून ला सकती है तो क्या वह स्कूल-कॉलेज जाने वाली लड़कियों तथा महिलाओं के लिए इन फूहड़ गानों पर पर प्रतिबंध नहीं लगा सकती है। अभिनेत्री ने तो केवल  बिहार में इन गानों के निर्माण और बजाने पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगाने की मांग की है। पर हकीकत यह है कि इसे राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित करने की जरूरत है। क्योंकि इन गानों की पहुंच आज यू ट्यूब और सोशल मीडिया की वजह से हर एक व्यक्ति तक हो गई है। वहीं इन पर बनने वाली रिल्स तो और भी अश्लील हैं, जिनपर नकेल कसना बहुत जरूरी हो गया है। क्योंकि इस प्रकार के फूहड़ गाने महिलाओं में असुरक्षा की भावना पैदा करते हैं तथा इन गानों का छोटे-छोटे बच्चों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ये गाने समाज को गलत दिशा में ले जा सकते हैं और महिलाओं के प्रति सम्मान को कम कर सकते हैं। आज जरूरत है कि लोग भी व्यक्तिगत रूप से इस प्रकार के गानों एवं इन्हें गाने वाले गायकों का बहिष्कार करें।

### ब्रिटेन में तिरंगे का अपमान

# सख्त से सख्त कदम उठाये भारत



विजय कपूर

इन दिनों छह दिन की ब्रिटेन यात्रा में गये विदेश मंत्री एस जयशंकर गुजरे 5 मार्च 2025 को जब लंदन के चौथम हाउस थिंक टैंक में 'भारत का उदय और विश्व में भूमिका' विषय पर संवाद सत्र में भाग लेकर वापस जा रहे थे, तभी एक खालिस्तानी आंदोलनकारी न सिर्फ उन पर बढ़कर हमले की कोशिश की बल्कि विदेश मंत्री के सामने ही हमारे राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ दिया और देश के विरुद्ध अपमानजनक नारे लगाये। हालांकि ब्रिटिश पुलिस ने इस शख्स को तुरंत दबोच लिया लेकिन वह चाहती तो ऐसी नौबत ही न आने देती। हिंदुस्तान में हम किसी ब्रिटिश नागरिक के आसपास तो दूर ब्रिटिश हाई कमीशन से भी आंदोलनकारियों को 50 गज दूर रखते हैं।

इमेज

नई दिल्ली स्थित किसी भी विदेशी दूतावास या हाई कमीशन के बाहर जब भी कोई विरोध प्रदर्शन होता है तो पुलिस किसी तरह का जोखिम उठाते हुए प्रदर्शनकारियों को कम से कम 50 गज दूर रखती है। कोई गफलत पैदा न हो इसलिए 50 गज दूर एक रस्सी बांध दी जाती है। लेकिन विदेशों में चाहे ब्रिटेन हो या कनाडा, लोकतंत्र और मानवाधिकारों के नाम पर ये भारत विरोधी ताकतों को सर पर चढ़ाकर रखते हैं। लंदन में वायरल हुए वीडियो से पता चलता है कि भारत विरोधी प्रदर्शनकारी विदेश मंत्री के 4-5 मीटर तक पहुंच गया था, यह खतरनाक हो सकता था। हालांकि पूरे समय वहां ब्रितानी पुलिस मौजूद थी, लेकिन इसी वजह से तो यह और खतरनाक है। आमतौर पर वीआईपी प्रोटोकॉल के चलते सिर्फ किसी वीआईपी की जान की सुरक्षा का ही प्रोटोकॉल नहीं होता बल्कि उसके निकट किसी अपमानजनक स्थितियां या असहज करने वाला माहौल न पैदा हो, इसका भी ध्यान रखा जाता है। लेकिन इस सन्दर्भ में  वायरल हुए वीडियो में दिख रहा है कि प्रदर्शनकारी विदेश मंत्री के नजदीक पहुंचकर न केवल तिरंगे को फाड़ा बल्कि भारत के खिलाफ अपमानजनक नारे भी लगाए, जिसे साफ़ सुना जा सकता है। भारत सरकार को यह सब हल्के में नहीं लेना चाहिए, भले ब्रितानी प्रधानमंत्री ही क्यों न, इस सबके लिए माफी मांग लें। क्योंकि वह एक औपचारिक माफी होगी, जबकि भारत के विरोधी तो पूरी दुनिया के सामने हमारा विरोध करने की अपनी कुटिल रणनीति में सफल ही हो गये। सवाल है ब्रिटेन हो या कनाडा, नीदरलैंड हो या अमेरिका, जर्मनी हो या फ्रांस। आखिर पश्चिमी देशों में भारत विरोधियों को मानवाधिकारों और लोकतंत्र के नाम पर इस तरह सिर क्यों चढ़ाया जाता है? यह कोई सहजता में घट जाने वाली घटना नहीं है, इसके पीछे दूरगामी राजनीतिक और कूटनीतिक वजहें हैं। ब्रिटेन में भारतीय प्रवासियों का एक बड़ा समुदाय है, जिसमें बड़ी तादाद में पंजाबी सिक्ख हैं। ये समुदाय राजनीति में सक्रिय हैं और कुछ थोड़े से तत्व इनमें खालिस्तानी विचारधारा का समर्थन करते हैं। अब चूंकि




ब्रितानी लेबर पार्टी सिक्ख वोट हासिल करने के लिए खालिस्तान समर्थकों के प्रति नरमी बरतती है, इसलिए ब्रिटेन में न सिर्फ कई सांसद खालिस्तानी समर्थकों से जुड़े होते हैं बल्कि उनके दबाव में जब, तब ये भारत विरोधी बयान भी देते रहते हैं। इसके अलावा एक दूसरा बड़ा कारण अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पाखंड है। पश्चिमी देश खुद की सम्प्रभुता को तो इतना महत्वपूर्ण मानते हैं कि उसके आसपास भी किसी तरह के विचार को फटकने नहीं देते, लेकिन भारत की स्वतंत्रता और सम्प्रभुता उन्हें कतई महत्वपूर्ण नहीं लगती। यहां तक कि ऐतिहासिक और अपनी मनोवैज्ञानिक भावनाओं से तो ये इसका मन ही मन विरोध भी करते हैं। उन्हें लगता है कि अभी कुछ दशकों तक तो भारत हमारा गुलाम था, आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने की शान कैसे पा रहा है? यही वजह है कि चाहे कनाडा हो, चाहे ब्रिटेन हो, इन देशों में जहां जहां कॉमन वेल्थ छतरी और संस्कार हैं, वहां वहां जानबूझकर भारत को कम महत्व देने की सजग कोशिश की जाती है। ब्रिटिश सरकार को बहुत अच्छी तरह से पता है कि पिछले काफी दिनों से मुट्ठीभर खालिस्तानी, कनाडा से लेकर अमेरिका तक रह रहकर भारत विरोधी प्रदर्शन का मौका ढूंढ़ते रहे हैं। ऐसे में जब भारतीय विदेश मंत्री अपनी महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान ब्रिटेन में मौजूद हों और उनके खिलाफ भारत विरोधी आंदोलन करने में सिर के बल खड़े हों, तब तो ब्रितानी सरकार और स्थानीय प्रशासन को अतिरिक्त सजगत बरतते हुए, इन्हें भारतीय विदेश मंत्री के आसपास भी कहीं नहीं फटकने देना चाहिए था। लेकिन ब्रिटेन का शासन ही नहीं बल्कि प्रशासन भी अभी तक औपनिवेशिक हैंगओवर से बाहर नहीं आया। ब्रिटेन अभी भी भारत को छोटे भाई के सरीखे व्यवहार करने का आदी है। क्योंकि ब्रिटेन ने कभी भारत पर औपनिवेशिक राज किया था, इसलिए वह हमारी ताकत, दुनिया में मिलने वाले हमारे महत्व के संदर्भ में सहज नहीं है। भारत एक ग्लोबल पावर के रूप में उभर रहा है, यह बात इन्हें किसी भी तर्क से हजम नहीं होती। इसलिए अप्रत्यक्ष रूप से ये तमाम देश अपने यहां भारत विरोधी ताकतों को हवा देकर हमें दबाव में रखने की कोशिश करते हैं। सिर्फ भारत विरोधी, भारतीय ताकतें ही नहीं बल्कि ब्रिटेन में पाकिस्तान की लॉबिंग भी काफी मजबूत है। हम सब जानते हैं कि किस तरह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई हमेशा ही खालिस्तानी आंदोलनकारियों के कंधे में हाथ रखती रही है। इस समय भी तमाम मीडिया खबरें जो छन छनकर बाहर आ रही हैं, उनसे साफ है कि ब्रिटेन हो या कनाडा हर जगह खालिस्तानी ताकतों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई हवा दे रही है।


भारत को इन सारी हकीकतों को जानते हुए ब्रिटेन के खिलाफ विदेश मंत्री जयशंकर पर हमले की कोशिश और उनके सामने तिरंगे के अपमान को जरा भी हल्के में नहीं लेना चाहिए बल्कि सख्त से सख्त कदम उठाने चाहिए। हमें ब्रिटने को कड़ा संदेश देना चाहिए कि वह हमें हल्के में नहीं ले सकता। क्योंकि फिलहाल हमें ब्रिटेन की कम, ब्रिटेन को हमारी जरूरत ज्यादा है। पिछले दो सालों से अलग अलग ब्रितानी प्रधानमंत्री यूं ही भारत के आगे पीछे घूमकर व्यापार समझौते की कोशिश नहीं कर रहे, आज भारत दुनिया के व्यापार नक्शे में एक बड़ी ताकत है और भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तेजी से आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था है। ब्रिटेन को हमारी इस विकास कर रही अर्थव्यवस्था से अपने फायदे वाला व्यापार समझौता भी करना है। हमसे कई तरह की रियातें भी लेनी है और हमें कूटनीतिक और मनोवैज्ञानिक रूप से छोटा भी साबित करना है, ऐसा हो नहीं सकता। भारत को ब्रिटेन सहित सारी पश्चिमी सरकारों को सख्त लहजे में संदेश देना चाहिए कि वो किसी भी भारत विरोधी रवैय्ये को जरा भी बर्दाश्त नहीं करेगा।

## पंचांग

शुक्रवार, 7 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - फाल्गुन
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - अष्टमी 09.19 तक
- वार - शुक्रवार
- नक्षत्र - मृगशिरा 23.32 तक
- योग - प्रीति 18.15 तक
- करण - बालव 20.45 तक
- सूर्योदय - 06.55 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.44 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.58 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.45 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - वृषभ 11.46 तक
- अभिजित् मुहूर्त - 12.26 से 13.13
- राहु काल - 11.20 से 12.49
- व्रत, त्यौहार - दुर्गाष्टमी, रवियोग 23.32 प्रारंभ, दादूदयाल जयंती, होली अष्टाह्निका विधान प्रारंभ
- दिशा शूल - पश्चिम

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## जानें पारद शिवलिंग को क्यों माना गया है विशिष्ट

छत्तीसगढ़ में भगवान भोलेनाथ के कई ऐतिहासिक और प्राचीन मंदिर हैं, जहां स्वयंभू शिवलिंग स्थापित है, लेकिन जब अनोखे शिवलिंग की बात होती है, तो भक्तों के मन में पारद शिवलिंग को लेकर विशेष जिज्ञासा रहती है। राजधानी रायपुर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित सुमेरु मठ में पारद शिवलिंग की स्थापना की गई है, जिसे रशेश्वर शिवलिंग के नाम से जाना जाता है। इस अद्वितीय शिवलिंग की विशेषता इसे अन्य शिवलिंगों से अलग बनाती है, और श्रद्धालुओं के लिए यह आध्यात्मिक आस्था का केंद्र बन चुका है।

**पारा को माना गया है अत्यंत पवित्र धातु**

सुमेरु मठ के पीठाधीश्वर प्रचंड वेगनाथ जी महाराज ने लोकल 18 को बताया कि यह शिवलिंग पारे यानी पारद से निर्मित है। पारद को भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में अत्यंत पवित्र और प्रभावशाली धातु माना गया है। शास्त्रों के अनुसार, भगवान शिव के वीर्य को ही पारद कहा गया है। इसलिए, इससे निर्मित शिवलिंग को सर्वोच्च और सर्वशक्तिमान माना जाता है। मान्यता है कि पारद शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि यह स्वतः प्राण प्रतिष्ठित होता है। पीठाधीश्वर प्रचंड वेगनाथ जी महाराज ने आगे बताया कि पारद शिवलिंग की पूजा करने से व्यक्ति को जीवन के समस्त कष्टों से मुक्ति मिलती है। यह न केवल आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी माना जाता है। पारद शिवलिंग की उपासना करने से सभी प्रकार के ग्रह दोष समाप्त हो जाते हैं। इसे घर में स्थापित करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसकी पूजा करने से आयु, धन, सुख, सौभाग्य और समृद्धि प्राप्त होती है। साथ ही कहा जाता है कि पारद शिवलिंग के दर्शन मात्र से भी पापों का नाश हो जाता है।

**शिव साधना का सर्वोत्तम रूप है पारद शिवलिंग**

सुमेरु मठ रायपुर का एक प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल है, जहां नियमित रूप से धार्मिक अनुष्ठान और साधनाएं आयोजित की जाती है। यहां स्थापित रशेश्वर महादेव के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। महाशिवरात्रि और सावन के महीने में इस स्थान पर विशेष आयोजन किए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं। सुमेरु मठ भांठागांव इलाके के प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर में स्थित है, जो शहर के केंद्र में होने के कारण आसानी से पहुंचा जा सकता है। पारद शिवलिंग को शिव साधना का सर्वोत्तम रूप माना गया है। रायपुर के सुमेरु मठ में स्थापित यह पावन शिवलिंग न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आध्यात्मिकता का केंद्र बनता जा रहा है।

## तारीख विशेष

### सर विवियन रिचर्ड्स

वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर सर इसाक विवियन एलेक्जेंडर रिचर्ड्स का जन्म दिन है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जगत में विव और किंग विव नाम से जाने जाने वाले रिचर्ड्स का जन्म 7 मार्च 1952 को सेंट जॉन, एंटीगुआ में हुआ था। रिचर्ड्स को 100 सदस्यों के विशेषज्ञ पैनल ने बीसवीं शताब्दी के पांच महान खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है, इस सूची में विवियन रिचर्ड्स के अलावा सर डोनाल्ड ब्रेडमैन, सर गैरीफील्ड सोबर्स, सर जैक हॉब्स और महान लेग स्पिनर शेन वार्न का नाम भी शामिल है। फरवरी 2002 में क्रिकेट की बाइबल कही जाने वाली क्रिकेट पत्रिका विजडन द्वारा विवियन रिचर्ड्स की एक पारी को वन डे अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ इनिंग घोषित किया गया। इसी वर्ष दिसंबर में विज़डन ने उन्हे वन डे क्रिकेट का सर्वकालीन और टेस्ट क्रिकेट के तीन महान बल्लेबाज़ों में से एक घोषित किया, सवा सौ साल के क्रिकेट इतिहास में सिर्फ दो बल्लेबाज़ सर डान ब्रेडमैन और भारत के सचिन तेंदुलकर का स्थान ही उनसे ऊपर आंका गया है। रिचड्र्स दाएं हाथ के एक आक्रामक बल्लेबाज़ थे, जो गेंद पर काफी शक्ति से प्रहार करते थे, इसके अलावा वे स्लिप के अच्छे फील्डर और उपयोगी ऑफ़ स्पिनर भी थे। पूर्व क्रिकेटर, उनके समकालीन, क्रिकेट पत्रकार और इस खेल के प्रशंसक सभी ने रिचर्डस को असाधारण प्रतिभा वाला क्रिकेटर बताया है, रिचर्डस की आक्रमकता का अंदाज़ा इससे लगाया जा सकता है कि अपने सत्रह साल के लम्बे कैरियर के दौरान उन्होने कभी भी बैटिंग करते हुए हेल्मेट का इस्तेमाल नहीं किया। पाकिस्तान के तेज़ गेंदबाज़ और महान आलराउंडर इमरान खान और क्रिकेट विशेषज्ञ जॉह्न बर्मिंघम के अनुसार रिचड्र्स विशुद्ध तेज़ गेंदबाज़ों का जितनी आसानी से सामना करते थे, उतनी सहजता से कोई अन्य बल्लेबाज़ नहीं कर सकता था। कई पूर्व क्रिकेटर एक बल्लेबाज़ के तौर पर उनकी प्रतिभा का काफी सम्मान करते हैं। इयान चैपल का कहना है कि सर गैरीफील्ड सोबर्स के बाद उन्होने रिचडर्स जैसा प्रतिभाशाली बल्लेबाज़ नहीं देखा।

### फिट और ऊर्जा से लबरेज

# ताकतवर राजनेताओं की दुनिया

लोकमित्र गौतम

**वर्तमान के सबसे फिट राजनेता रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन माने जाते है। पुतिन की पसंदीदा एक्सरसाइज जूडो, तैराकी और वेटलिफ्टिंग है। इन्हें मार्शल आट्र्स में भी विशेषज्ञता हासिल है, वे नियमित रूप से अपने जूडो स्किल्स को भी प्रदर्शित करते रहते हैं। उनकी पसंदीदा एक्सरसाइज में बॉक्सिंग और रनिंग भी है। दुनिया में सर्वाधिक फिट राजनेता की कतार में  दूसरे नंबर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। हर दिन 18 से 20 घंटे तक सक्रिय रहने वाले मोदी दिनभर फिट और ऊर्जा से लबरेज नजर आते हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध हैं। मोदी जी की पसंदीदा एक्सरसाइज, योग और प्राणायाम हैं। वे प्रतिदिन योग करते हैं और इसे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य मानते हैं। बड़े और ताकतवर राजनेताओं में तीसरे नंबर के फिट विश्व नेता शी जिनपिंग समझे जाते हैं। चीनी राष्ट्रपति अपनी फिटनेस को लेकर बहुत अनुशासित रहते हैं। उनकी जीवनशैली में नियमित वॉक और एक्सरसाइज शामिल है। शी जिनपिंग को सुबह की सैर और हल्की एक्सरसाइज करने की आदत है। वह स्विमिंग और मार्शल आर्ट जैसी गतिविधियों में भी खूब रुचि रखते हैं।**

इमेज

निकली तोंद, फूले गाल, बेडौल शरीर और फूहड़ जुबान। राजनीति और राजनेताओं के बारे में आम तौरपर मनगढ़ंत समझ रखने वाली बहुसंख्यक बॉलीवुड फिल्मों में भले अभी भी ऐसे मसखरेनुमा राजनेता दिख जाते हों,लेकिन सच्चाई इसके उलट है। मैंने अपनी 30 सालों की पत्रकारिता में ज्यादातर समय राजनीति पर ही लिखा और सोचा है। इसलिए अब तक देश के कई सौ राजनेताओं से मिला हूं। राजनीतिक पत्रकारिता करते हुए,राजनेताओं को लेकर मेरी जो धारणा सबसे पहले ध्वस्त हुई थी,वह यह थी कि राजनेता बहुत शराब पीते हैं,वे फिटनेस को लेकर कतई सजग नहीं होते,वे शिष्ट भाषा और आचरण का महत्व नहीं समझते। जबकि हकीकत यह है कि राजनेता किसी भी क्षेत्र के लोगों से कहीं ज्यादा तेज दिमाग होते हैं और अपने स्वास्थ्य व फिटनेस को लेकर अधिकतम राजनेता सजग रहते हैं। क्योंकि उनके लिए फिट होना और स्वस्थ रहना महज निजी और मर्जी का विषयभर नहीं होता बल्कि उनके लिए फिट रहना उनकी प्रभावशीलता, दीर्घकालिकता और सार्वजनिक छवि के लिए भी अनिवार्य रूप से जरूरी होता है। फिटनेस उनकी निर्णय क्षमता, तनाव प्रबंधन और जनता के बीच स्वीकार्यता का भी अहम हिस्सा होती है। जो राजनेता शारीरिक रूप से जितना फिट होता है,उस पर दुनिया को उतना ज्यादा भरोसा होता है। यह अकारण नहीं है कि मौजूदा समय के सारे प्रभावशाली वैश्विक राजनेता,अपनी उम्र के दूसरे लोगों से कहीं ज्यादा फिट और ऊर्जा से भरे हैं। चाहे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों,चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग हों,रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन हो या फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों हों। डोनाल्ड ट्रंप जरूर इस मामले में थोड़े मस्तमौला दिखते हैं, लेकिन वह शारीरिक फिटनेस से कहीं ज्यादा अपनी मेंटल फिटनेस पर ध्यान देते हैं। ट्रंप नियमित वर्कआउट से जरूर बचते हैं, लेकिन गोल्फ वे नियमित खेलते हैं और पूरे जूनून के साथ खेलते हैं। इसके साथ ही ट्रंप की जीवनशैली में कुछ ऐसे तत्व हैं, जो उन्हें हमेशा ऊर्जावान बनाए रखते हैं,ट्रंप इसे अपना 'सीक्रेट वर्च्यू' कहते है। मसलन वो फास्ट फूड के शौकीन हैं, लेकिन बहुत थोड़ा खाते हैं। ट्रंप भी समझदार राजनेताओं की तरह अल्कोहल और सिगरेट से बिलकुल दूर रहते हैं, जो उनकी ऊर्जा को बनाए रखने में मदद करता है। राष्ट्रपति रहते हुए अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप व्हाइट हाउस में काफी ज्यादा घूमा करते थे, जाहिर है इसे वे व्यायाम मानते थे, इन दिनों फिर वाइट हाउस में सुबह शाम खूब घूमते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ट्रंप इस बात को जानते हैं कि मानसिक ऊर्जा और आत्मविश्वास उनका फिटनेस सीक्रेट है। सवाल है आज के ताकतवर राजनेताओं की दुनिया में सबसे फिट राजनेता कौन है? इस सवाल का जवाब जानने के पहले यह जान लें कि आज की राजनीति जितनी टेंस और दबाव से भरी है, उतनी अतीत में कभी नहीं थी। साथ ही आज हर किसी की जीवनशैली बेहद तेज रफ़्तार भी है ऐसे में राजनेताओं को पहले से कहीं ज्यादा अपनी फिटनेस और सेहत पर ध्यान देना पड़ता है। कुछ ने तो इस संबंध में अपने फिटनेस रूटीन को सार्वजनिक रूप से साझा किया है,जिससे उनके हार्ड वर्क का पता चलता है। मसलन वर्तमान के सबसे फिट राजनेता रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन माने जाते है। पुतिन की पसंदीदा एक्सरसाइज जूडो, तैराकी और वेटलिफ्टिंग है। इन्हें मार्शल आट्र्स में भी विशेषज्ञता हासिल है, वे नियमित रूप से अपने जूडो स्किल्स को भी प्रदर्शित करते रहते हैं। उनकी पसंदीदा एक्सरसाइज में बॉक्सिंग और रनिंग भी है। दुनिया में सर्वाधिक फिट राजनेता की कतार में  दूसरे नंबर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। हर दिन 18 से 20 घंटे तक सक्रिय रहने वाले मोदी दिनभर फिट और ऊर्जा से लबरेज नजर आते हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध हैं। मोदी जी की पसंदीदा एक्सरसाइज, योग और प्राणायाम हैं। वे प्रतिदिन योग करते हैं और इसे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य मानते हैं। बड़े और ताकतवर राजनेताओं में तीसरे नंबर के फिट विश्व नेता शी जिनपिंग समझे जाते हैं। चीनी राष्ट्रपति अपनी फिटनेस को लेकर बहुत अनुशासित रहते हैं। उनकी जीवनशैली में नियमित वॉक और एक्सरसाइज शामिल है। शी जिनपिंग को सुबह की सैर और हल्की एक्सरसाइज करने की आदत है। वह स्विमिंग और मार्शल आर्ट जैसी गतिविधियों में भी खूब रुचि रखते हैं। साथ ही अपनी डाइट पर बहुत ध्यान देते हैं। वह हमेशा हेल्दी चाइनीज़ डाइट लेते हैं, जिसमें हरी सब्जियां, समुद्री भोजन और कम वसा वाले व्यंजन शामिल होते हैं। ज्यादातर राजनेताओं की तरह शी भी शराब और तंबाकू से दूर रहते हैं। अपनी जीवनशैली में मेडिटेशन और परंपरागत चीनी स्वास्थ्य पद्धतियों को अपनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन शी पर्याप्त नींद जरूर लेते हैं,साथ ही अपने काम का शेड्यूल नियंत्रित रखते हैं ताकि उनकी ऊर्जा बनी रहे।



## गीता सार

**न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।**
**तत्स्वयं योगसंसिद्धः कालेनात्मनि विन्दति॥३८॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**

इस संसार में ज्ञान के समान पवित्र करने वाला कुछ भी नहीं है। उस ज्ञान को (कर्म)योग द्वारा सिद्ध (शुद्धान्तःकरण) हुआ मनुष्य, कुछ समय पश्चात् अपने आप में ही पा लेता है॥38॥

## पाठक पाती

### नवीन समस्याओं के अनुरूप हो महिला आंदोलन

मौजूदा दौर में लोगों का मानना है कि 19वीं और 20वीं सदी में स्त्री सुधार के संबंध में जो मूल मुद्दे थे, वर्तमान में यदि एक-दो को छोड़ दिया जाए तो उनका लगभग पूर्ण उन्मूलन हो चुका है। इसलिए अब स्त्री आंदोलन की रूपरेखा भी स्त्री की नवीन समस्याओं के अनुरूप ही होनी चाहिए, वस्तुतः इसमें कोई दो राय नहीं कि विभिन्न स्त्री आंदोलनों एवं अथक सरकारी प्रयासों के कारण स्त्रियों की दशा एवं दिशा लगातार अपनी मंजिल की ओर पहुंच चुकी है। वहीं, जहां तक स्त्री समस्याओं से संबंधित मूल मुद्दों की बात है, तो इस संबंध में सच यह भी है कि अब भी कई पुराने मुद्दे यथावत हैं। जिन मुद्दों के लोप होने का आभास होता है, वास्तव में वे लुप्त नहीं हुए हैं। उनके स्वरूप और मौलिक कारण बदल गये हैं। जैसे कि अब सती प्रथा के तहत विधवाएं जलायी नहीं जातीं, लेकिन दहेज लोभियों के द्वारा दुल्हनें जरूर जलायी जा रही हैं।

-संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...




मेरे कल के वक्तव्य से कुछ भ्रम निर्माण हो रहे हैं। मैं विविध भाषाओं के सहअस्तित्व के संदर्भ में बोल रहा था। अत: मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा मराठी ही है और सभी को मराठी भाषा सीखनी चाहिए। यह अलग बात है कि मुंबई में बहुत सारी भाषाएं बोलीं जाती हैं।

- भैया जी जोशी



अगर आप अपनी भाषा से प्यार करते हैं और उसका सम्मान करते हैं, तो आप दूसरी भाषाओं के साथ भी ऐसा ही करें। मुझे यकीन है कि भैयाजी मेरी बात से सहमत होंगे। मराठी महाराष्ट्र की भाषा है, यहां रहने वाले हर व्यक्ति को इसे सीखना और बोलना चाहिए।

- देवेन्द्र फडणवीस



यहां आप सब से मिलकर मैं धन्य हो गया। गंगा के आशीर्वाद से काशी तक पहुंचा हूं। उन्होंने कहा कि जब केदारनाथ गए तो मैं बोल पड़ा था, यह उत्तराखंड का दशक होगा। यह शक्ति बाबा केदार ने दी है। वह भाव सच्चाई में बदल रहा है। जिन संकल्पना को लेकर उत्तराखंड बना था, वह संकल्प आज पूरे हो रहे हैं।

- नरेंद्र मोदी

## कुछ अलग | अजब गजब

# फ्लैट बेचकर कपल ने खरीद लिया पूरा गांव, पाल रहे है बकरियां और मुर्गियां

भागदौड़ भरी जिंदगी से ऊबकर आजकल लोग एक बार फिर से गांवों का रुख कर रहे हैं। कभी सुविधाओं के चक्कर में लोग शहरों की तरफ भागते थे लेकिन अब शांति और सुकून की तलाश में ग्रामीण इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं। ब्रिटेन में रहने वाले एक कपल ने भी ऐसा ही किया और उन्होंने मैनचेस्टर जैसी जगह पर अपना तीन कमरों का फ्लैट बेचकर गांव में शिफ्ट हो गए। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक 47 साल की लिज़ मर्फी और उनके 56 साल के पति डेविड ने अपना फ्लैट बेच दिया और इस पैसे से एक पूरा का पूरा गांव खरीद लिया। अब वे यहीं बकरियां और मुर्गियां पाल रहे हैं और कभी भी वापस शहर की ओर देखना भी नहीं चाहते। उनका कहना है कि भले ही उनकी कमाई कम हुई है लेकिन उन्हें यहां इतना सुकून है कि वापस मुड़कर नहीं जाना चाहते। कपल ने जनवरी, 2021 में दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में लेक डी मैसन के ऐतिहासिक गांव को खरीदा था। इसके लिए उन्होंने यूके के मैनचेस्टर में अपना तीन बेडरूम वाला घर बेच दिया। इससे मिली रकम का इस्तेमाल उन्होंने 400 साल पुराने 6 घर, दो खलिहान और तीन एकड़ जमीन खरीदने में किया। वे यहां जब आए, तो उन्होंने इस जगह को एक शांत व्यावसायिक जगह में बदल दिया। कपल के इस प्रोजेक्ट के बाद उनके माता-पिता भी वहीं शिफ्ट हो गए, ऐसे में वे वापस लौटना नहीं चाहते। कभी रेडियो में काम करने वाले इस कपल ने अपने गांव के तीन घरों को हॉलिडे होम में बदल दिया। कुल 19 लोगों की कैपिसिटी वाले इन घरों पर वे सोलर पैनल भी लगा रहे हैं, ताकि ये ज्यादा व्यवस्थित हो जाएं। कपल का कहना है कि वे यूके में जितना पैसा कमाते थे, अब उतना नहीं कमा पाते लेकिन उनकी लाइफ क्वालिटी बेहतर हुई है। उन पर तनाव कम हुआ है। परिवार ने तीन बकरियां, चार मुर्गियां और तीन बिल्लियां भी पाल रखी हैं और सुकून की ज़िंदगी जी रहे हैं।



# भगवान असुरों को नहीं, बल्कि आसुरी वृत्ति को मारते हैं

## सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी रहे कथा व्यास पं. रामपाल शर्मा निःशुल्क भागवत कथा करते हैं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** ग्राम जोड़ी में ठाकुर आनंद सिंह, नीरू सिंह व यजमान ज्योतिका सिंह, मधुसूदन सिंह द्वारा आत्म कल्याण, सर्वजन हिताय तथा गौ सेवार्थ आयोजित भागवत कथा के अन्तिम विराम के दिन कथा व्यास पं. रामपाल शर्मा शास्त्री जैसलान ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान् राक्षसी वृत्ति का संहार करने हैं। निर्मल तथा स्वच्छ हृदय व मन में भगवान् का वास होता है। राजा निमि को नवयोगीश्वर द्वारा भागवत धर्म की शिक्षा का विवेचन करते हुए कहा कि कर्म के पौधे को मानवमात्र अपने पुरुषार्थ से सींचकर कर्म के फल को भगवान् को समर्पित करना तथा समस्त प्राणीमात्र में स्वयं की आत्मा का दर्शन करना श्रेष्ठ कर्मयोगी तथा भक्त का लक्षण है। सुदामा के चार मुट्ठी चावल मानव कल्याण के चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष के प्रतीक हैं। कथा व्यास पं. शास्त्री ने कृष्ण के सखा सुदामा के चरित को सुनाते हुए भक्तजन समुदाय को बताया कि सुदामा ब्रह्म-ज्ञान यानी आत्मज्ञान का धनी था तथा अपने ज्ञान को बेचता नहीं था, बल्कि बांटता था। चौबीस




गुरु के प्रसंग का वर्णन किया कि दत्तात्रेयजी ने यदु को चौबीस अलग अलग गुरुओं से ली गयी शिक्षा के साथ पच्चीसवां गुरु अपने शरीर को बताया है जो विरक्ति तथा विवेक का कारण है। मनुष्य जीवन की शिक्षा तो हर जगह से लेता है मगर दीक्षा एक से लेता है। धरती पर पाप बढ़ने पर यह धरती ही गौमाता का रूप लेकर सब देवताओं, ब्रह्माजी तथा शिवजी को साथ लेकर विष्णु भगवान् के पास जाती है, इसका समानांतर अर्थ यह है कि गौ अर्थात् हमारे शरीर में स्थित इंद्रियां ही गौ हैं तथा प्रत्येक इन्द्रिय में स्थित देवता बुद्धि व अहंकार के देवता ब्रह्मा तथा शिव को साथ लेकर हमारे क्षीरसागर रूपी हृदय में विराजमान परमात्मा के पास ही जाते है कि हे ईश्वर हमारी असद् वृत्तियों का नाश करो। इसका अर्थ हुआ कि स्वयं में ही ज्ञान का अवतरण या अवतार होता है। कथा के अंत में श्रीशुकदेवजी ने श्रापित राजा परीक्षित को अन्तिम उपदेश दिया कि राजन्! शरीर ही मरता व अपने कर्मों के मुताबिक बार बार जन्म लेता है। अतः जन्म-मरण के चक्कर से मुक्ति के लिए अपने स्वरूप यानी आत्मा को पहचानो जो कि न जनमती है न मरती है। आत्मा के पहचान की कोशिश के साथ बिना मोहित हुए संसार के कर्म अनासक्त भाव से करते रहने पर मनुष्य का कर्म बंधन छूटकर बार बार जन्म-मरण के चक्कर से मुक्त हो जाता है इसे ही मोक्ष कहते हैं। कथा में व्यासपीठ, आरती आदि में चढ़ावे में आयी समस्त राशि ग्राम जोड़ी की गौशाला को मौके पर ही परिदान की गयी। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी रहे कथा व्यास पं. रामपाल शर्मा निःशुल्क भागवत कथा करते हैं तथा अब तक अड़सठ कथाओं में खासकर गौशालाओं को या अन्य धार्मिक अथवा सार्वजनिक प्रयोजन के लिए कथा समाप्ति पर लाखों रुपये की चढ़ावा राशि दी जा चुकी है। बाद हवन होकर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कुल प्राप्त चढ़ावा 1.26 लाख गौशाला जोड़ी को परिदान किया गया।

## पंजाब के किसानों के विरुद्ध बर्बरता पूर्ण रवैया न्यायोचित नहीं : न्यौल

**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष किसान नेता आदूराम न्यौल कहा कि खून, पसीना बहाकर गाढ़ी कमाई करने वाले मेहनतकश किसान के



विरुद्ध सरकार का बर्बरता पूर्ण रवैया अपनाना न्यायोचित नहीं है व बर्दाश्त से बाहर है। किसान नेता न्यौल ने आज यहां बताया कि जो किसान 145 करोड़ की जनसंख्या को अन्न, फल, दूध, सब्जी उत्पादन करके देता है उस किसान की न्यायोचित मांग को सरकार लाठी, गोली, तारों के बैरिकेट्स लगाकर दबाना चाहती है इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है। न्यौल ने कहा कि केंद्र सरकार हो या राज्य सरकारी किसने की बात नहीं सुनती तो आखिर किस अपना दुख दर्द किसको बताएंगे । विगत 4 वर्ष से हिंदुस्तान के किसी भी प्रदेश में किसान अपनी न्यायोचित मांगों के लिए धरना प्रदर्शन करता है तो सरकार उन पर दमन चक्कर चलाकर आंदोलन को कुचल रही है। यह देश के अन्नदाता के खिलाफ घोर अन्याय है। न्यौल ने प्रधानमंत्री तथा पंजाब के मुख्यमंत्री को अलग-अलग ज्ञापन भेज कर मांग की है कि वह अन्नदाताओं की वाजिब मांग विपक्षीय वार्ता के जरिए हल करें अन्यथा देश भर के किसान पुनः दिल्ली के चारों तरफ घेरा डाल देंगे।

### पुत्री के बंधी पगड़ी

**कुचामन सिटी।** शहर के गणेश डूंगरी स्थित कुमावत मोहल्ले में आज कुमावत समाज ने एक नई पहल को जन्म देते हुए अपने समाज के जगदीश कुमावत के निधन होने के बाद पगड़ी के दस्तूर के लिए मृतक व्यक्ति के पुत्र नहीं होने पर पुत्री को पगड़ी बंधाई गई। ज्ञात हो कि पेंटर जगदीश कुमावत का पेंटिंग कार्य करते वक्त अडान से गिरने पर निधन हो गया। प्रियंका और अशुंल दोनों ने पिता की अर्थी को कंधा दिया । तथा बड़ी बेटी प्रियंका के पगड़ी बंधी।

## सिधमुख में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं -12वीं की वार्षिक परीक्षाए शुरू



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में सिधमुख में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं-12वीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हुई पहला पेपर अंग्रेजी का हुआ। परीक्षाएं करीब एक माह चलेगी। परीक्षा केंद्र पर बच्चे आधा घंटे पहले पहुंचे। प्रधानाचार्य दीपचंद इंदौरिया ने बताया की सभी विद्यालयो में परीक्षा केंद्र पर नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए। मुख्य गेट पर पुलिस तैनात की। परीक्षा देने पहुंचे छात्र-छात्राओं में उत्साह और जोश देखा गया। बच्चों ने बताया कि पेपर बहुत ही अच्छा हुआ। पेपर देने से पहले थोड़ा मन में शंका थी पेपर कैसा आएगा। मन में घबराहट थी। पेपर थोड़ा कठिन था लेकिन बहुत अच्छा हुआ। संस्था प्रभारी ने बताया कि पेपर शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला से भेंट की



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** अखिल भारतीय गोस्वामी सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंदु कुमार गोस्वामी मंत्री गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति ने समाज के प्रबुद्ध जनों के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला से शिष्टाचार भेंट कर समाज में शिक्षा प्रसार हेतु आवश्यकता जताई। लोकसभा अध्यक्ष ने राष्ट्र उन्नति, शिक्षा और संस्कार संवर्द्धन हेतु हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया। समाज सदस्यों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रतिनिधि मण्डल में इंदु कुमार गोस्वामी, भाजपा नेता दिलीप पुरी बीकानेर, रामेश्वर गोस्वामी झालावाड़, विपिन यति मध्य प्रदेश, डॉक्टर प्रकाश गोस्वामी जयपुर, देव कुमार भारती कर्नाटक आदि उपस्थित रहे।



## जेल पर पथराव, तीन आरोपी हिरासत में

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** स्थानीय उपकारा गृह पर पथराव करने के तीन आरोपियों को बुधवार को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही गिरफ्तार किए गए आरोपियों की संख्या छह हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण आईपीएस निश्चल प्रसाद एम के सुपरविजन में एक टीम गठित की गई थी। थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने नेतृत्व में गठित टीम में एएसआई रामनिवास, हवलदार सुनील कुमार सहित कांस्टेबल रवि कुमार, संदीप कुमार सज्जन सिंह तथा कुलदीप शामिल थे। टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए मंगलवार को तीन जनों को गिरफ्तार किए थे है तथा तीन और को पकड़ा गया है। इन तीन आरोपियों में राजगढ़ तहसील के कामाण गांव के योगेश पुत्र जयप्रकाश जाट, हरेंद्र पुत्र रतन सिंह नाई तथा सुनील कुमार उर्फ ढोला उर्फ धोलू पुत्र जसवंत जाट शामिल हैं। वारदात में काम दी गई बोलोरो को पुलिस पहले ही बरामद कर चुकी है। पुलिस रेकॉर्ड के अनुसार इस उपलब्धि में सिपाही रवि कुमार की विशेष भूमिका रही है।

## निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** स्व. मनोहरलाल गोयनका की स्मृति में लक्ष्मीदेवी गोयनका, गणेशप्रसाद जी गोयनका के आर्थिक सौजन्य से एवम जिला अंधता निवारण समिति एवम राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी चूरू के



सहयोग से लायंस क्लब चूरू द्वारा तीन दिवसीय मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आई अस्पताल में शुरू हुआ। क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया की मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में डॉ. शशिधर एवम उनकी टीम ने पहले दिन लगभग 150 रोगियों की नेत्र जांच कर 64 रोगियों को ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। शिविर प्रभारी सुनील रंजन टकणेत ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर में रोगियों के आपरेशन के साथ ही खाने की एवं दवाइयां की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। शिविर में गोयनका परिवार के गणेशप्रसाद गोयनका, लक्ष्मीदेवी गोयनका, शेरू जी गोयनका, गौरीशंकर जी गोयनका, विक्रम, आकाश, सूर्यप्रकाश, विक्रमसिंह कोटवाद, संजय खेमका, रामगोपाल लोहिया, विकास किला, नरेश दुदवेवाला आदि स्वयं उपस्थित रहकर लाभार्थियों की आवभगत की। शिविर में सहप्रभारी राजीव चाहर, मुकुल सिगतिया, आबिद खान, बालकिशन राजगढ़िया, चंद्र प्रकाश खत्री, रामचंद्र राजोतिया, डॉ.कमल वशिष्ठ, संजय कस्वां, विनोद शर्मा, राजीव शर्मा, ताराचंद प्रजापत, महेंद्र राजगढ़िया, महेंद्र धानुका, विजय इसरानी, संजय मित्तल, मंगतूराम सैनी आदि लायन सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी एवं आयोजकीय भूमिका निभाई।

## सह प्रान्तपाल प्रथम का चूरू दौरा हुआ स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** लायंस क्लब इंटरनेशनल प्रांत 3233ई1 के सह प्रान्तपाल प्रथम एमजएफ लायन सुधीर वाजपेयी ने आज चूरू क्लब के दौरा किया, उनके साथ इस वर्ष सह प्रान्तपाल द्वितीय के प्रत्याशी लायन सी एस तोमर, भूपेंद्र तोमर एवम हेमेंद्र तिवारी ग्वालियर से मौजूद थे, लायंस क्लब चूरू अध्यक्ष एमजएफ लायन अनुराग शर्मा ने सभी अथितियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया एवम चूरू क्लब के नेत्र ऑपरेशन शिविर का अवलोकन करवाया।

सह प्रान्तपाल प्रथम सुधीर वाजपेयी ने चूरू क्लब को प्रान्त के अग्रिम पंक्ति का क्लब बताते हुए क्लब द्वारा किये जाने वाले सेवा कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की एवम आशा की कि चूरू क्लब उनके आने वाले कार्यकाल में प्रान्त में प्रथम स्थान पर रहे। प्रान्तपाल द्वितीय प्रत्यासी लायन सी एस तोमर ने आने वाले चुनाव में उनका तन मन धन से सहयोग की अपील की एवम नेत्र ऑपरेशन शिविर को पीड़ित मानवता की सबसे बड़ी जरूरत बताया।

कार्यक्रम में सुनील रंजन टकणेत, राजीव चाहर, मुकुल सिगतिया, आबिद खान,बालकिशन राजगढ़िया, चंद्र प्रकाश खत्री, रामचंद्र राजोतिया, डॉ कमल वशिष्ठ, संजय कस्वां, विनोद शर्मा, राजीव शर्मा, ताराचंद प्रजापत, महेंद्र राजगढ़िया, महेंद्र धानुका, विजय इसरानी, संजय मित्तल, मंगतूराम सैनी आदि उपस्थित थे।

### बुगाला में चिकित्सा शिविर आयोजित

**बुगाला।** शिक्षक हीरालाल बुगालिया की सातवीं पुण्यतिथि पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जयपुर के सुप्रसिद्ध डॉक्टरों नें



अपनी सेवाएं दी। जिसमें शिविर में 600 रोगियों नें शिविर का लाभ उठाया और साथ ही निशुल्क चश्में भी वितरित किए गए एवं शुगर, ईसीजी की जांच कर निशुल्क दवाई दी गई। अभिषेक बुगालिया नें बताया कि पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देकर शिविर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर गांव के प्रबुद्धजन एवं गणमान्य लोग उपस्थिति रहे। साथ ही युवाओं ने कार्यक्रम कों सफल बनाने में योगदान दिया।

## राजगढ़ शहर में दो स्थानों पर मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र स्थापित किए गए : अरोड़ा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** नगर पालिका राजगढ द्वारा राजगढ़ शहर में दो स्थानों पर स्थापित मुख्यमंत्री सदभावना केन्द्र बनाया गया है।

अधिशाषी अधिकारी ईओ राकेश कुमार अरोडा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वायत्त शासन विभाग के दिशा-निर्देशानुसार मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र का संचालन पुराने चंगोईवाला स्कूल पिलानी मोड व अम्बेडकर भवन, भगत सिंह सर्किल के पास में किया जा रहा है। सद्भावना केन्द्र का उद्धेश्य नागरिकों द्वारा अपनी अनुपयोगी वस्तुओं जैसे कपडे, जूते, खिलौने, ईलैक्ट्रोनिक्स सामान, इत्यादि को जरूरतमंद लोगो को निःशुल्क वितरित करना है ताकि वस्तुओं का समुचित उपयोग हो और जरूरतमंद को लाभ मिल सकें। इस कार्य में पालिका कर्मचारी जयंत सांगवान एवं कालीचरण का विशेष सहयोग रहा।

## नोहर में 'सौर भारत इंजीनियरिंग' का भव्य शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत करते हुए 'सौर भारत इंजीनियरिंग' का भव्य शुभारंभ गुरुवार को यहां पंचायत समिति मार्ग पर हुआ। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुमित चाचाण और श्री ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष रामकुमार जाजड़ा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। अध्यक्षता सुधीर शास्त्री ने की।

इस अवसर पर सौर भारत इंजीनियरिंग के डायरेक्टर वेदप्रकाश तिवाड़ी ने कहा, हमारा उद्देश्य हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना और सौर ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। यह पहल न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर कदम है, बल्कि एक स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। प्रतिष्ठान के जगदीश सुथार ने आभार व्यक्त किया। सुनिल सुथार व इंजीनियर प्रवीण कांसोटिया ने कंपनी के संबंध में विभिन्न जानकारी दी।

**गणमान्य अतिथियों की उपस्थितिः** शुभारंभ समारोह में केएल मित्रूका, ओमप्रकाश कासनियां, गोरव इंदौरिया, गोविंद सुथार, महावीर बारूपाल, चानन राम कड़वासरा, डॉ. गौतम स्वामी, डॉ. रमेश सुथार, अशोक कसौटियां, विनोद स्वामी,पवन कुमार, सुनिल सोनी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




**गणमान्य अतिथियों की प्रतिक्रियाः** सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे नोहर शहर के विकास और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

**सौर भारत इंजीनियरिंगः** यह कंपनी सौर ऊर्जा के अत्याधुनिक और टिकाऊ समाधान प्रदान करने के लिए समर्पित है, जो घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक क्षेत्रों में सोर ऊर्जा को बढ़ावा देगी। इस पहल से ना केवल ऊर्जा संकट का समाधान होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

विधायक प्रतिनिधि सुमित चाचाण ने कहा, नोहर में यह परियोजना सौर ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी और इसे ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाएगी। श्री ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष रामकुमार जाजड़ा ने कहा, सौर ऊर्जा को अपनाना भविष्य की जरूरत है, और इस पहल से हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने सौर ऊर्जा की महत्ता और इस पहल की सफलता की कामना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम बताया।

## फाग महोत्सव 11 मार्च को आयोजित होगा

**फुलेरा।** होली करीब आते ही हर किसी के मन में इस त्यौहार के प्रति उत्साहिता देखी जाती है. जहां, जगह-जगह फागोत्सव मनाने की धूम मची हुई होती है। इसी कडी मे श्री श्याम सरकार युवा मित्र मंडल फुलेरा के तत्वाधान में भव्य फागोत्सव एवं संकीर्तन का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। संगठन के दीपक सोनी ने जानकारी देते बताया श्याम सरकार युवा मित्र मंडल के तत्वाधान में एक भव्य फाग महोत्सव का आयोजन स्कूल खेल मैदान में किया जा रहा है। जिसमें भजन संध्या के साथ-साथ भक्तिमय वातावरण का आनंद मिलेगा। यह कार्यक्रम मंगलवार 11 मार्च 2025 को आयोजित होगा, जो शाम 7.00 बजे से प्रारंभ होकर अनवरत भक्तिरस बहाएगा। इस महोत्सव में फूलों की होली का विशेष आयोजन किया जाएगा, जिससे भक्तजन ब्रज की परंपरा को निकट से अनुभव कर सकेंगे। कार्यक्रम में साउंड की व्यवस्था नोदल डीजे की तरफ से की गई है । भजन संध्या में भव्य प्रस्तुति कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण सनी सिंह लक्खा गायक चंडीगढ़, प्रिंस कच्छावा विजयनगर व रिधिमा तिवारी भीलवाड़ा होंगे,जो अपनी मधुर वाणी से भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के प्रेम व भक्ति से भरे भजन प्रस्तुत करेंगे।

## राजगढ़ नगर पालिका ने अतिक्रमण अभियान रोका : राकेश अरोड़ा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में 5 मार्च, बुधवार से शुरू किए जाने वाले अतिक्रमण अभियान को व्यापारियों दुकानदारों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के आग्रह पर होली पर्व तक स्थगित कर दिया गया है। नगर पालिका द्वारा 5 मार्च को अतिक्रमण हटाओ अभियान की तैयारी की जा रही थी, मगर होली पर्व को देखते हुए संयुक्त व्यापार समिति की ओर से 4 मार्च को अधिशासी अधिकारी राकेश अरोड़ा से निवेदन किया गया। मंडल के अध्यक्ष पवन मोहता ने अन्य व्यापारियों के साथ ज्ञापन दिया गया। होली पर्व तक के लिए अभियान को रोक दिया जाए। उसके बाद नगर पालिका अपने हिसाब से कार्यवाही कर सकती है। पालिका के इस कार्य में व्यापार मंडल सहयोग करेंगा। ईओ राकेश अरोड़ा ने व्यापारियों की मांग को स्वीकार करते हुए होली पर्व तक अतिक्रमण हटाओ अभियान को स्थगित किए जाने की बात कही है।

### आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय खेल महोत्सव का आगाज

## खेल से एकता, सामाजिकता, देश प्रेम, अनुशासन और आत्म-नियंत्रण की भावना विकसित होती हैः राठौड़

**सादुलपुर।** आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय खेल महोत्सव का सफल आयोजन आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय खेल महोत्सव का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया, जहाँ छात्रों ने अपनी खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक जज्बे का शानदार प्रदर्शन किया। इस शानदार महोत्सव का उद्घाटन कुलपति प्रो. जी. एस. राठौड़ द्वारा किया गया।

उन्होंने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा, खेल केवल प्रतिस्पर्धा का नाम नहीं, बल्कि अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास की परीक्षा भी है। हार और जीत जीवन की यात्रा का हिस्सा हैं, लेकिन सच्चा विजेता वही होता है जो खेल भावना को आत्मसात करता है और हर चुनौती से कुछ सीखता है। खेल महोत्सव के दौरान छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिनमें बास्केटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल,



फुटबॉल, कबड्डी, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, एथलेटिक्स, चेस, कैरम और स्नूकर जैसी प्रतिस्पर्धाएँ शामिल रहीं। इन खेलों के माध्यम से न केवल छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिला, बल्कि उनमें टीम वर्क, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और समर्पण जैसे महत्वपूर्ण गुणों का भी विकास हुआ। उद्देश्य केवल प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं था, बल्कि छात्रों को खेलों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना था। इस आयोजन के माध्यम से छात्रों ने न केवल अपनी खेल प्रतिभा को निखारा, बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत किया। आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई देती है और यह संदेश देती है कि जीत से अधिक महत्वपूर्ण होता है सीखना, और असली खिलाड़ी वही होता है जो हर परिस्थिति में अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ता रहे। विश्वविद्यालय परिवार को उम्मीद है कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी छात्रों के संपूर्ण विकास में सहायक सिद्ध होंगे। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों को खेलों के प्रति उत्साह एवं जोश बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।



▶▶ ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा-पहली बार सदन में बिजली को लेकर हल्ला नहीं

# जिन घरों में सोलर प्लेट उन्हें मिलेगा 150 यूनिट का लाभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता


**जोधपुर।** राजस्थान सरकार में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर गुरुवार को जोधपुर पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए राजस्थान में चल रही बिजली योजना को लेकर जानकारी दी। कहा कि इस बार बजट में 150 यूनिट निःशुल्क बिजली की घोषणा की गई है। उसमें उन्हीं उपभोक्ताओं को छूट मिलेगी जिनके घरों में सोलर कनेक्शन इंस्टॉल किया जाएगा। इसके लिए राजस्थान सरकार की ओर से प्रधानमंत्री सूर्य योजना के तहत उपभोक्ताओं को जोड़ा जाएगा। हीरालाल नागर के बयान के बाद अब उन अटकलें पर मुहर लग गई है जिसमें यह कहा जा रहा था कि गहलोत सरकार द्वारा शुरू की गई घरेलू उपभोक्ताओं को फ्री बिजली यूनिट की योजना को अब बंद कर दिया जाएगा।

### केंद्र की योजना के तहत मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के तहत जो 100 यूनिट बिजली वर्तमान में राजस्थान के पंजीकृत उपभोक्ताओं को मिलती है। प्राथमिकता से सोलर प्लेट लगाकर उनका 150 यूनिट मुक्त बिजली देने का काम प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। इसे आने वाले दो से तीन महीना के अंदर धरातल पर उतारा जाएगा। मुख्यमंत्री निःशुल्क योजना के तहत लाभान्वित उपभोक्ता है उन्हें पीएम सूर्य योजना के तहत लाभ मिलेगा।

### सोलर उत्पादन में हम आगे

सोलर उत्पादन में राजस्थान देश में हब बनता रहा है। इसका उपयोग हम राजस्थान के भविष्य को सुधारने में करेंगे। हमने 30000 मेगावाट के पार्क डेवलप करने का निश्चय किया है। जिसमें बड़ी कंपनियों के माध्यम से एग्रीमेंट कर रहे हैं। जिनके साथ भागीदारी में सोलर का उत्पादन किया जाएगा।



### बजट घोषणाओं को कर रहें पूरा

इसके अलावा उन्होंने बजट घोषणा को लेकर भी जानकारी दी कहा कि बजट इस बार शानदार रहा। बजट को क्रियान्विति पर महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहे हैं। बजट की क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए परिवार वाले जिलों में मंत्रियों को भेजा जा रहा है। उसकी नियमित रूप से समीक्षा करने का काम किया जा रहा है। पिछले बजट की लगभग सभी घोषणाएं पूरी हो चुकी है।

### पूरे सीजन आवश्यकता अनुसार बिजली उपलब्ध

- बिजली के मामले में इस बजट सत्र में विद्युत की आपूर्ति के बारे में किसी भी प्रकार की कोई भी सदन में हो हल्ला नहीं हुआ पहली बार में देख रहा हूं कि बजट होने के बाद किसी भी तरह की कोई समस्या ऊर्जा विभाग से संबंधित नहीं आई। उन्होंने कहा कि इस पूरे सीजन में किसानों को आवश्यकता अनुसार बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। आने वाली गर्मी के हम पूरा प्रयास कर रहे हैं कि पिछली गर्मी में उपभोक्ताओं को जो समस्या हुई वह इस गर्मी में नहीं हो इसके लिए डिस्कॉम पूरा प्रयास कर रहा है।अघोषित कटौती को लेकर कोई भी समस्या नहीं है। किसानों को पूरी बिजली हमने दी है।

## जैसलमेर में बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए 64 सेंटर

▶▶ पुलिस जाप्ता रहा तैनात

**जैसलमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गई है। पहले दिन 10वीं की अंग्रेजी और 12वीं की मनोविज्ञान की परीक्षा हुई। बोर्ड परीक्षाओं के लिए जैसलमेर में कुल 64 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जिसमें 10वीं के लिए 63 तथा 12वीं के लिए 59 परीक्षा केंद्र है।। जैसलमेर में इस साल आठ हजार 573 परीक्षार्थी 10वीं की परीक्षा देंगे। इसके साथ ही 12वीं कक्षा के लिए पांच हजार 945 परीक्षार्थी पंजीकृत है। शिक्षा विभाग ने झिनझिनयाली परीक्षा केंद्र को अति संवेदनशील व सांगड़ को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। सभी परीक्षा केंद्रों में सिर्फ शहर की एकमात्र निजी स्कूल में गांधी बाल को संवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाया गया है। ऐसे में इन तीन परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त जाब्ता लगाया गया है।

### ▶▶ उत्साह के साथ परीक्षा देने आए विद्यार्थी

जैसलमेर में बोर्ड परीक्षा को लेकर बच्चों ने तैयारी की और गुरुवार सुबह उत्साह के सतह परीक्षा देने आए। परीक्षा केन्द्रों पर बच्चों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था भी माकूल नजर आई। परीक्षा केन्द्रों के बाहर सिटिंग व्यवस्था को लेकर बच्चे बाहर लगे चार्ट पढ़ते नजर आए। कई बच्चों को उनके परिजन परीक्षा केंद्र छोड़ने आए तो कई स्टूडेंट अपने हिसाब से साइकिल आदि लेकर पहुंचे।

# वहम का इलाज हकीम के पास भी नहीं : शेखावत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति मंत्री और जोधपुर सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत गुरुवार को जोधपुर पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के दक्षिण भारत में परिसीमन के बाद कम होने वाली सीटों को लेकर बयान दिया कहा कि वहम का इलाज हकीम लुकमान के पास भी नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका उनका सारा विषय डिप्रेशन और वहम के बेस हैं।



कुछ लोग वहम के कारण से ऐसा करते हैं। कुछ लोग इस तरह के वहां से इस तरह का पॉलिटिकल लाभ पाने की कोशिश करते हैं। अब देखने का विषय की स्टालिन कौन से ब्रैकेट में खड़े हैं। बता दें कि तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के नेतृत्व में बुधवार को जनगणना आधारित परिसीमन और ट्रायल लैंग्वेज वार पर सर्वदलीय बैठक भी हुई।

### ▶▶ विकास कार्यों की जानकारी दी

शेखावत ने बीकानेर जिले के प्रसिद्ध करणी माता मंदिर में प्रसाद योजना के तहत 22.57 करोड़ रुपए की लागत से करवाए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर जानकारी दी। कहा पर्यटन क्षेत्रों के विकास और भारत में धार्मिक पर्यटन के महत्व को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रसाद योजना को लागू किया था। करणी माता मंदिर उनके ही नहीं देशवासियों के लिए आस्था का विषय है। वहां दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के अनुभव में सुधार किया जाए, उनके लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जा सके। इसके लिए राजस्थान सरकार ने प्रोजेक्ट प्रस्तावित किया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने मंत्रालय से आग्रह किया था।

### बोले- शाही शादियों से अर्थव्यवस्था को फायदा

शिवराज सिंह चौहान के बेटे की शादी को लेकर कहा कि इस तरह की शादियों से शहर और अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा लाभ होता है। निश्चित रूप से इस तरह की बड़ी शादियों से राजस्थान की अर्थव्यवस्था बढ़ेगी। महाराष्ट्र के सपा नेता आजमी के बयान को लेकर कहा कि का उनके बयान का उचित जवाब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में दे दिया है। अब्बू आजमी ने तीन मार्च को महाराष्ट्र विधानसभा में कहा था कि हमें गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए हैं मैं उसे क्रूर शासक नहीं मानता।

## जैसलमैर : फूड सेफ्टी विभाग ने मिलावट के शक में दबिश दी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर में होली के त्योहार को देखते हुए फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने मिलावट के शक में सम गांव व फलेडी में दबिश दी। इस दौरान किराना व मिठाई की दुकानों से नौ फूड प्रोडक्ट के सैंपल लिए। साथ ही एक्सपायरी डेट के फूड प्रोडक्ट को नष्ट करने की भी कार्रवाई की गई। एफएसओ किशनाराम कड़वासरा ने बताया- सभी फूड सैंपल को जोधपुर स्थित लैब भेजा गया है। वहां से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कड़वासरा ने बताया कि सभी खाद्य विक्रेता, दवा विक्रेता एवं फल सब्जी विक्रेता को शुद्ध एवं स्वच्छ खाद्य सामग्री बनाने और बेचने के लिए पाबंद भी किया गया। एफएसओ कड़वासरा ने बताया- होली के त्योहार को देखते हुए आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुइटे एवं जिला कलेक्टर प्रतापसिंह के निर्देशानुसार सीएमएचओ डा. राजेंद्र कुमार पालीवाल के मार्गदर्शन में जिले में अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में टीम ने सम गांव व फलेडी क्षेत्र में निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की। जिसमें अलग-अलग प्रतिष्ठानों से मिर्च पाउडर, कोकोनट पेड़ा के नमूने और सम क्षेत्र में मिठाई की दुकानों से देसी पेड़ा, घोटवा मिल्क केक सहित नौ सैंपल लिए गए। सभी सैंपल को सीज कर जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जोधपुर भिजवाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही फलेडी गांव में किराना दुकान पर 12 लीटर फ्रूट ड्रिंक, 10 किलो पैकेट नमकीन भुजिया, 10 किलो वनस्पति, कोकोनट चॉकलेट वगैरह अवधिपार सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कड़वासरा ने बताया कि सभी खाद्य विक्रेता, दवा विक्रेता एवं फल सब्जी विक्रेता को शुद्ध एवं स्वच्छ खाद्य सामग्री बनाने और बेचने के लिए पाबंद किया गया।



## पिस्तौल की नोक पर किडनैपिंग, लूट मामले में एक गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बोलेरो कैंपर में सवार होकर आए पांच बदमाशों ने पिस्तौल की नोक पर किडनैप कर मारपीट की, ऑनलाइन ट्रांजैक्शन व कैश रुपए लूट लिए।

इस मामले में बालोतरा जिले की डीएसटी ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बीते डेढ़ साल से फरार था।

वांटेड पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। एसपी हरिशंकर ने बताया- पुलिस टीम ने चतुर व बदमाश प्रवृत्ति के आरोपी ओमाराम उर्फ ओमप्रकाश पुलिस के भय से फरार हो गया था। अलग-अलग नाम परिवर्तन करके राजस्थान व गुजरात राज्य में अलग-अलग स्थानों पर रहने लगा।



### दो आरोपी घटना के बाद किए गिरफ्तार

घटना के तुंरत बाद पुलिस ने गंभीरता को दिखाते हुए टीमों का गठन किया गया। टीमों ने जानकारी, तकनीकी और परंपरागत पुलिस से आरोपी हरीश उर्फ हनी व देवाराम को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। वहां से दोनों को जेल भेज दिया। कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी ईमरान खान, कॉन्स्टेबल धन्नाराम, उदयसिंह, धमेंद्र सिंह, नगाराम और मुकेश शामिल रहे।

### यह था मामला

- पुलिस के अनुसार संजय कुमार ने 23 अगस्त 2023 को पुलिस थाना सिवाना में रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि बीते एक माह सिवाना और बालोतरा इलाके में फेरी (गैस चूल्हा बिक्री) का काम करता हूं। 23 अगस्त 2023 को दिन के समय में अपनी बाइक लेकर सिवाना से बालोतरा की तरफ जा रहा था। जैसे ही मूठली ब्रिज से थोड़ा आगे पहुंचा तो पीछे से एक सफेद रंग की बोलेरा कैंपर आई। जिसने मेरी बाइक के आगे आकर मेरा रास्ता रोका। जिसमें पांच जने सवार थे। इसमें दो जने मेरी बाइक लेकर उक्त कैंपर के पीछे-पीछ चले। आरोपियों ने पिस्तौल दिखाकर कैंपर में डाल दिया। मूठली ब्रिज के पास की रोड पर सुनसान जगह पर ले गए। वहां पर बंधक बनाकर मेरे सिर पर पिस्तौल तानी और मोबाइल छीन मेरे हाथ से लॉक खुलवाकर मेरे फोन-पे एप्प से दो ट्रांजैक्शन कर कुल 55000 रुपए आरोपियों ने धमका अन्य नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए।

## मावली विधायक के भांजे पर फायरिंग का आरोपी वकील गिरफ्तार

**उदयपुर।** उदयपुर मावली विधायक पुष्करलाल डांगी के भांजे और नांदवेल सरपंच देवीलाल डांगी पर फायरिंग करने के आरोपी पीयूष राजपूत पिता मिथलेश निवासी बड़गांव को डबोक थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी हुकम सिंह ने बताया कि आरोपी पीयूष पेशे से वकील है और उदयपुर कोर्ट में बीते सात साल से प्रेक्टिस कर रहा है।

प्रॉपर्टी विवाद के चलते इसने अपने साथी के साथ मिलकर सरपंच पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। मामले में इसका दूसरा साथी फरार है जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान की थी।

## बिजली विभाग के एईएन और दलाल को किया ट्रैप

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण एसीबी टीम ने वीसीआर नहीं भरने की एवज में बिजली विभाग के एईएन और एक दलाल को पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दोनों से एसीबी की टीम पूछताछ कर रही है। वहीं उनके ठिकानों की भी तलाशी ली जा रही है। एसीबी के सीआई पदमपाल सिंह भाटी ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी। जिसमें बताया कि एईएन बापिणी ऋषिकेश मीणा की ओर से वीसीआर नहीं भरने की एवज में पांच हजार रुपए की रिश्वत राशि मांगी जा रही है। इस पर टीम की ओर से मांग का सत्यापन करवाया गया। इसमें पुष्टि होने पर एईएन को ट्रैप करने का जाल बिछाया गया। टीम की ओर से बुधवार शाम को परिवादी से पांच हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एईएन बापिणी ऋषिकेश मीणा निवासी शेखपुरा सपोटरा जिला करौली और सह आरोपी दलाल कैलाश प्रजापत निवासी कंवर की खेजड़ी ओसियां को गिरफ्तार किया है। आरोपी इंजीनियर दलाल के मकान में ही रहता था। यहीं पर उसने परिवादी को रिश्वत देने के लिए बुलाया था। जैसे ही परिवादी ने पैसे दिए एसीबी की टीम ने रंगे हाथों उसे पकड़ लिया। ट्रैप की कार्रवाई में सीआई मनीष चौधरी, एएसआई रामकिशोर, हेड कॉन्स्टेबल अचलाराम, कॉन्स्टेबल गणेश, प्रकाश, कालूराम शामिल रहे।

**एसीबी की टीम ने पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ किए गिरफ्तार**

## उत्तरी हवाओं से रात का पारा 11 डिग्री पहुंचा


▶▶ आज भी तेज हवाएं चलेगी

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में उत्तरी हवाओं का असर तेज होने से न्यूनतम तापमान में दो दिनों में छह डिग्री की गिरावट हुई है। न्यूनतम तापमान एक महीने बाद फिर से 11 डिग्री पर पहुंचा है। ऐसे में रात में सर्दी का असर फिर से दिखने लगा है। यहां तक की लोग सुबह शाम की सर्दी से बचने के लिए फिर से गर्म कपड़े व जैकेट पहनने लगे है। मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों तक जैसलमेर में मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को 20 से 25 कि.मी. प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तरी हवाएं चलने की संभावना है। जिससे अधिकतम व न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। इसके बाद सात-आठ मार्च से दुबारा तापमान में बढ़ोतरी होगी। जिससे गर्मी का असर तेज होने लगेगा। दरअसल, इस बार फरवरी महीने से ही गर्मी असर दिखाने लगी थी। तापमान भी 34 डिग्री से पार पहुंच गया था। ऐसे में सर्दी की विदाई लगभग तय मानी जा रही थी। लेकिन पिछले दो तीन दिनों से चल रही उत्तरी हवाओं के प्रभाव से एक बार फिर सर्दी की वापसी हो चुकी है। बुधवार को भी दिन भर उत्तरी हवाओं का दौर चला। कृषि मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार तेज हवाएं चलने से जीरा व ईसबगोल की फसलों को नुकसान हो सकता है। हवाओं से जीरा व ईसबगोल के फूल झड़ने की संभावना है। इस बार जैसलमेर में सर्दी का असर कम ही रहा। फरवरी की शुरुआत से ही गर्मी अपना असर दिखाने लगी थी। लेकिन पिछले दो तीन दिनों से उत्तरी हवाओं का दौर चल रहा है। जिससे मौसम में पूरी तरह से ठंडक घुल चुकी है। सुबह व शाम में सर्दी का एहसास हो रहा है।

# व्यापार जगत

# कौड़ियों के भाव बिकेगा पेट्रोल-डीजल कच्चे तेल की कीमत में आई कमी

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमत में कमी आई है। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई है। यह अक्टूबर के बाद पहली बार हुआ है जब तेल की कीमतों में 2% से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। विदेशी बाजारों में कमजोर मांग को देखते हुए कच्चे तेल की कीमत में कमी आई है। अभी कई संकेत और ऐसे मिल रहे हैं जिनसे पता चलता है कि कच्चे तेल की कीमत में और कमी आ सकती है। इससे देश में पेट्रोल और डीजल की कीमत भी गिर सकती है। बुधवार को तेल की कीमतों में गिरावट जारी रही। ब्रेंट क्रूड वायदा 0.3 फीसदी गिरकर 70.80 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 0.9 फीसदी गिरकर 67.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज के मुताबिक कच्चे तेल की कीमत में गिरावट से भारत की तेल विपणन कंपनियों को फायदा हो सकता है।




### क्या कम होगी पेट्रोल-डीजल की कीमत?

कच्चे तेल की कीमत कम होने के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि भारतीय तेल कंपनियां भी इस बारे में कुछ निर्णय ले सकती हैं। चूंकि अभी कच्चे तेल की कीमत कम हो चुकी है और आने वाले समय में इसमें और गिरावट के संकेत हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमत में भी कमी आ सकती है।

### और कम हो सकती है कच्चे तेल की कीमत

दुनियाभर में ऐसे कई संकेत मिल रहे हैं जिनके चलते आने वाले समय में कच्चे तेल की कीमत और कम हो सकती है। तीन मुख्य संकेत इस प्रकार हैं: इस समय अमेरिका रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने पर लगा है। ऐसे में अमेरिका ने रूस पर जो बैन लगाए हैं, उनमें वह कुछ ढील दे सकता है। अमेरिका ने विदेश और वित्त मंत्रालयों से उन बैन की लिस्ट तैयार करने को कहा है जिनमें रूस को ढील दी जा सकती है। ऐसा होने पर रूस की ओर से तेल की सप्लाई बढ़ सकती है। ऐसे में तेल की कीमत में कमी आ सकती है। OPEC+ ने अपने तेल प्रोडक्शन बढ़ाने का फैसला लिया है। रॉयटर्स की एक खबर के मुताबिक OPEC+ ने अप्रैल में तेल प्रोडक्शन को 138,000 बैरल प्रतिदिन बढ़ाने का फैसला किया है। ऑयल प्रोडक्शन में यह वृद्धि साल 2022 के बाद पहली बार हो रही है। OPEC+ ग्रुप का कहना है कि यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ओपेक और सऊदी अरब पर कीमतें कम करने के लिए दबाव बढ़ाने के बाद उठाया गया है।

## मुकेश अंबानी के कंपनी के सस्ते शेयर पर टूटे निवेशक

▶▶ खरीदने की मची लूट, 17 पर आ गया भाव

**मुंबई।** मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाला एक पेनी स्टॉक भारी बिकवाली के बाद एक्शन में है। कंपनी के शेयर गुरुवार को 2% तक चढ़कर 17.15 रुपए के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। वर्तमान में शेयर अपने 52-वीक के उच्चतम स्तर 32 रुपए से 46 प्रतिशत से अधिक टूट गया है। बता दें कि बुधवार के कारोबारी सेशन के दौरान छह दिन की लगातार बिकवाली के बाद पेनी स्टॉक ने लगातार दूसरे दिन बढ़त हासिल की थी। इसके बाद गुरुवार को भी इसमें तेजी देखी गई। इस पेनी स्टॉक का नाम - आलोक इंडस्ट्रीज लिमिटेड है। मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली कंपनी कपड़ा उद्योग में लगी हुई है। आलोक इंडस्ट्रीज लिमिटेड बीएसई 500 इंडेक्स का एक कंपोनेंट है। आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर एक साल पहले एक तरफा रैली के कारण खबरों में थे, जिसने काउंटर को 30 रुपए से ऊपर ले लिया था।



हालांकि, स्टॉक में 32 रुपए के 52-सप्ताह के उच्च स्तर से तेज मुनाफावसूली देखी गई, जो 11 मार्च, 2024 को छुआ और 46 प्रतिशत से अधिक टूट गया था। तीन मार्च को आलोक इंडस्ट्रीज के शेयर 52-सप्ताह के निचले स्तर 14.50 रुपए पर पहुंच गए थे।

आलोक इंडस्ट्रीज को 2019 में कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा अधिग्रहित किया गया था। ट्रेंडलाइन के आंकड़ों के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमोटर है और उसके पास आलोक इंडस्ट्रीज की 40 फीसदी इक्विटी शेयर पूंजी है। आलोक इंडस्ट्रीज बीएसई 500 इंडेक्स का एक घटक है।

## बिस्किट कंपनी ब्रिटानिया के सीईओ ने दिया इस्तीफा

- शेयर पर दांव लगाने वाले निवेशक सहमे

**नई दिल्ली।** बिस्किट के लिए मशहूर ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के मैनेजमेंट में बड़ी हलचल है। दरअसल, ब्रिटानिया ने गुरुवार, छह मार्च को बताया कि कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और कार्यकारी निदेशक रजनीत सिंह कोहली ने इस्तीफा दे दिया है। कोहली 14 मार्च, को इस एफएमसीजी कंपनी में अपने आखिरी कार्य दिवस पर सेवाओं से मुक्त हो जाएंगे। रजनीत सिंह कोहली ने अपने इस्तीफा पत्र में लिखा कि उन्होंने बाहरी अवसरों का लाभ उठाने के लिए इस्तीफा दिया है। उन्हें 26 सितंबर, 2022 को कंपनी के सीईओ के रूप में नियुक्त किया गया था। बता दें कि कोहली सितंबर 2022 में ब्रिटानिया के सीईओ के रूप में शामिल हुए और पहले जुबिलेंट फूडवर्क्स, एशियन पेंट्स और कोका-कोला कंपनी द्वारा संचालित डोमिनोज इंडिया की कमान संभाल चुके थे। इस घोषणा के बीच बीएसई पर ब्रिटानिया के शेयर में एक फीसदी तक की गिरावट आई और भाव 4653.05 पर आ गया।



### कैसे रहे तिमाही नतीजे

हाल ही में ब्रिटानिया ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के दौरान नेट प्रॉफिट में पांच प्रतिशत सालाना वृद्धि दर्ज की और यह 582 करोड़ पहुंच गया। एक साल पहले इसी तिमाही में 556 करोड़ का प्रॉफिट हुआ था। इस फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) फर्म का मुख्य परिचालन से राजस्व तीसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत बढ़कर 4,463 करोड़ हो गया, जबकि साल-दर-साल एक साल पहले इसी तिमाही में 4,191.83 करोड़ था।

## टाटा और महिंद्रा की धरती पर टिक नहीं पाएगी टेस्ला

▶▶ एलन मस्क की कंपनी को किसने दी चुनौती?

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की कंपनी टेस्ला भारत में एंट्री करने के लिए तैयार है। टेस्ला ने मुंबई में एक शोरूम के लिए जगह लीज पर ली है। साथ ही कंपनी ने कर्मचारियों की भर्ती भी शुरू कर दी है। लेकिन हर कोई टेस्ला की सफलता को लेकर आश्वस्त नहीं है। जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने मस्क की भारतीय बाजार में सफलता पाने की क्षमता पर संदेह जताया है। उनका कहना है कि टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी स्थानीय दिग्गज कंपनियां इतनी मजबूत हैं कि टेस्ला उनसे मुकाबला नहीं कर पाएगी। जिंदल ने अर्न्स्ट एंड यंग एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स में कहा, 'एलन मस्क यहां नहीं हैं। वह अमेरिका में हैं। हम भारतीय यहां हैं। वह वो नहीं बना सकते जो महिंद्रा बना सकती है, जो टाटा बना सकती है- यह संभव नहीं है। वह ट्रंप के साये में अमेरिका में ऐसा कर सकते हैं। वह बहुत बुद्धिमान हैं, इसमें कोई शक नहीं। वह एक मनमौजी व्यक्ति हैं। अंतरिक्ष यान और ये सब बना रहे हैं। उन्होंने अद्भुत काम किया है। इसलिए मैं उनसे कुछ भी छीनना नहीं चाहता। लेकिन भारत में सफल होना कोई आसान काम नहीं है।' जिंदल भी पूरी तरह से स्वामित्व वाला ईवी ब्रांड लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने एमजी मोटर के साथ मिलकर नया जॉइंट वेंचर जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया शुरू किया है। एमजी मोटर इंडिया चीनी वाहन निर्माता कंपनी एसएआईसी मोटर की सहायक कंपनी है। इसके बाद एमजी मोटर का फोकस इलेक्ट्रिक वाहनों पर बढ़ गया है। टेस्ला की भारत में एंट्री को लेकर घरेलू ईवी कंपनियों ने भी पूरी तैयारी कर ली है।



## आप का राशिफल 7 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

# भारत और न्यूजीलैंड 25 साल बाद फिर खिताबी मैच में होंगे आमने-सामने

**दुबई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को मात देकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। 25 साल बाद एक बार फिर यह दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी।**



## आठ दिन के भीतर दूसरी बार होगा सामना

भारत और न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप ए में शामिल थी। भारत ने ग्रुप चरण के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को हराया था और अब आठ दिन के अंतर दोनों टीमें एक बार फिर आमने-सामने होंगी। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें दो बार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में भिड़ी हैं। आखिरी बार दोनों टीमों के बीच 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेला गया था। बारिश के कारण छह दिनों तक चले इस खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम भारत पर भारी पड़ी थी और कीवियों ने भारतीय टीम को आठ विकेट से हराया था।

## 25 साल पहले कीवियों ने तोड़ा था भारत का सपना

आईसीसी के सीमित ओवर के प्रारूप में आखिरी बार दोनों टीमें फाइनल में 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी में खेली थीं। न्यूजीलैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था। उस मैच में सौरव गांगुली की अगुआई वाली भारतीय टीम ने गांगुली के 117 रन और सचिन तेंदुलकर के 69 रनों की बदौलत 50 ओवर में छह विकेट पर 264 रन बनाए थे। जवाब में फ्लेमिंग की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड टीम ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया था। कीवी टीम के लिए कार्न्स ने 113 गेंदों पर नाबाद 102 रन बनाए थे और भारत के मुंह से जीत छीन ली थी।

## न्यूजीलैंड को लंबे समय से आईसीसी खिताब का इंतजार

इसके बाद से न्यूजीलैंड ने कभी आईसीसी के सफेद गेंद प्रारूप का टूर्नामेंट नहीं जीता है। न्यूजीलैंड की टीम 2015 और 2019 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची, लेकिन दोनों ही बार उसे हार का सामना करना पड़ा। अब उसका सामना एक और फाइनल में रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम से होगा जो टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए खिताबी मुकाबले में पहुंची है। गत दो मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच इसी दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर मुकाबला हुआ था जिसमें भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 250 रनों का लक्ष्य रखा था।

# गोल्डन बैट के लिए रचिन रविंद्र और विराट कोहली में टक्कर



**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के तहत भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाना है। सबकी नजरें टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज पर होगी जिसे गोल्डन बैट मिलेगा। अवॉर्ड के लिए रचिन रवींद्र और विराट कोहली के बीच टक्कर है। इसी तरह गोल्डन बॉल के लिए मैट हैनरी और शमी आमने-सामने हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के टॉप स्कोरर

- 227 रन : बेन डकेट, इंग्लैंड
- 226 रन : रचिन रवींद्र, न्यूजीलैंड
- 225 रन : जो रूट, इंग्लैंड
- 217 रन : विराट कोहली, भारत
- 216 रन : इब्रहिम जादरान, अफगानिस्तान
- इस लिस्ट में 195 रन बनाकर श्रेयस अय्यर छठे स्थान पर बने हुए हैं। अगर वह ग्रुप स्टेज की तरह फाइनल में भी अच्छी पारी खेलने में सफल रहे तो वह भी गोल्डन बैट के दावेदार हो सकते हैं। लेकिन सबकी नजरें विराट कोहली पर होंगी।

### बेस्ट स्ट्राइक रेट में फिलिप्स आगे

टूर्नामेंट में ग्लेन फिलिप्स ने फील्डिंग के अलावा बल्ले से भी अपना जलवा दिखाया है। उन्होंने चार मैचों में 143 रन बनाए है लेकिन उनकी स्ट्राइक रेट (140.20) इस वक्त सबसे ज्यादा है। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर (139.08) का नाम आता है। ऑस्ट्रेलिया के जोश इंग्लिस (133.67) भी इस लिस्ट में हैं। फिलहाल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में उमरजजई पहले नंबर पर चल रहे हैं जिन्होंने तीन मैचों में आठ छक्के लगाए हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के टॉप विकेट टेकर

- 10 विकेट : मैट हैनरी, न्यूजीलैंड
- 8 विकेट : मोहम्मद शमी, भारत
- 7 विकेट : वरुण चक्रवर्ती, भारत
- 7 विकेट : मिचेल सेंटनर, न्यूजीलैंड
- 7 विकेट : बेन द्वारशुइस, ऑस्ट्रेलिया

### हेड-टू-हेड रिकॉर्ड (वनडे)

- कुल खेले गए मैचः 120
- भारत जीताः 62
- न्यूजीलैंड की जीतः 50
- टाई : 1
- कोई परिणाम नहीं: 7



# आईपीएल 2025 के शेड्यूल में होगा बदलाव !

## शिफ्ट हो सकता कोलकाता बनाम लखनऊ मैच

**नई दिल्ली।** आईपीएल का 18वां संस्करण 22 मार्च से शुरू होगा। टूर्नामेंट का पहला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच ईडन गार्डन स्टेडियम पर होगा। ये कोलकाता का होम ग्राउंड है। बीसीसीआई पूरे शेड्यूल, हर मैच की डिटेल जारी कर चुका है। लेकिन अब खबर आ रही है कि ईडन गार्डन पर छह अप्रैल होने वाले कोलकाता बनाम लखनऊ मैच को शिफ्ट किया जा सकता है। इसके पीछे की बड़ी वजह भी सामने आ रही है। कोलकाता नाइट राइडर्स टूर्नामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन बनकर उतरेगा। उसने श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पिछले साल आईपीएल खिताब जीता था। हालांकि अय्यर इस बार टीम में नहीं हैं। केकेआर ने अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान बनाया है। सभी टीमों का शेड्यूल आ चुका है।

### सुरक्षा चिंताओं को देख कर मैच हो सकता रिशेड्यूल

छह अप्रैल को राम नवमी मनाई जाएगी, जो हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। इस त्यौहार में कोलकाता में बड़े पैमाने पर जुलूस निकाले जाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कोलकाता पुलिस ने मैच और एक साथ होने वाले धार्मिक आयोजनों के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने पर चिंता व्यक्त की है। यह पहली बार नहीं है जब आईपीएल को इस तरह की चुनौती का सामना करना पड़ा है। 2024 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ केकेआर के मैच को इसी तरह की चिंताओं के कारण रिशेड्यूल करना पड़ा था।

### बीसीसीआई और सीएबी ढूंढ रहे हैं समाधान

रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (CAB) ने मदद के लिए पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास से संपर्क किया है. उन्होंने आश्वासन दिया है कि संभावित समाधान तलाशने के लिए पुलिस के साथ चर्चा की जाएगी. वेन्यू बदलने या तारीख बदलने पर विचार किया जा सकता है, लेकिन कोई भी विकल्प सीधा नहीं है.

# खेलो इंडिया पैरा खेल की शुरुआत 20 मार्च से



**नई दिल्ली करेगा मेजबानी, 1230 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा**

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया पैरा खेलों (केआईपीजी) के दूसरे चरण की शुरुआत 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में होगी। इन खेलों में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित करीब 1230 पैरा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें से कई पैरा एथलीट 2024 पेरिस पैरालंपिक और चीन के हांग्झोउ में 2022 एशियाई पैरा खेलों के पदक विजेता हैं। ये छह स्पर्धाओं पैरा तीरंदाजी, पैरा एथलेटिक्स, पैरा बैडमिंटन, पैरा पावरलिफ्टिंग, पैरा निशानेबाजी और पैरा टेबल टेनिस में प्रतिस्पर्धा करेंगे। पैरा एथलेटिक्स, पैरा तीरंदाजी और पैरा पावरलिफ्टिंग की मेजबानी जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम करेगा, जबकि आईजी स्टेडियम परिसर में पैरा बैडमिंटन और पैरा टेबल टेनिस स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। केआईपीजी 2025 में प्रतिस्पर्धा करने वाले प्रमुख पैरा खिलाड़ियों में पेरिस पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर सिंह (तीरंदाजी), धरमबीर (क्लब थ्रो) और प्रवीण कुमार (ऊंची कूद) शामिल हैं। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, हमारे पैरा खिलाड़ियों की उन्नति बड़े पैमाने पर खिलाड़ियों के लिए बड़ी प्रेरणा है। 'हम कर सकते हैं' का रवैया वास्तव में प्रेरक है और मुझे यकीन है कि हम आगामी खेलो इंडिया पैरा खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन देखेंगे।

**प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट**

# भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने हासिल की एकल बढ़त




**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सातवें दौर में काले मोहरे से खेलते हुए नीदरलैंड के अनीश गिरी को मात दी और एकल बढ़त हासिल करने में सफल रहे। अरविंद ने शुरू से लेकर आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। अरविंद ने गिरी के खिलाफ 24वीं चाल में अपने घोड़े के दम पर बढ़त बनाई और आखिर में 39वीं चाल में जीत हासिल करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम लिखवाया। अरविंद इस जीत से लाइव रेटिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से लाइव रेटिंग में शीर्ष 15 में अब कम से कम पांच भारतीय शामिल हो गए हैं। विश्वनाथन आनंद 15वें नंबर पर हैं। अरविंद ने पहली बार शीर्ष 15 में प्रवेश किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञानंद ने टूर्नामेंट से पहले खिताब के दावेदार माने जा रहे चीन के वेई यी के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद ने संभावित सात में से अपने अंकों की संख्या पांच कर ली है और अब वह प्रज्ञानंद से आधे अंक की बढ़त पर हैं।

# म नो रं ज न

## 'गदर 2' का रिकॉर्ड तोड़ने से कुछ कदम दूर विक्की कौशल की फिल्म 'छावा'

विक्की कौशल की 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कलेक्शन जारी रखा है, जिसके चलते वह अब एक्टर की नंबर वन फिल्म बन गई है। लेकिन अभी 'छावा' नए रिकॉर्ड ब्रेक करने की ओर बढ़ती हुई नजर आ रही है। दरअसल, 'छावा' की जितनी रफ्तार है वह जल्द ही सनी देओल की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गदर 2' का रिकॉर्ड तोड़ देगी, जिसका आंकड़ा वर्ल्डवाइड़ 691.08 करोड़ का है। वहीं छावा की बात करें तो 20 दिनों में फिल्म ने 650 करोड़ की कमाई हासिल दुनियाभर में कर ली है। इसके चलते 'गदर 2' के रिकॉर्ड तोड़ने से फिल्म 42 करोड़ पीछे है, जो कि 'सिकंदर' की रिलीज से पहले वसूलने की उम्मीद है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, 'छावा' ने पहले दिन 31 करोड़ की ओपनिंग फिल्म ने की थी। दूसरे दिन 37 करोड़, तीसरे दिन 48.5 करोड़, चौथे दिन 24 करोड़, पांचवे दिन 25.25 करोड़, छठे दिन 32 करोड़ और सातवें दिन 21.5 करोड़ की कमाई फिल्म ने हासिल की, जिसके बाद पहले हफ्ते का कलेक्शन 219.25 करोड़ हुआ। वहीं आठवें दिन फिल्म ने 23.5 और नौंवे दिन 44 करोड़, 10वें दिन 40 करोड़, 11वें दिन 18 करोड़, 12वें दिन 18.5 करोड़, 13वें दिन 23 करोड़, 14वें दिन 13.25 करोड़, 15वें दिन 13 करोड़, 16वें दिन 22 करोड़, 17वें दिन 24.25 करोड़, 18वें दिन 7.75 करोड़, 19वें दिन 5.4 करोड़ और 20वें दिन 5.75 करोड़ की कमाई फिल्म ने हासिल की है।



## एक बार ताजमहल गए हैं शाहरुख खान !



बॉलीवुड इंडस्ट्री में किंग खान का टैग हासिल कर चुके शाहरुख खान आज दुनिया के सबसे अमीर एक्टरों में गिने जाते हैं, न सिर्फ भारत में बल्कि दुबई और कई देशों में उनकी करोड़ों की प्रॉपर्टी हैं। लेकिन एक दौर ऐसा था जब शाहरुख खान को गुजारा करने के लिए टिकट बेचने का काम भी करना पड़ा था और जब उन्हें अपनी पहली तनख्वाह मिली तो इससे शाहरुख खान ने क्या किया? एक वीडियो में उन्होंने बताया कि जब उन्हें 50 सैलरी मिली, तो वह सीधे ताजमहल देखने पहुंचे, लेकिन उसके बाद उनकी जो हालत हुई वह आगरा से दिल्ली तक केवल उल्टी करते हुए आएं। इंस्टाग्राम पर srkw0rld।_ नाम से बने पेज पर एक रियालिटी डांस शो का वीडियो शेयर किया गया हैं। इसमें शाहरुख खान अपनी ताजमहल की स्टोरी बताते नजर आ रहे हैं, उन्होंने कहा कि मैं अपने जीवन में केवल एक ही बार ताजमहल गया हूं। उन्होंने बताया कि मुझे एक म्यूजिकल शो में टार्च लेकर लोगों को उनकी सीट पर बैठाना था, इसके लिए मुझे 50 मिले और मैं इन पैसों को लेकर सीधे ताजमहल देखने पहुंच गया।



## मंच छोड़कर दौड़ गए भाईजान

बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान अपनी शानदार एक्टिंग के साथ डांस के लिए जाने जाते हैं। सलमान खान के डांस स्टेप हमेशा कुछ ऐसे होते हैं जिन्हें देखकर लोग उन्हें ट्राई करने की कोशिश करते हैं। सलमान खान की हर फिल्म में एक ऐसा गाना होता है जो वायरल हो जाता है। सलमान खान का गाना मुन्नी बदनाम खूब वायरल हुआ था। वो कई बार स्टेज शोज में भी अपने इस गाने पर डांस भी कर चुके हैं। एक बार उन्होंने सुनील ग्रोवर के साथ इस गाने पर डांस किया था जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। ये डांस वीडियो किसी स्टेज शो का है जिसमें तमन्ना भाटिया और मनीष पॉल भी मुन्नी बदनाम पर डांस कर रहे हैं। सलमान भी गाने का हुक स्टेप करते हैं। उसके बाद सुनील ग्रोवर गुत्थी बनकर वहां आ जाते हैं। जिन्हें देखकर सलमान की हंसी छूट जाती है। वो स्टेप करते हुए हंसने लगते हैं। सलमान और सुनील का ये वीडियो देखने में बहुत मजेदार है। इस वीडियो पर फैंस ढेर सारे कमेंट भी कर रहे हैं। सलमान के वीडियो पर लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- क्यूट मुन्नी सलमान खान। वहीं दूसरे ने लिखा- तमन्ना पूरे होश में डांस कर रही है। एक ने लिखा- सलमान सोच रहे हैं क्या करूं मैं इसका। मार भी नहीं सकता प्यार जो करता हूं। कुछ लोग वीडियो पर हंसने वाली इमोजी पोस्ट कर रहे हैं। बता दें ये सलमान खान की फिल्म दबंग का गाना है। जिसमें मलाइका अरोड़ा के साथ सलमान ठुमके लगाते हुए नजर आए थे। वो चुलबुल पांडे के अंदाज में डांस करते नजर आए थे।

## परिणीति ने की पति राघव चड्ढा की तारीफ

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने अपने पति और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की प्रशंसा की। उन्होंने अपने पति को 'इंस्पायरिंग ह्यूमन' बताया। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर राघव का वीडियो शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, इस प्रेरणादायक इंसान पर क्रश है। इसके बाद उन्होंने एक रेड हार्ट इमोजी भी लगाई। दरअसल, राघव को वीडियो में प्रतिष्ठित हार्वर्ड केनेडी स्कूल (एचकेएस) एग्जीक्यूटिव एजुकेशन प्रोग्राम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किए जाने पर अपनी खुशी व्यक्त की। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव ने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं। मुझे इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए चुने जाने पर गर्व है और इस अवसर के लिए मैं हार्वर्ड के साथ-साथ विश्व आर्थिक मंच का भी बहुत आभारी हूं। यह वैश्विक नेतृत्व में अपनी शिक्षा को बढ़ाने और शासन, सार्वजनिक मामलों और सार्वजनिक नीति में कुछ प्रतिभाशाली लोगों के साथ जुड़ने के दौरान नीति निर्माण में कौशल हासिल करने का एक अनूठा अवसर है। यह वास्तव में मेरे लिए 'बैक टू स्कूल' वाला एक पल है और मैं नए दृष्टिकोण प्राप्त करने के लिए उत्सुक हूं जो भारत के नीति निर्माण परिदृश्य में योगदान देगा। राघव ने भारत के नीतिगत ढांचे में इस सबक को शामिल करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, मैं भारत में नीति निर्णयों को बेहतर बनाने के लिए मूल्यवान वैश्विक दृष्टिकोण लाने के लिए उत्सुक हूं। दुनिया आपस में जुड़ी हुई है और शीर्ष नीति निर्माताओं तथा विशेषज्ञों से सीखने से हमें नए और बेहतर समाधान बनाने में मदद मिलेगी- जो न केवल भारत को प्रभावित करते हैं, बल्कि पूरी दुनिया को भी प्रभावित करते हैं। चड्ढा को इससे पहले विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की ओर से यंग ग्लोबल लीडर के रूप में मान्यता दी गई थी।



## कैटरीना कैफ ने किया ससुराल 'गेंदा फूल गाने' पर डांस



एक्ट्रेस कैटरीना कैफ कौशल फैमिली की परफेक्ट बहू हैं। हाल ही में अदाकारा महाकुंभ में अपनी सासूमां वीना कौशल के साथ पहुंची थीं, जिसके वीडियो और तस्वीरें की चर्चा अभी खत्म नहीं हुई थी कि अब कैटरीना कैफ का डांस वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह ससुराल गेंदा फूल गाने पर डांस करते हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, हाल ही में कैटरीना कैफ एक वेडिंग में पहुंचीं थीं। जहां उन्होंने अपनी देसी साइड दिखाते हुए 'दिल्ली 6' के गाने ससुराल गेंदा फूल के गाने पर आदर्श बहू का फर्ज निभाते हुए हुकस्टेप करती हुई नजर आईं। वीडियो में ब्लू कलर के स्लीवलेस लहंगा चोली में न्यूड मेकअप के साथ शादी में ससुराल गेंदा फूल गाने के हुकस्टेप पर डांस करती हुई नजर आ रही हैं। जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि यह गाना छत्तीसगढ़ का फेमस फोक सॉन्ग है, जो अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर की 'दिल्ली 6' में एआर रहमान द्वारा अडेप्ट करने के बाद फेमस हो गया।

कैटरीना कैफ के इस वायरल डांस वीडियो को देखने के बाद लोगों ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है। एक यूजर ने लिखा, खूबसूरत। दूसरे यूजर ने लिखा, इस उम्र में भी क्यूटी हैं। तीसरे यूजर ने लिखा, वह सुपर क्यूट लग रही हैं। चौथे यूजर ने लिखा, वह क्यूट डॉल की तरह लग रही हैं। पांचवे यूजर ने लिखा, उनके मूवी में आने का इंतजार बेसब्री से है।

प्रवासियों ने मंडल रेल प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

# गर्मियों की छुट्टियों में राजस्थान के लिए विशेष ट्रेन चलाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** दक्षिण पश्चिम रेलवे बेंगलूरु मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य अश्विन सेमलानी के नेतृत्व में राजस्थानी प्रवासियों ने गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक बेंगलूरु अमितेश कुमार सिन्हा से शिष्टाचार भेंट की। सेमलानी ने उन्हें राजस्थानी प्रवासियों की मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि बेंगलूरु से अजमेर के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 16209/16210 का ठहराव पाली जिले के जवाईबांध स्टेशन पर सुनिश्चित कराने से हजारों यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा।

### एक भी ट्रेन दैनिक नहीं, 20 लाख से अधिक राजस्थानी कर्नाटक में निवासरत

*उन्होंने बताया कि रेलवे ने राजस्थान के विभिन्न शहरों के लिए मैसूरु व बेंगलूरु से दस जोड़ी ट्रेन चला रखी है। ताज्जुब की बात ये है कि इनमें से एक भी ट्रेन दैनिक नहीं है। बेंगलूरु-मैसूरु व यशवंतपुर से राजस्थान की ओर जाने वाली नौ ट्रेनों में से पांच साप्ताहिक व चार द्विसाप्ताहिक ट्रेन है। हाल ये है कि कर्नाटक की राजधानी से राजस्थान की राजधानी को जोड़ने के लिए मात्र दो ट्रेन हैं। इनमें एक यशवंतपुर जयपुर साप्ताहिक सुपर एक्सप्रेस वाया बल्लारी, सोलापुर व एक द्विसाप्ताहिक ट्रेन मैसूरु-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन वाया काचीगुड़ा, नागपुर है। जानकारों की माने तो 20 लाख से अधिक राजस्थानी प्रवासी व्यवसाय, उद्योग धंधे व नौकरी के सिलसिले में समूचे कर्नाटक में रहते हैं। त्योहार, गर्मियों की छुट्टियों व वैवाहिक सीजन में प्रवासी बंधु अपने-अपने गांव सपरिवार जाते हैं। लेकिन ट्रेनों की संख्या कम होने के कारण प्रवासियों को या तो वेटिंग टिकट में सपरिवार यात्रा करने को मजबूर होना पड़ता है या फिर राजस्थान की ओर जाने वाली बसों में जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ती है।*

जवाईबांध व इस स्टेशन के आसपास के गांवों के हजारों लोग बेंगलूरु-मैसूरु में अपना व्यवसाय एवं नौकरी करते हैं। ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित होने से कर्नाटक में रहने वाले प्रवासियों को अपने घर जाने के लिए परेशान का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने ज्ञापन में बताया है कि कर्नाटक के बेंगलूरु, मैसूरु और हुब्बल्ली से राजस्थान के प्रमुख जयपुर, जोधपुर, अजमेर, जालोर, बाड़मेर, उदयपुर तथा कोटा शहर के लिए दैनिक ट्रेन नहीं होने के कारण राज-स्थानी प्रवासियों को अपने शहर, गांव जाने में ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बेंगलूरु, मैसूरु और हुब्बल्ली-धारवाड़ शहरों में हजारों की संख्या में राजस्थानी प्रवास करते हैं। बेंगलूरु से जोधपुर वाया भीलड़ी-जालोर अभी तक रेल की सीधी सुविधा नहीं है। बेंगलूरु से भीलड़ी-जालोर मार्ग पर वाया हुब्बल्ली, पुणे मात्र एक ही ट्रेन संख्या 14805/06 चलती है। इसमें क्षमता से अधिक यात्री भार होने के कारण लोगों को आरक्षण मिलना बहुत मुश्किल होता है। इस ट्रेन को साप्ताहिक से त्रि साप्ताहिक करने के साथ इस मार्ग पर बेंगलूरु से जोधपुर वाया भीलड़ी-जालोर एक अतिरिक्त ट्रेन चलाई जाने की मांग की। इस अवसर पर दिलीप जैन, मूलसिंह राजपुरोहित भी उपस्थित थे।

## पौधरोपण कर मनाया नंदीशाला का दूसरा वार्षिकोत्सव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** कामधेनु पुत्र 36 कौम नंदी शाला जाखानगर की द्वितीय वर्षगांठ गुरूवार को नंदी शाला परिसर में पीपल का पौधरोपण कर मनाई गई। नंदी शाला समिति के सचिव राजेश जोशी ने बताया कि कामधेनु 36 कौम नंदी शाला जाखा नगर के दो वर्ष पूरे होने पर समिति अध्यक्ष किशोर भाटी के सान्निध्य मे नंदी शाला परिसर में पीपल का 8 फीट का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं नंदी शाला उपाध्यक्ष रूपाराम देवड़ा प्रयागराज दर्शन कर लौटने पर उनका भी समिति कि और से दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। नंदी शाला समिति अध्यक्ष किशोर भाटी ने बताया कि पाली जिले कि दूसरी पंचायत स्तर कि पहली नंदी शाला सुमेरपुर के जाखा नगर में स्थित है। यहां नगर पालिका के सहयोग से करीब 230 बड़े व 150 छोटे नंदी हैं। वर्तमान में राज्य सरकार से अनुदान कि सुविधा उपलब्ध नहीं है जबकि चारे पानी कि सम्पूर्ण व्यवस्था भामाशाह के सहयोग से संचालित हो रहीं हैं। इस मौके पर नंदी शाला उपाध्यक्ष लालचंद अग्रवाल, रूपाराम देवड़ा, कोषाध्यक्ष बाबूलाल बोराणा, शांतिलाल देवड़ा, प्रकाश अग्रवाल, नेनमल सोनी, ओमप्रकाश कुमावत, पन्नालाल कुमावत, तुलसीराम चौधरी एवं नंदी शाला कार्मिक मौजूद रहें।

## केजीबी में किशोरी मेला आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय पोमावा में किशोरी मेले का आयोजन किया गया। संस्था प्रधान अंजू बेरवाल ने बताया कि किशोरी मेले का उदघाटन कामधेनु पुत्र 36 कौम गोशाला सेवा समिति के अध्यक्ष मदनसिंह राजपुरोहित ने फीता काट कर किया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद प्रेमचंद बरूत एवं विशिष्ट अतिथि मदनसिंह राजपुरोहित, पूर्व पार्षद गोविन्द राठौड़, सीबीइओ कार्यालय आरपी हरीराम कलावंत का संस्था प्रधान बेरवाल ने साफा, माला और स्मृति चिन्ह् देकर पारंपरिक रूप से स्वागत व अभिनंदन किया। कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सुंदर नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुतियां दी गई।




किशोरी मेले में पुराड़ा, सोनपुरा, जाखा नगर, संजय नगर सुमेरपुर की करीब 300 बालिकाओं ने भाग लिया। बालिकाओं द्वारा मेले में अलग-अलग स्टॉल लगाई गई। जिसमें स्किल एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखने वाले मॉडल प्रस्तुत किए गए। भामाशाह देवाराम, मदनसिंह राजपुरोहित व देवाराम का सहयोग रहा। कार्य'म में ऊषा दवे, मंजू मीणा, पूजा, भावना, छोगाराम देवासी, मनीष कुमार एवं कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय पोमावा के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंदिर व दरगाह जाने वाली सड़क का निर्माण बंद, लोग परेशान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** कीरों की ढाणी काणा पीर दरगाह व महादेव मन्दिर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य कई माह से बंद होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार की लापरवाही व सार्वजनिक निर्माण विभाग की अनदेखी को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। दरगाह कमेटी के नायब सदर अल्लारक खां पठान ने बताया कि कीरों की ढाणी काणा पीर तालाब दरगाह व मंदिर जाने हेतु पिछले पच्चीस वर्षों से एक किलोमीटर सड़क का डामरीकरण सड़क कार्य अधूरा था। ग्रामीणों व जायरीनों की मांग पर बाली विधायक पुष्पेन्द्रसिंह राणावत के प्रयासों व सार्वजनिक विभाग की अनुशंषा पर दरगाह शरीफ व मंदिर तक एक किलोमीटर डामरीकरण सड़क निर्माण की गत सरकार में बजट घोषणा के तहत स्वीकृति जारी हुई थी। विभाग की ओर से टेंडर जारी करने के बाद ठेकेदार ने सड़क निर्माण कार्य शुरू किया। लेकिन पिछले कई महीनों से यह सड़क निर्माण कार्य बंद पड़ा है। ऐसे में लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई है। दरगाह पर हर वर्ष मनाए जाने वाले उर्स की तारीख नजदीक आ रही ह। कमेटी ने सानिवि से उर्स से पहले सड़क का कार्य पूर्ण करवाने की मांग की है।

## फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसान हो रहे लाभान्वित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** बागोल ग्राम पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री शिविर आयोजित किया गया। नायब तहसीलदार गिरीराजसिंह राजपुरोहित, शिविर प्रभारी मगनसिंह राजपुरोहित, सरपंच अमकीदेवी, ग्राम विकास अधिकारी राकेशकुमार, कनिष्ठ सहायक असलमखान समेत कार्मिकों की मौजूदगी में किसानों का रजिस्ट्रेशन किया गया। राज्य सरकार की इस योजना का किसान वर्ग लाभ उठा रहा है। किसानों को मिलने वाली प्रधानमंत्री किसान निधि की राशि फार्मर रजिस्ट्रेशन करने पर ही मिलेगी।



**खौड़।** निकटवर्ती नादाना गांव में आर्योजित फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर में 600 से अधिक किसानों की आइडी बनाई गई। सरपंच (प्रशासक) किरण राव के अनुसार शिविर के दौरान नेटवर्क बाधित से ओटीपी मैसेज की समस्या को लेकर किसान परेशान दिखे। रानी उपखंड अधिकारी भंवरलाल विश्नोई, तहसीलदार मनोहरसिंह, बीडीओ नारायणसिंह राजपुरोहित, नायब तहसीलदार मोहनलाल, आरआइ पोमाराम, ग्राम विकास अधिकारी अजीतसिंह, पटवारी देशराज मीणा, चिरण चौधरी, श्रवणकुमार, कृषि विभाग के लालाराम, एलडीसी पोमाराम, पशु चिकित्सक जोगेन्द्रसिंह, डॉ. मनीषकुमार सैनी, कॉपरेटिव के कुंदनसिंह, नीरजसिंह, कपलेशकुमार, हितेश बोराणा आदि का सहयोग रहा। श्रवणसिंह राव, जीतू गोयल, अजय जैन, अशोक राजपुरोहित खरोकडा भी मौजूद रहे।





नाडोल। पंचायत सभा भवन में तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री शिविर को लेकर किसानों में उत्साह बना हुआ है। सरपंच/प्रशासक फुलकंवर, शिविर प्रभारी सुखराम वर्मा, ढलाराम ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ लिपिक नर्बदाकुमारी, सहायक भीमाराम, भागीरथसिंह कंप्यूटर अनुदेशक, हजारीराम विश्नोई, मांगीलाल, पप्पूनाथ, छगनलाल, मांगीलाल सरगरा, दलाराम आदि उपस्थित थे। शिविर के दौरान नेटवर्क समस्या के चलते लोगों को ओटीपी आदि के लिए परेशान होना पड़ा।



## शिविर में करवाया योगाभ्यास

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन गुरूवार को स्वयंसेवकों के लिए योग सत्र एवं स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता और निशानेबाज निधि राजावत उपस्थित रहीं। योग सत्र के दौरान राजावत ने स्वयंसेवकों को विभिन्न योगासन कराए और उनके लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और आत्मअनुशासन का भी महत्वपूर्ण साधन है। इसके पश्चात स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी राहुल पलसानिया ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, पोषण और दैनिक दिनचर्या में सुधार के सुझाव भी दिए। संगोष्ठी के समापन पश्चात विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में श्रमदान किया। कार्य'म में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हीरालाल, समस्त संकाय सदस्य और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## मनोनीत सदस्यों के साथ बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जिले में तहसील स्तरीय उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समितियों एवं तहसील स्तरीय खाद्य सुरक्षा व सतर्कता समितियों का गठन किया गया। जिला रसद अधिकारी मनजीतसिंह ने बताया कि रसद कार्यालय में तहसील स्तरीय उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समितियों एवं तहसील स्तरीय खाद्य सुरक्षा व सतर्कता समितियों के मनोनीत गैर सरकारी सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें खाद्य सुरक्षा योजना के तहत नए आवेदनों, गिव अप अभियान के तहत स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए आवेदन करवाने पर चर्चा कर अन्य विभागीय दिशा निर्देशों से अवगत करवाया गया। बैठक में प्रवर्तन अधिकारी कमलकुमार पंवार, जितेन्द्रसिंह आशिया, वरिष्ठ सहायक केसरसिंह, संगीता, कनिष्ठ सहायक हेमंत सेन एवं मनोनीत गैर सरकारी सदस्यों ने भाग लिया।

## महिला दिवस पर जिला स्तरीय आयोजन कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम राजकीय बांगड महाविद्यालय आयोजित किया जाएगा। महिला अधिकारिता उप निदेशक भागीरथ चौधरी के अनुसार इस दौरान पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के अंतर्गत महिला के सशक्तिकरण के क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के विभिन्न व्यक्तियों, संस्थाओं एवं महिला बाल विकास कार्मिकों को सम्मानित किया जायेगा।

## सात साल की दिलशाद बानो ने रखा रोजा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** रहमतों बरकतों वाला महीना रमजान शुरू होते ही नन्हे मुन्ने बच्चों में रोजे रखने की होड़ सी लगी हुई है। इसी होड़ की दौड़ में सिलावट मोहल्ला निवासी मोहम्मद युनूस टाक व अफसाना की सात वर्षीय बिटिया दिलशाद बानो भी शामिल हो गई। उसने सात साल की उम्र में अपने जीवन का पहला रोजा रखा और दिन भर इबादत में मशगुल रही। इफ्तार के वक्त दादी मुन्नी आपा ने खुशी का इजहार करते हुए फूलों का हार पहना कर सबका मीठा मुंह करवाया। नानी रूखसाना, रिहाना, रानू, शबनम टाक, सीमा परवीन, ठेकेदार रिजवान खताई, एडवोकेट आमिर खान, डॉ मोइनुद्दीन चौहान, मास्टर अब्दुल सलीम, असलम ताजक, असलम कुरैशी आदि ने खुशी का इजहार करते हुए मुबारकबाद पेश की।



## खादी ग्रामोद्योग विकास योजना को लेकर कार्यक्रम आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के राज्य कार्यालय जयपुर के तत्वावधान में ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत शुक्रवार को जय अम्बे फार्म एंड रिसोर्ट में कार्य'म आयोजित किया जाएगा। आयोजन में खादी और ग्रामोद्योग आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार का सान्निध्य रहेगा। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक डॉ राहुल मिश्र ने बताया कि ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत मशीन एवं टूल किट्स वितरण कार्य'म दोपहर 12.30 बजे आरंभ होगा। समारोह में जनप्रतिनिधि, अध्यक्ष खादी और ग्रामोद्योग आयोजन भारत सरकार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## ग्रामस्तरीय जनसुनवाई में हाथों-हाथ मिली राहत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमन्द।** मोही ग्राम पंचायत में गुरुवार को ग्राम स्तरीय जनसुनवाई कई लोगों के लिए राहत लेकर आई। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा भी इस जनसुनवाई में पहुंचे और लोगों की समस्याओं को सुन त्वरित राहत प्रदान की। कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान होकर हाथों-हाथ राहत दे दी गई। विकास अधिकारी महेश गर्ग ने बताया कि मोही की जनसुनवाई में गांव के लक्ष्मीलाल कीर, शंकरलाल कीर, शकील मोहम्मद और जगदीश तेली की शिकायत पर कलक्टर असावा द्वारा हाथों-हाथ पट्टा वितरण कर राहत प्रदान की गई। शांतिलाल पिता रूप लाल तेली और सोहन लाल पिता नाना रैगर का मौके पर ही नामांतरण खोल दिया गया। जनसुनवाई में कुल 33 प्रकरण सामने आए और प्रशासन द्वारा प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया। शिकायतों को लेकर रहें संवेदनशील जिला कलक्टर असावा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन और विशेष रूप से निर्धन वर्ग के प्रति संवेदनशील रहें और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित कर राहत प्रदान करें। कलक्टर ने कहा है कि हर शिकायत का अध्ययन करते हुए यथा संभव मौके पर राहत देने का प्रयास करें। जनसुनवाई में राहत पाकर ग्रामीणों ने सरकार का आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में प्रधान पंचायत समिति राजसमंद अरविंदसिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता, समाजसेवी दिग्विजयसिंह भाटी, विकास अधिकारी महेश गर्ग, तहसीलदार विजय रेगर ग्राम विकास अधिकारी निधि आचार्य सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



## महिला दिवस पर आयोजित कार्यशाला में जल सखियों का सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हिन्दुस्तान जिंक द्वारा वेदांता विहार क्लब दरीबा में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें जल सखियों को उनके अतुलनीय योगदान को सम्मानित किया गया। यह कार्यशाला हिन्दुस्तान जिंक की पेयजल परियोजना के तहत संचालित की गई। जिसमें स्थानीय महिलाएं आरओ जल शुद्धिकरण संयंत्रों के संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रही हैं। इस परियोजना के तहत, जल सखियों ने 45 हजार से अधिक लोगों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया और अब तक लगभग 1 करोड़ लीटर पानी की आपूर्ति की। आईबीयू सीईओ राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स बलवंतसिंह राठौड, वेदांता हिंदुस्तान जिंक की हेड सीएसआर अनुपम निधि, नीर अमृत के सीईओ भूपेंद्रसिंह ने जल सखियों के प्रयासों की सराहना की।

## बाली की 19 ढाणियों को मिला राजस्व गांव का दर्जा

### ग्रामीणों में खुशी, विधायक व कलक्टर का जताया आभार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** विधानसभा क्षेत्र में स्थित बाली तहसील के मूल राजस्व ग्राम से लगी 19 ढाणियों को राजस्व ग्राम का दर्जा मिल गया है। इस फैसले से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। इन ढाणियों में भीमाना के पास उबरी पाणी कोयलवाव के निकट भागला खुणा, कुरका और पाटरिया की ढाणी शामिल हैं। पिपला के पास डींगा पिपला, गोरिया के निकट निचला गोरिया, और भाटूद के पास नया सेना और पातेला को भी राजस्व ग्राम घोषित किया गया है। इसके अलावा उपला भीमाणा के पास खेड़ा ढाणी, बेडा के निकट रेला, ठंडी बेरी के पास शिशवाड़ा ढाणी को भी यह दर्जा मिला है। उपला भीमाणा के निकट कालिबोर कुंडाल और दाता ढाणी, भन्दर के पास उपला भारला और निचला भारला, बेडा के निकट पनेत्रा भी अब राजस्व ग्राम बन गए हैं। बीजापुर के पास टाकरिया ढाणी, सेवाड़ी के निकट शक्ति नगर और बीसलपुर के पास मीणों की ढाणी को भी राजस्व ग्राम का दर्जा दिया गया है। यह निर्णय ग्रामीणों द्वारा बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत को दिए गए कई ज्ञापनों के बाद लिया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए बाली विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत और पाली जिला कलक्टर एलएन मंत्री का विशेष आभार व्यक्त किया है। राजस्व ग्राम बनने से इन क्षेत्रों में विकास कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# ड्रग विभाग ने दवा दुकानों के लाइसेंस किए निलंबित

## दवा बिक्री का रिकार्ड संधारित नहीं करने पर की कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** ड्रग विभाग ने जिले की दवा की दुकानों के लाइसेंस निलंबित निरस्त किए हैं। ये कार्रवाई औषधि विक्रय एवं नियमों का उल्लंघन होने पर की गई है। औषधि नियत्रंण अधिकारी नरेन्द्र कुमार राठौड़ की ओर से प्राप्त शिकायत पर सरूपगंज के मैसर्स सागर फार्मा स्वरूपगंज पर जालोर के सहायक औषधि नियंत्रक सुनिल कुमार मित्तल के निर्देशन पर कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान कई प्रकार की अनियमिताऐं मिली। जिसमें सेड्यूल एच-1 केटेगरी की औषधियों का विक्रय विवरण फर्म की ओर से प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर जिला औषधि नियत्रंण अधिकारी राठौड़ ने निरीक्षण रिपोर्ट बनाकर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गई। राठौर द्वारा बताया गया कि औषधि एवं प्रसांधन सामग्री अधिनियम के तहत फर्म को क्रय-विक्रय का रिकार्ड रखना आवश्यक है।



### इन फर्मों को किया निलंबित

राठौड़ ने बताया कि औषधियों के विक्रय का रिकॉर्ड संधारित नहीं होने पर सहायक औषधि नियत्रंक जालोर ने मैसर्स आशापुरा फार्मा का लाइसेंस तीन दिन, मौसर्स बालाजी मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर झाड़ोली का सात दिन, मैसर्स आशापुरा मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर झाड़ोली का पांच दिन, मैसर्स महावीर फार्मा डिस्टीब्यूटर्स केसरपुरा शिवगंज कर पांच दिन, मैसर्स निलकण्ठ मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर पेशुआ का सात दिन, मैसस क्षेत्रपाल मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर सिलदर का सात दिन के लिए लाइसेन्स निलंबन की कार्रवाई की गई।

## पांच वर्षीय जहरा ने रखा पहला रोजा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** बापू नगर की पांच वर्षीय जहरा असगरी पुत्री शाहिद खान ने अपने जीवन का प्रथम रोजा रखा। फरीद अशगरी ने बताया की माहे रमजान के दौरान छोटे बच्ची 5 वर्षीय जहरा के द्वारा प्रथम रोजा रखने पर शाम को रोजा इफ्तार परिवार के सदस्यों समेत अन्यों ने स्वागत किया।



## 'मेरा शहर, मेरी जिम्मेदारी' कार्यक्रम का आगाज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** नगरपालिका मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी कार्यक्रम का गुरुवार को आगाज किया। पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण व अधिशाषी अधिकारी दिपिका वीरवाल ने हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम का आगाज किया। कार्यक्रम के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के फिडबैक अनुपयोगी सामान को दान करना, कचरे को अलग-अलग करना, यूजर फीस के लिए जागरूकता कार्यक्रम, उन्नति संस्था जोधपुर, जन चेतना संस्थान व फिडबैक फाउंडेशन की टीम द्वारा गुरुवार से 12 मार्च तक किया जाएगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### धूमधाम से मनाई शंखेश्वरराज धाम की वर्षगांठ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** मीरपुर के शंखेश्वरराज राजेन्द्र धाम की छठ़ी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई। ध्वजा के लाभार्थियों ने शुभमुहूर्त में ध्वजारोहण किया। इससे पहले अभिषेक के साथ.साथ पूजा की गई। लाभार्थी परिवार द्वारा स्वामीवात्सल्य का आयोजन किया गया। मुख्य लाभार्थी परिवार प्रहलाद, जयंतीलाल, महेंद्र कुमार धवल का बहुमान किया। शंखेश्वर पारसनाथ ध्वजा एवं राजेंद्रसूरी की ध्वजा के लाभार्थी प्रहलाद, जयंतीलाल, महेंद्र कुमार एवं धवल नगोत्रा सोलंकी परिवार रहे। गौतम स्वामी की मुख्य ध्वजा के लाभार्थी गौतम सोलंकी एवं रणधीर सोलंकी परिवार रहे। सत्य विजय हरण ने सभी का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी जयविक्रम हरण एवं लाला जैन ने दी।

### चोरों ने स्टोर में मारी सेंध



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** केसरगंज क्षेत्र स्थित एक स्टोर में बुधवार देर रात को चोरों ने सेंध मार दी। स्टोर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। डेढ़ लाख मूल्य की सिगरेट व नगदी लेकर फरार हो गए। सूचना पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। दीपक स्टोर के संचालक दीपक भाई ने बताया कि वह बुधवार रात को स्टोर बंद कर घर चले गए। इसके बाद गुरुवार सुबह स्टोर पर पहुंचने पर ताले टूटे मिले। स्टोर में रखी करीब करीब डेढ़ लाख मूल्य की सिगरेट व गले में रखे करीब 6 हजार की नगदी गायब मिली। इस पर शहर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची शहर पुलिस ने मौका निरीक्षण किया। स्टोर संचालक से आवश्यक जानकारी ली।

### मेला स्थल की सफाई की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** भाजपा पदाधिकारी ने पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन देकर रामझरोखा मंदिर में वार्षिक मेले के तहत सफाई एवं विशेष सजावट की मांग की। केसरगंज के लोधवाड़ा रामझरोखा मंदिर का वार्षिक मेला धूमधाम से मनाया जाता है। भाजपा के प्रेमसिंह लोधा ने पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण को ज्ञापन सौंपा। मेला स्थल की साफ-सफाई व विशेष सजावट की मांग की। मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में विशेष सजावट के साथ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को आवश्यक बताया। पालिकाध्यक्ष ने प्रभावी व सकारात्मक कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया।

### तीन दिवसीय योग शिविर का समापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** आर्ट ऑफलिविंग की ओर से बच्चों का तीन दिवसीय मेगा योगा शिविर का मावल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में समापन किया गया। कोडिनेटर व योग शिक्षिका संगीता अग्रवाल नई प्रक्रियाओं की जानकारी दी। प्रधानाचार्य अशोक अग्रवाल ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शिक्षिका श्रीमती ममता अग्रवाल, चन्दा जोशी, रश्मि गंगवानी, लीला देवी, लता खत्री, रिंकू, राजलक्ष्मी, तृप्ती बैरवा, पेपसिह मीणा, संजय झवेरी, विकास चन्द्र, सन्तोष कुमार, भरत कुमार, ओमप्रकाश, मनोज शर्मा, रमेश पुरोहित, महेश मीणा, जतिन त्रिवेदी, वि' म पुरोहित का सहयोग रहा।

### माधव विवि के विज्ञान संकाय का शैक्षिक भ्रमण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि के विज्ञान संकाय की ओर से शुक्रवार को एक दिवसीय एक विशेष शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत विद्यार्थी उदयपुर का दौरा कर वहां सोलार प्रयोगशाला सहित विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं और अनुसंधान केंद्रों का अवलोकन करेंगे। इस दौरान उन्हें संबंधित विशेषज्ञों द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएगी। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. जिगर सोनी ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके रचनात्मक और शोधपरक दृष्टिकोण को भी विकसित करने में सहायक होते हैं। संकाय से प्रोफेसर डॉ ममता सोनी, डॉ भाविन सोनी व डां रोहिताश कुमार सहित संकाय के छात्र छात्रा मौजूद रहेंगे।

# 'त्योहारों पर सदभाव एवं सौहार्द की परंपरा कायम रखने की जरूरत'

## जिला कलक्टर ने ली जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** कलेक्ट्रेट में गुरुवार को जिला कलक्टर अल्पा चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी धार्मिक त्यौहारों, पर्व होली, धुलण्डी, चेटीचण्ड, शीतला सप्तमी एवं ईद (मीठी) आदित्योहारों एवं मैलों के दौरान सभी समुदाय के बीच आपसी सद्भाव, सोहार्द व भाई-चारा कायम रखते हुए पर्व मनाने पर चर्चा की गई। ताकि जिलेमें कानून एवं शांति व्यवस्था बनी रहे। जिला कलक्टर सिरोही द्वारा आगामी धार्मिक पर्वों के दौरान सभी सीएलजी सदस्यों को आपसी समन्वय व सहयोग करने की अपील की गई। आवारा पशुओं के लिए नगर परिषद की टीम लगाने सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीएम दिनेश कुमार सापेला, तहसीलदार, कोतवाल दलपतसिंह समेत शांति समिति सदस्य उपस्थित रहे।





**मंडार।** थाना परिसर में गुरुवार शाम को उपखंड अधिकारी सुबोधसिंह चारण, उप अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, मंडार थानाधिकारी रविन्द्रपालसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में होली व माहे रमजान पर्व को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक आज आयोजित की गई। उप अधीक्षक गुप्ता ने बताया कि 12 मार्च से होली का पर्व शुरू हो रहा है। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। शराब पीकर वाहन न चलाने और उत्पात न करने पर जोर दिया गया। सड़क पर रास्ता रोकने की तुरंत पुलिस को शिकायत करने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी राजपुरोहित ने बताया की बाहर से आने वाले लोगों पर पहनी नजर रखने के लिए सभी दुकान मालिक अपने प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरे लगाए। ताकि किसी भी घटना को तुरंत रोका जाए। होली के पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने ओर किसी भी तरह का हुड़दंग करने वाले लोगो की समय पर पुलिस को सुचना देवे साथ ही शराब पीकर वाहन ओर बाइक नहीं चलाए क्योंकि आए दिन हादसे हो रहे। साथ ही इस माह मुस्लिम समाज का पवित्र माह रमजान भी चल रहा है इस लिए सभी त्योहार प्रेम भाव के साथ मनाए। इब्राहिम खान भाटी, कांतिलाल माली,राव डुंगरसिंह, नानाजी देवासी, भलाराम चौधरी, जवानमल माली, दिपक कुमार, बलवंतसिंह हुम्बड, रमेश जोशी, फौजाराम रावल, अयूब खान, मफाराम राणा, धनाराम पटेल,राहुल माली, मुकेश प्रजापत, प्रकाश माली, विक्रमसिंह, जयेश माली, नायरण जोशी सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए तीन जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर्व पर अतिरिक्त यातायात को ध्यान में रखते हुए तीन जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 04825 जोधपुर-बान्द्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल 10 से 24 मार्च तक तीन ट्रीप जोधपुर से प्रत्येक सोमवार को 17 बजे रवाना होकर मंगलवार को 9:30 मीनट पर बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04826 बान्द्रा टर्मिनस-जोधपुर सुपरफास्ट स्पेशल 11 से 25 तक 3 ट्रिप बान्द्रा टर्मिनस से प्रत्येक मंगलवार को 11:15 मीनट पर रवाना होकर बुधवार को 4 बजे जोधपुर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में लूनी, पाली मारवाड, मारवाड जं., रानी, फालना, जवाईबांध, पिंडवाडा, आबूरोड, पालनपुर, महेसाना, साबरमती, वडोदरा, भरूच, उधना, वापी व बोरीवली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाडी संख्या 04827 भगत की कोठी (जोधपुर)- बान्द्रा टर्मिनस स्पेशल 8 से 29 मार्च तक 04 ट्रिप भगत की कोठी से प्रत्येक शनिवार को 11:30 मीनट पर रवाना होकर रविवार को 7:25 मीनट पर बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04828 बान्द्रा टर्मिनस-भगत की कोठी (जोधपुर) स्पेशल 9 से 30 मार्च तक (04 ट्रिप) बान्द्रा टर्मिनस से प्रत्येक रविवार को 10:30 मीनट पर रवाना होकर सोमवार को 4.30 मीनट पर भगत की कोठी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में लूनी, पाली मारवाड, मारवाड, रानी, फालना, जवाईबांध, पिंडवाडा, आबूरोड, पालनपुर, महेसाना, साबरमती, वडोदरा, भरूच, उधना, वापी व बोरीवली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाडी संख्या 04821 भगत की कोठी जोधपुर हरिद्वार स्पेशल 10 से 31 मार्च तक (04 ट्रिप) भगत की कोठी से प्रत्येक सोमवार को 8.30 मीनट पर रवाना होकर मंगलवार को 4.15 मीनट पर हरिद्वार पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04822 हरिद्वार-भगत की कोठी (जोधपुर) स्पेशल 11 मार्च से 1 अप्रेल तक (04 ट्रिप) हरिद्वार से प्रत्येक मंगलवार को 05.15 मीनट पर रवाना होकर 23.55 मीनट पर भगत की कोठी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में जोधपुर, गोटन, मेडता रोड, डेगाना, छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ, रतनगढ, चूरू, सादुलपुर, हिसार, जाखल, सुनाम उधमसिंह वाला, धुरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला, सहारनपुर व रूडकी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## मोटर चोरी का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने चंद्रावती के कृषि कुंए से हुई मोटर चोरी की वारदात का पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। रीको पुलिस के अनुसार गत 19 फरवरी की रात में चंद्रावती के सोहनलाल माली के कृषि कुंए से बोरिंग में लगी सबमर्सिबल मोटर चोरी हो गई थी। मामले में अनुसंधान के बाद निचला भैंसासिंह निवासी शंकरलाल पुत्र मेला गरासिया, अशोक कुमार पुत्र हकमा गरासिया, हिमताराम पुत्र बदाराम गरासिया व मोहनलाल पुत्र अर्जुनराम को गिरफ्तार किया गया।

## एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण के बेहतर अवसरों का लाभ देने के लिए शुक्रवार को जिला रोजगार कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी रोजगार अधिकारी राजू सिंह ने दी।

## मंदिर के पास मिला युवक का शव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मानपुर में चमत्कारी हनुमान मंदिर के आगे खेतलाजी मंदिर के पास सड़क किनारे युवक का शव पड़ा होने से सनसनी फैल गई। सूचना पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। मानपुर चौराहे से पहले खेतलाजी मंदिर के पास युवक का शव पड़ा होने की सूचना पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान के प्रयास किए गएञ जिसके चलते मृतक की पहचान तमिलनाडु के अधीपुर निवासी सेडयन मसानन के रूप में हुई। पुलिस में मृतक के परिजनों को सूचना दी। शव को मोर्चरी में रखवाया। मृतक के परिजनों के पहुंचने पर आवश्यक कार्वाई को अंजाम दिया जाएगा।

## मेघावी छात्रा का किया सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** मोही के सविता इंटरनेशनल स्कूल नांदोली की कक्षा 8वीं की छात्रा दिव्यांशी सेन ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में संपूर्ण राजसमंद जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस पर जिला मुख्यालय पर उसका सम्मान किया गया। इस दौरान प्रसिद्ध शिक्षाविद् राकेश तैलंग, समाजसेवी राजकुमार दक, गायत्री परिवार के प्रांत समन्वयक घनश्याम पालीवाल, मुख्य ट्रस्टी भंवर लाल पालीवाल आदि उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश चंद्र पूर्बिया ने दिव्यांशी सेन का सम्मान किया।

## आज से चलेगा विशेष सफाई अभियान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** नगर परिषद सिरोही में आगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रशासन अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला के निर्देश पर शुक्रवार से 28 मार्च तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत 7 से 11 मार्च को शहर के विशेष गंदगी वाले क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। 12 को आयुक्त निरीक्षण करेंगे। 13 से 17 मार्च को शहर के मुख्य नाले नालियों की सफाई का अभियान चलाया जाएगा। 18 को आयुक्त निरीक्षण करेंगे। 19 से 23 मार्च तक शहर के समस्त चैराहों/पार्क/स्मारकों/बावडियों/परिसरों/ हेरिटेज स्थलों की सफाई होगी। 24 मार्च को प्रशासक द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। 25 से 27 मार्च तक प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना की जाएगी। 28 को सफाई के सम्बन्ध में प्रशासक की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन होगा। वहीं बेहतरीन कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मान किया जाएगा। इसके लिए आयुक्त को नोडल अधिकारी, राजस्व अधिकारियों को जोन वाइज नोडल अधिकारी तथा विभिन्न कार्मिकों को वार्ड वाइज प्रभारी बनाया गया है।

## नाथद्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और अल्ट्राटेक सीमेंट में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को लेकर करार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** उपली ओडन स्थित नाथद्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के सहयोग से टिकाऊ निर्माण प्रथाओं और सामग्रियों के लिए अपनी तरह का पहला उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया। जो सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों, अभ्यासरत इंजीनियरों और पैरा सिविल इंजीनियर्स को हरित और नवीन निर्माण सामग्री का उपयोग करके टिकाऊ अच्छे निर्माण प्रथाओं के लिए प्रशिक्षित करने के लिए उन्मुख है। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एंड जोनल हेड टेक्निकल सर्विसेज राहुल गोयल और रीजनल हेड एंड कस्टमर सर्विसेज अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड मनीष गर्ग तथा



नाथद्वारा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस निदेशक दीपेश पारीख मौजूद रहे। निदेशक दीपेश पारीख ने इस केंद्र के माध्यम से कई प्रशिक्षण और रोजगारपरक गतिविधिया शुरू करने का आश्वासन दिया। राहुल गोयल ने कहा कि इस उत्कृष्टता केंद्र के माध्यम से कई कैलेंडर गतिविधिया और संकाय विकास कार्य म भी चलाए जाऐंगे। जिससे आने वाले समय में कंपनी के अनुरूप इंजीनियर्स तैयार हो। इस सहयोग का उद्देश्य सामूहिक रूप से संकाय और छात्रों को नवीन निर्माण सामग्री और उद्योग आधारित परियोजनाओं पर कई प्रशिक्षण कार्य म प्रदान करना है। जो कि सकारात्मक दिशा में हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। साथ ही यह सहयोग पर्यावरण अनुकूल निर्माण सामग्री में अभूतपूर्व अनुसंधान एवं विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। इस अवसर पर कॉलेज ने अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के साथ एक समझौता करार पर भी हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में डॉ कपिल पारीख, सिविल विभाग के डॉ विशाल मगनानी और अल्ट्राटेक सीमेंट के पदाधिकारी सहित व्याख्याता और विद्यार्थी मौजूद थे। संचालन कोमल पालीवाल ने किया।

# आईफा के लिए बॉलीवुड सितारों का जयपुर पहुंचना शुरू

## माधुरी दीक्षित करेंगी शूटिंग, नोरा फतेही जेईसीसी में सेट पर डांस रिहर्सल करेंगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** भारतीय सिनेमा के अवॉर्ड शो इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स (आईफा) इस साल अपनी सिल्वर जुबली जयपुर में 8 मार्च और 9 मार्च 2025 को मना रहा है। इस साल की थीम 'सिल्वर इज द न्यू गोल्ड' रखी गई है। इसमें शामिल होने के लिए बॉलीवुड सितारों का जयपुर पहुंचना शुरू हो गया है। अलग-अलग फ्लाइट में नामचीन सेलिब्रिटी पिंकसिटी पहुंच रहे हैं। एक्टर अपारशक्ति खुराना जयपुर पहुंच चुके हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित, नोरा फतेही, नुशरत भरूचा भी आज आएंगे।

जयपुर एयरपोर्ट से सभी स्टार्स मानसरोवर स्थित होटल इंटरकॉन्टिनेंटल के लिए रवाना हुए। जानकारी के मुताबिक माधुरी दीक्षित हयात में शूटिंग का हिस्सा बनेंगी। वहीं, नोरा फतेही जेईसीसी में होने वाले अवॉर्ड शो के सेट पर डांस रिहर्सल करेंगी।

अभिषेक बनर्जी, अपारशक्ति खुराना, विजय वर्मा आठ मार्च को होने वाले डिजिटल अवॉर्ड्स को होस्ट करेंगे, इसके लिए वे भी सेट पर रिहर्सल करने के लिए जेईसीसी पहुंचे। इसके अलावा उनका जयपुर में अलग-अलग लोकेशन पर शूटिंग का भी प्लान है। अपराशक्ति खुराना ने कहा कि हम आज इस जगह प्रेक्टिस कर रहे हैं, यहां पर 15 हजार लोग आएंगे। यह हमारे लिए भी खास अनुभव होने वाला है।









### 8 मार्च को डिजिटल अवॉर्ड, 9 मार्च को मुख्य आईफा अवॉर्ड

8 मार्च को जयपुर के जयपुर एग्जीबिशन सेंटर और कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आईफा डिजिटल अवॉर्ड्स होंगे। इनमें डिजिटल और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के योगदान को सम्मानित किया जाएगा। 9 मार्च को आईफा अवॉर्ड्स का ग्रैंड फिनाले, जिसमें भारतीय सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ कार्यों और कलाकारों को प्रतिष्ठित आईफा अवॉर्ड्स से नवाजा जाएगा।

### 7 मार्च को माधुरी का होगा टॉक शो

आईफा की ओर से 7 मार्च को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को समर्पित 'द जर्नी ऑफ वीमेन इन सिनेमा' नामक एक खास संवाद सत्र होगा। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड की दिग्गज अदाकारा माधुरी दीक्षित और ऑस्कर विजेता निर्माता गुनीत मोंगा एक साथ मंच साझा करेंगी। इस संवाद का संचालन आईआईएफ की वाइस प्रेसिडेंट नूरीन खान करेंगी। यह आयोजन 7 मार्च को रात 8.30 बजे जयपुर के हयात रीजेंसी मानसरोवर में होगा। इसमें फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के योगदान, उनके संघर्ष, चुनौतियों और उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी।

---

राज्यपाल ने जोधपुर में ली जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक

# समर्पण एवं समन्वय से दर्शाएं तरक्की का सुनहरा स्वरूप: राज्यपाल

## केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा कर अधिक से अधिक लोगों को लाभांवित करने का किया आह्वान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने क्षेत्रीय विकास एवं सामुदायिक उत्थान की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों को जरूरतमन्दों तक पहुंचाकर खुशहाली लाने के लिए समर्पित होकर प्रयास करने का आह्वान किया है। राज्यपाल बागडे ने गुरुवार को जोधपुर में मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जिलास्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह आह्वान किया। बैठक में पीपीटी के माध्यम से जिले में संचालित केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी गई।

राज्यपाल ने इस अवसर पर केन्द्र और राज्य प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति एवं प्राप्त उपलब्धियों, भौगोलिक परिस्थितियों एवं संसाधनों की कमी से प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक आर्थिक स्तर में सुधार हेतु योजना एवं कार्यक्रम, स्थानीय नागारिकों के पलायन को रोके जाने के लिए किये जा रहे प्रयास तथा हिन्दू विस्थापितों की स्थिति एवं सुरक्षा पर्यवेक्षण सहित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की और सम सामयिक हालातों पर जानकारी ली।

राज्यपाल ने इस दौरान विभिन्न योजनाओं विशेषकर महात्मा गांधी नरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्वामित्व योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (जल ग्रहण घटक), पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) आदि की समीक्षा करते इनसे अधिकाधिक लोगों को लाभांवित किए जाने पर जोर दिया।

उन्होंने सॉयल हैल्थ कार्ड योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, उद्यान विभाग की योजनाओं नेशनल हैल्थ मिशन, यूनिसर्वल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम (यूआईपी), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री खनन क्षेत्र कल्याण योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना/जीवन ज्योति बीमा योजना, ई-नाम परियोजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित विभिन्न केन्द्र व राज्य प्रायोजित योजनाओं की बिन्दुवार विस्तार से समीक्षा की और इनमें लक्ष्यों की समय पर प्राप्ति के निर्देश दिए।

---

# अटल विहार योजनाः आवंटन सहमांग पत्र किए जारी

## दो दिवसीय शिविर का किया आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अटल विहार आवासीय योजना के सफल आवंटियों के दस्तावेजों का परीक्षण कर 6 मार्च, 2025 को जेडीए के नागरिक सेवा केन्द्र में शिविर का आयोजन कर आवंटन सहमांगपत्र जारी किये गये। यह शिविर 7 मार्च, 2025 को भी जारी रहेगा।

जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि अटल विहार आवासीय योजना की लॉटरी 14 फरवरी, 2025 को निकाली गई थी। जिसमें सफल आवंटियों को आवंटन सहमांगपत्र जारी किये जाने हेतु दो दिवसीय शिविर प्रातः 10.00 बजे से नागरिक सेवा केन्द्र के हॉल में शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस हेतु 6 मार्च, 2025 को जेडीए के नागरिक सेवा केन्द्र में शिविर को आयोजन किया गया, जिसमें सफल आवंटियों को आवंटन सह मांग पत्र जारी किये गये। उक्त शिविर 7 मार्च, 2025 को भी निरंतर जारी रहेगा।

सफल आवंटी जेडीए वेबसाईट पर दस्तावेज ऑनलाईन (स्वयं/ई-मित्र के माध्यम से) अपलोड करने के उपरांत ही जविप्रा परिसर में आयोजित शिविर में मूल दस्तावेज परीक्षण हेतु प्रस्तुत करें। इसके पश्चात जेडीए द्वारा आयोजित शिविर में आवंटन सहमांग पत्र जारी किये जावेगें। योजना अटल विहार के समस्त सफल आवंटी आवेदन फॉर्म में अंकित विवरण अनुसार उक्त दिनांक को समस्त मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें।

---

# जयपुर में जुआ खेलते पकड़े 44 लोगों की परेड निकाली

**जयपुर।** जयपुर में पुलिस ने जुआ खेलते 44 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें जुआ खेलने के लिए घर देने वाले बबलू गन्या उर्फ फिरोज को भी गिरफ्तार किया गया है। जो 2 हजार रुपए लेकर घर जुआ खेलने के लिए देता था। इन 44 जुआरियों के पास से पुलिस को 48 लाख 80 हजार रुपए बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान दो आरोपी छत से नीचे कूद गए। दोनों के पैरों में फ्रैक्चर हो गया। गुरुवार को सभी की पुलिस नाहरगढ़ थाने से संजय सर्किल तक परेड निकाली।

एडिशनल डीसीपी वेस्ट बजरंग सिंह ने बताया- नाहरगढ़ थाना इलाके में नामी जुआघर चलाने वाले गन्या समेत 44 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गन्या ने पुलिस रेड से बचने के लिए पूरी गली और घर के आसपास के इलाके को सीसीटीवी लगा रखे थे। बगरू वालों व उनियारों के रास्ते के बीच में स्थित गन्या बाहर से ग्राहक बुलाकर जुआ खिलाने का काम करता है। निगरानी के लिए कुछ लोग गली के आसपास रखता है। देर रात को जुआघर शुरू करता है।

---

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

*बर्लिन आइटीबी में किया सम्मानित, सेशेल्स के पूर्व पर्यटन मंत्री, डॉ. एलन सेंटएन्ज ने किया सम्मानित*

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** पेसिफिक एशिया ट्रैवल राइटर्स एसोसिएशन ने राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए सराहनीय कार्यों के लिए उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी को वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया है। उन्हें यह सम्मान आईटीबी बर्लिन, जर्मनी में सेशेल्स के पूर्व पर्यटन मंत्री, डॉ. एलन सेंटएन्ज द्वारा दिया गया। उप मुख्यमंत्री की ओर से पर्यटन विभाग के अधिकारी, अपर निदेशक आनंद त्रिपाठी, उप निदेशक पर्यटन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया।



उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही है। राज्य सरकार, केंद्र सरकार के साथ मिलकर राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर काम कर रही है। राजस्थान के पर्यटन विभाग द्वारा देश और दुनिया के विभिन्न पर्यटन मंचों पर राजस्थान के पर्यटन की ब्रांडिंग हो रही है। इसी के तहत पेसिफिक एरिया ट्रैवल राइटर्स संगठन (पटवा) ने राजस्थान ने को यह सम्मान प्रदान किया है।

---

# राजस्थान के 15 जिलों में उत्तरी हवाओं से लुढ़का पारा

**जयपुर।** उत्तर भारत से चल रही सर्द हवाओं से राजस्थान में रात में पारा कई शहरों में गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया। इससे इन शहरों में एक बार फिर सुबह-शाम की सर्दी तेज हो गई। दिन में आसमान साफ और तेज धूप रहने से लोगों को सर्दी से राहत रही। सुबह-शाम की तेज सर्द हवाओं का दौर आज भी जारी रहेगा। 7 मार्च से उत्तरी हवाएं कमजोर होने लगेगी और तापमान फिर से बढ़ने लगेगा।

पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम देखे तो कल पूरे दिन आसमान साफ रहा और दिनभर सर्द हवाएं राजस्थान के कई शहरों में चली। इससे पहले पाली, झुंझुनूं, दौसा, माउंट आबू, करौली, फतेहपुर, सिरोही, हनुमानगढ़, बारां, नागौर, चूरू, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, सीकर, टोंक और भीलवाड़ा में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। कल सबसे कम तापमान सीकर के पास फतेहपुर में 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सुबह-शाम सर्द हवाएं चलने और तापमान गिरने से बढ़ी सर्दी से लोगों को दिन में राहत रही। दिन में कल राज्य के सभी शहरों में आसमान साफ रहा और तेज धूप निकली। बाड़मेर, जैसलमेर, डूंगरपुर में कल अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ।

---

# जिला कलक्टर ने किया किसान रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में पंजीयन करवाकर रोजाना हजारों किसान 11 अंकों की विशिष्ट पहचान हासिल कर रहे हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को किसान रजिस्ट्री शिविर में प्रत्येक किसान का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गुरुवार को किसान रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण किया।

चाकसू के छांदेलकलां में आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर के औचक निरीक्षण के दौरान शिविर में माकूल व्यवस्था एवं आवश्यक इंतजाम नहीं होने पर जिला कलक्टर ने सख्त नाराजगी जाहिर की। जिसके बाद जिला कलक्टर के निर्देशानुसार राजकार्य में लापरवाही बरतने वाले चांदेलकलां शिविर में नियोजित संबंधित पटवारी, ग्राम विकास

### किसान रजिस्ट्री शिविर में लापरवाही बरतने वाले तीन कार्मिकों को किया निलंबित



अधिकारी एवं कृषि परिवेक्षक को निलंबित कर दिया। तहसीलदार चाकसू एवं नायब तहसीलदार चाकसू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं, छांदेलकलां में शिविर प्रभारी भू अभिलेख लेख निरीक्षक को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट जारी की गई है। वहीं, जिला कलक्टर ने बस्सी के ग्राम पंचायत दुधली में आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने रजिस्ट्री काउंटर सहित सभी विभागों के काउंटर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया। जिला कलक्टर ने इस दौरान शिविर में मौजूद आमजन से संवाद भी किया और सभी किसानों से शिविर में पंजीयन करवाने एवं विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

जयपुर जिले में आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशुपालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जा रहा है।

एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जयपुर में किसान रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 31 मार्च 2025 तक प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की विशिष्ट किसान आईडी बनाई जा रही है। गौरतलब है कि शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिला स्तरीय हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। अपनी ग्राम पंचायत में शिविर के आयोजन सहित अन्य जानकारियां हासिल करने के लिए आमजन एवं किसान दूरभाष नंबर 0141-2209905, 0141-2209906 पर संपर्क कर सकते हैं।

---

# राजस्व मंडल में पदोन्नति से 17 कार्मिक बने अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्व मंडल में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में 17 सहायक प्रशासनिक अधिकारियों को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति की गई है । पदोन्नत कार्मिकों में दिनेश वैष्णव, गोपाल सिंह, नरेश रावत, विजय प्रजापत, राजेश कुमार गुर्जर, हवा सिंह जाट, नर्बदा वैष्णव, अजय गुर्जर, पंकज कुमार, नीलू मोदियानी, विकास खरींटा, भंवर सिंह भाटी, दीपक सिंह, मनोहर लाल, गुरमीत सिंह लबाना, मेहराम व गिरिजेश कुमार वर्मा शामिल हैं। सभी नव पदोन्नत कार्मिकों को उनके वर्तमान पदस्थापन स्थान पर ही उपस्थिति देने के निर्देश दिये गए हैं। उनके पदस्थापन आदेश अलग से जारी किये जायेंगे।

---

भारत के टैक्सपेयर्स के पास विदेशी संपत्ति

# 30,161 टैक्सपेयर्स, 29,000 करोड़ की विदेशी संपत्ति

## 1,089.88 करोड़ की अतिरिक्त विदेशी इनकम की घोषणा




**नई दिल्ली।** भारत ने हाल ही में अपने टैक्सपेयर्स को विदेशी संपत्ति और अपने इनकम की घोषणा करने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया था। इस अभियान के तहत, 30,161 टैक्सपेयर्स ने 29,208 करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी संपत्ति और 1,089.88 करोड़ रुपए की अतिरिक्त विदेशी इनकम की घोषणा की है। यह अभियान सीबीडीटी (केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड) द्वारा चलाया गया था, जिसका उद्देश्य टैक्सपेयर्स को विदेशी संपत्ति और इनकम की सही घोषणा करने के लिए प्रेरित करना था। भारत ने कॉमन रिपोर्टिंग स्टैंडर्ड (सीआरएस) के तहत 2018 से ही विदेशी खातों और इनकम से जुड़ी जानकारी प्राप्त करना शुरू कर दिया था। इसके तहत, 125 से अधिक देशों ने अपने यहां के अकाउंट होल्डर्स की वित्तीय जानकारी भारत के साथ साझा की है। इसी तरह, अमेरिका के साथ भी एफएटीसीए (फॉरेन एकाउंट्स टैक्स कॉम्प्लॉयंस एक्ट) के तहत जानकारी साझा की जाती है। सितंबर 2024 में, भारत ने 108 देशों से विदेशी खातों और इनकम से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। इस डेटा का इस्तेमाल करते हुए, सीबीडीटी ने 17 नवंबर 2024 को एक कम्प्ला-कम-अवेयरनेस कैंपेन शुरू की। इस अभियान का उद्देश्य टैक्सपेयर्स को उनकी विदेशी संपत्ति और इनकम की सही घोषणा करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.